ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 24 मई 2024
वर्ष 34, अंक 117, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



वैज्ञानिकों ने खोज निकाले जुड़वा क्षुद्रग्रह 16
भूल भुलैया 3 में काम करेंगे विजय राज 15









# प्रधानमंत्री के साथ यह देश के भविष्य का भी चुनाव : मोदी

## प्रधानमंत्री ने हरियाणा में की चुनावी रैली, विपक्ष को सांप्रदायिक-जातिवादी बताया

महेंद्रगढ़ (हरियाणा), एजेंसी

- विपक्ष पर तंज, गाय के दूध देने से पहले घी को कर रहे झगड़ा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि ये चुनाव देश का प्रधानमंत्री चुनने का है, लेकिन आप केवल प्रधानमंत्री नहीं चुनेंगे बल्कि देश के भविष्य का भी चुनाव करेंगे। दावा किया कि इंडिया गठबंधन अगले पांच साल में पांच प्रधानमंत्री की बात कर रहा है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि गाय के दूध देने से पहले ही उसके घटक दलों में 'घी' को लेकर लड़ाई शुरू हो गई है।

सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार खत्म होने से कुछ घंटे पहले मोदी ने हरियाणा के महेंद्रगढ़ में एक रैली में कहा कि जब तक वह जीवित हैं, दलितों-आदिवासियों का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि ये चुनाव देश का प्रधानमंत्री चुनने का चुनाव है।


महेंद्रगढ़ में चुनावी जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री को भेंट की गई गदा। ● एजेंसी

लेकिन आप सिर्फ प्रधानमंत्री नहीं चुनेंगे, बल्कि देश का भविष्य भी चुनेंगे। एक ओर आपका जांचा-परखा सेवक मोदी है। वहीं दूसरी ओर कौन है, इसका अता-पता ही नहीं है। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम सहित कुछ अन्य विपक्षी दल शामिल हैं। मोदी ने 'इंडिया' गठबंधन को घोर सांप्रदायिक, जातिवादी और परिवारवादी करार देते हुए कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तो उसने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण नहीं होने दिया। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि इंडी अलायंस वालों का हाल तो ऐसा है कि गाय ने दूध दिया नहीं, लेकिन घी खाने के लिए इंडी वालों में झगड़ा शुरू हो गया। अब ये लोग कह रहे हैं कि हर साल एक आदमी भारत का प्रधानमंत्री बनेगा। 5 साल, 5 पीएम! आप मुझे बताइए, ऐसे देश चलेगा क्या? ये लोग देश को फिर से गड्ढे में धकेलना चाहते हैं।

### हरियाणा का विकास नहीं रुकने देंगे, यह मोदी की गारंटी

हरियाणा की 10 लोकसभा सीटों के लिए 25 मई को मतदान होगा। नब्बे के दशक के मध्य में राज्य में भाजपा के लिए काम करने के अपने दिनों को याद करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हरियाणा ने मुझ पर बहुत प्यार बरसाया है, मेरे आपके साथ गहरे संबंध हैं। भिवानी–महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार धर्मबीर सिंह के पक्ष में प्रचार करते हुए उन्होंने कहा, यह मेरी गारंटी है कि हम हरियाणा का विकास नहीं रुकने देंगे। मोदी ने यह भी कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने कांग्रेस के पापों को धोने के लिए कड़ी मेहनत की है।

## एक नजर

### राज्यपाल के खिलाफ ईसी में शिकायत

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पश्चिम बंगाल के राज्यपल सीवी आनंद बोस के खिलाफ गुरुवार को निर्वाचन आयोग (ईसी) में शिकायत दर्ज कराई। आरोप लगाया कि बोस ने कोलकाता में एक कार्यक्रम में भाजपा के चिह्न वाला एक बिल्ला लगाकर पार्टी के लिए प्रचार किया।

### सलमान ने याचिका से नाम हटाने को कहा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने मुंबई में अपने आवास पर हुई फायरिंग मामले से जुड़े घटनाक्रम में एक आरोपी की हिरासत में मौत की सीबीआई से जांच कराने की मांग से संबंधित याचिका में अपना नाम हटाने का आग्रह किया है।

## छत्तीसगढ़ में मार गिराए 7 नक्सली

- मुठभेड़ के बाद हथियार भी बरामद

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर और बीजापुर जिले की सीमा में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में सात नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि नारायणपुर-बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के प्लाटून नंबर-16 और इंद्रावती एरिया कमेटी के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा तथा बस्तर जिले के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था। दल गुरुवार सुबह 11 बजे जब क्षेत्र में था तो नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। देर तक चल मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से सात नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए। कई नक्सलियों के घायल होने का अंदेशा है। इस घटना के साथ ही इस साल राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में 112 नक्सली मारे जा चुके हैं। 10 मई को बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए थे।

# सांसद की हत्या को दोस्त ने दी थी सुपारी

कोलकाता, एजेंसी

- बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम की हत्या का राजफाश
- सीआईडी ने कहा-पांच करोड़ रुपये दिए गए थे

बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उनके एक दोस्त ने उनकी (सांसद) हत्या के लिए लगभग पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी।



बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने बुधवार को कहा था कि 13 मई से कोलकाता में लापता अनार की हत्या हुई है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम बंगाल पुलिस ने कहा था कि मामले की जांच राज्य सीआईडी कर रही है। अधिकारी ने बताया कि यह एक सुनियोजित हत्या थी। सांसद के एक पुराने मित्र ने उन्हें मारने के लिए भारी रकम (लगभग पांच करोड़ रुपये) का भुगतान किया था।

उन्होंने कहा कि अवामी लीग के सांसद का दोस्त अमेरिकी नागरिक है और उसके पास कोलकाता में एक फ्लैट है। सीआईडी के आईजी अखिलेश चतुर्वेदी ने बुधवार को कहा था कि पुलिस के पास विश्वसनीय इनपुट थे कि अनार की संभवत हत्या कर दी गई है लेकिन अभी तक उनका शव बरामद नहीं हुआ है। यह पूछे जाने पर कि क्या पुलिस को कोलकाता के बाहरी इलाके के न्यू टाउन में स्थित अपार्टमेंट (जहां सांसद के 13 मई को वहां आखिरी बार मौजूद होने का पता चला था) में खून के धब्बे मिले हैं, चतुर्वेदी ने कहा कि हमारी फॉरेंसिक टीम संदिग्ध अपराध स्थल की जांच कर रही है। इस बारे में कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगी।

लापता सांसद कथित तौर पर इलाज कराने के लिए 12 मई को कोलकाता पहुंचे थे। उनकी तलाश छह दिन बाद तब शुरू हुई जब उत्तरी कोलकाता के बारानगर के निवासी और बांग्लादेशी राजनेता के परिचित गोपाल विश्वास ने 18 मई को स्थानीय पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। अनार यहां आने के बाद बिस्वास के घर पर रुके थे।

## 1200 अंक चढ़ा सेंसेक्स निफ्टी 23000 के करीब

मुंबई/नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से रिकॉर्ड लाभांश भुगतान की मंजूरी दिए जाने के बीच गुरुवार को बैंक, पेट्रोलियम एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में जबर्दस्त लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही सूचकांकों ने 1.6 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई और नए रिकॉर्ड के साथ बंद हुए। बीएसई के 30 शेयरों वाले सूचकांक सेंसेक्स ने 29 जनवरी के बाद की सबसे ऊंची छलांग लगाई और 1,196.98 अंक के लाभ के साथ यह 75,418.04 अंक के अपने अबतक के सबसे ऊंचे मुकाम पर बंद हुआ। एनएसई के निफ्टी ने भी नया रिकॉर्ड बनाया।

# विनायक समूह की कई फर्मों पर आयकर विभाग का छापा

संवाददाता, रुद्रपुर

- लखनऊ इनकम टैक्स की टीम ने शहर में डाला डेरा, नारंग फर्नीचर, विनायक प्लाई में की जा रही छानबीन

अमृत विचार : आयकर चोरी की आशंका के चलते लखनऊ इनकम टैक्स विभाग की टीम ने शहर में विनायक ग्रुप की कई फर्मों पर छापेमारी कर दस्तावेज जब्त किए। आवास पर भी कई परिजनों को नजरबंद कर पूछताछ की जा रही है।

गुरुवार को सुबह दस बजे लखनऊ से आई इनकम टैक्स विभाग की टीमें भारी पुलिस बल के साथ शहर पहुंचीं। टीमों ने गल्ला मंडी स्थित नारंग फर्नीचर मार्ट और विनायक प्लाई सहित कई फर्मों पर एक साथ छापामार कार्रवाई की। गल्ला मंडी में डिप्टी कमिश्नर टीएस पंचपाल, आईटीओ दीपक सिंह व मुकेश सिंह ने मार्ट में घुसते ही वहां रखे दस्तावेज जब्त कर लिए। छह अलग-अलग टीमों ने विनायक ग्रुप की फर्म एवं उनके संचालकों के आवासों पर भी दबिश दी। इनकम टैक्स विभाग की कार्रवाई की खबर पर व्यापारी नेताओं, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का तांता लग गया और हर कोई टीम से मिलने की कोशिश करता रहा। टीम ने कई घंटों तक पूछताछ की और जब फर्म स्वामी नहीं पहुंचे तो टीमों ने फर्म, दुकान और आवास पर ही डेरा डाल दिया। खबर लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी। आयकर विभाग की टीमों ने उप्र में भी कई स्थानों पर छापेमारी की है। टीमों ने हरदोई, शाहजहांपुर, बहेड़ी, रामनगर आदि में भी जांच की।

## यात्री की तबीयत बिगड़ने पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, इलाज के दौरान मौत

लखनऊ। जलपाईगुड़ी से अपना इलाज कराने दिल्ली जा रहे एक यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ने पर विमान की लखनऊ एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। बाद में यात्री को कृष्णा नगर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में उनकी मौत का कारण हार्ट अटैक ही बताया जा रहा। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी निवासी टिपन डे (42) अपने भाई रिपन डे के साथ गुरुवार को जलपाईगुड़ी से इंडिगो एयरलाइंस विमान से अपना इलाज कराने दिल्ली जा रहे थे। हवाई यात्रा के ही दौरान टिपन की हालत बिगड़ गई। मामला गंभीर होते देख पायलट ने लखनऊ एयरपोर्ट के एटीसी से संपर्क कर विमान को चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर उतारने की अनुमति मांगी। पूर्वान्ह करीब 11:30 बजे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसके बाद एंबुलेंस से कृष्णा नगर स्थित एक निजी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान टिपन की मौत हो गई।

# काम्या कार्तिकेयन एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बनीं

नई दिल्ली/जमशेदपुर, एजेंसी

- 16 साल की उम्र में हासिल की यह उपलब्धि
- पिता के साथ 20 मई को एवरेस्ट पर पहुंचीं

काम्या कार्तिकेयन नेपाल की ओर से दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बन गई हैं। उन्होंने यह उपलब्धि 16 साल की उम्र में हासिल की।

जमशेदपुर स्थित टाटा स्टील एड्वेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस पर्वतारोहण में सहयोग करने वाले टीएसएएफ के एक अधिकारी ने बताया कि काम्या ने अपने पिता एवं भारतीय नौसेना के कमांडर एस. कार्तिकेयन के साथ एवरेस्ट की चोटी



को फतह किया। उन्होंने बताया कि पिता और पुत्री 20 मई को एवरेस्ट की 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे। नौसेना अधिकारी की बेटी काम्या मुंबई के 'नौसेना बाल विद्यालय' में 12वीं कक्षा की छात्रा हैं। नौसेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि इस सफलता के साथ ही काम्या दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ाई करने वाली दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की लड़की और नेपाल की ओर से एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे कम उम्र की पहली भारतीय पर्वतारोही बन गई है। भारतीय नौसेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर काम्या की तस्वीरें साझा की।

# कांग्रेस ने कहा- निर्वाचन आयोग का सत्तापक्ष की ओर झुकाव का मतलब खतरे में लोकतंत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- मतदान केंद्र वार डेटा वेबसाइट पर डालने से आयोग के इनकार को निंदनीय बताया
- निर्वाचन आयोग ने कहा था-बिना सोचे-समझे डेटा जारी करने से बनेगी भ्रम की स्थिति

कांग्रेस ने अपने अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को निर्वाचन आयोग के पत्र तथा मतदान केंद्र वार वोटिंग प्रतिशत डेटा वेबसाइट पर डालने से आयोग के इनकार का हवाला देते हुए गुरुवार को कहा कि इस संवैधानिक संस्था के कदम भर्त्सना योग्य हैं तथा इससे उसका पर्दाफाश होता है।

पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि अगर निर्वाचन आयोग जैसी संस्था सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ झुक जाएगी तो इसका मतलब है कि लोकतंत्र खतरे में है। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि मतदान केंद्रवार मतदान प्रतिशत डेटा को बिना सोचे-समझे जारी करने और वेबसाइट पर पोस्ट करने से चुनावी मशीनरी में भ्रम पैदा होगा। आयोग ने कहा कि मतदान केंद्र में डाले गए वोटों की संख्या बताने वाले फॉर्म 17सी का विवरण सार्वजनिक नहीं किया जा सकता और इससे भ्रम हो सकता है क्योंकि इससे तस्वीरों से छेड़छाड़ की आशंका बढ़ जाती है। आयोग ने सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को चुनाव में जाति, समुदाय, भाषा और धर्म के आधार पर प्रचार करने से बचने की नसीहत दी थी और कहा कि चुनावों में देश के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी सकती। वरिष्ठ अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि हमारी शिकायत के बावजूद प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का आयोग के किसी दस्तावेज में नाम तक नहीं लिया गया। आयोग ने किसी को भी चेतावनी नहीं दी, न कोई प्रतिबंध लगाया और न कोई दोषारोपण किया।

इंसानियत — बिना किसी मदद के सैकड़ों शवों का अंतिम संस्कार कर चुके शरीफ गाजी

# अंतिम संस्कार के इंतजार में न पड़ा रहे कोई लावारिस शव

केपी शर्मा, बदायूं

- पुलिस भी लेती है मदद, मुस्लिम को दफन, हिंदू को देते हैं मुखाग्नि

अमृत विचार : कोई रिश्ता है न नाता, अमीरी-गरीबी की परवाह नहीं। शरीफ गाजी के लिए सिर्फ इतना काफी है कि इस शव का कोई वारिस नहीं। बस वह जुट जाते हैं और शव के धर्म के अनुसार उसका अंतिम संस्कार करते हैं। इसमें किसी की मदद नहीं लेते। वह ऐसे सैकड़ों लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करा चुके हैं। पुलिस भी उनसे मदद लेती है। अब लोग उन्हें जेसीबी वाले शरीफ भाई के नाम से पहचानते हैं। उन्हें लावारिस शवों का मसीहा तक कहकर पुकारते हैं।



शहर के मोहल्ला गद्दी चौक निवासी शरीफ गाजी के पिता रियाकत अली क्रेन चलाकर परिवार का भरण पोषण करते थे। उनके निधन के बाद शरीफ गाजी ने भी क्रेन चलानी शुरू की। शरीफ गाजी बताते हैं कि साल 1991 में शहर की एक युवती की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। उस युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने उसका अंतिम संस्कार नहीं किया।

दो दिन तक शव रखा रहा। उन्होंने सुना तो अच्छा नहीं लगा। इंसानियत कचोटने लगी। इसके बाद शव के अंतिम संस्कार का फैसला किया। अपने पैसे से सामान जुटाकर शव का अंतिम संस्कार किया। तभी से उन्हें लावारिस शवों को दफनाने और अंतिम संस्कार करने का जूनून सवार हो गया। अब तक गिनती नहीं की कि कितने शवों का अंतिम संस्कार कर चुके हैं।

### धर्म के अनुसार करते हैं अंतिम संस्कार

जिले में जहां भी लावारिश शव मिलता शरीफ गाजी खुद वहां पहुंच जाते हैं और शव का अंतिम संस्कार करते हैं। पुलिस लावारिस शव बरामद करती है तो पोस्टमार्टम कराने के बाद वह शरीफ भाई को याद करती है। शरीफ गाजी का कहना है कि मरने वाला जिस धर्म का होता है उसका अंतिम संस्कार उसी के अनुसार करते हैं। लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करने से दिली सुकून मिलता है। उनका कहना है कि शरीर एक मिट्टी है। उनके धर्म में मिट्टी को मिट्टी से मिलाना शबाब का काम होता है। शव का अच्छे से अंतिम संस्कार करना या दफन करने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हैं।

### 33 साल से नहीं ली किसी की मदद

नेक कार्य के लिए जिला प्रशासन से लेकर कई सामाजिक संस्थाएं उन्हें सम्मानित कर चुकी हैं। उनके कार्य की सराहना होती है। कुछ लोग तो उन्हें मुर्दों का मसीहा तक कहकर पुकारते हैं। वह लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करने के अलावा समय-समय पर जरूरतमंदों को भोजन भी कराते हैं। वह लगभग 33 साल से यह काम कर रहे हैं लेकिन आज तक उन्होंने किसी की मदद नहीं ली। हां जो अपनी इच्छा से लकड़ी देता है तो ले लेते हैं लेकिन किसी के पास मदद के लिए नहीं जाते।

## एक नजर

### मनरेगा के कार्य प्रभावित तेजी लाने के निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** चुनाव के कारण गांवों में मनरेगा के कार्य प्रभावित हैं। अधिकारियों व कर्मचारियों की चुनाव में ड्यूटी होने के कारण कार्यों पर फोकस नहीं है। इस वजह से मस्टररोल जारी नहीं हो रहे हैं। इससे श्रमिक प्रभावित हैं और कार्य भी रुके हैं। ग्राम्य विकास मुख्यालय ने समीक्षा में संज्ञान लिया है। नियमित कार्य कराने के निर्देश जिलों के उपायुक्त स्वत: रोजगार श्रम को दिए हैं।

### वेटिंग रूम के लिए 21.71 लाख जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बरेली मंडलायुक्त के शिविर कार्यालय पर वेटिंग रूम के निर्माण के लिए शासन ने प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति देते हुए 21.71 लाख की धनराशि जारी कर दी है। शासन ने वेटिंग रूम के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को कार्यदाई संस्था के रूप में नामित किया है। मालूम हो कि मंडलायुक्त के शिविर कार्यालय में वेटिंग रूम बनाने के लिए 29 दिसंबर 2023 को राजस्व विभाग को पत्र लिखा गया था।

# राजा भैया और धनंजय सिंह के बाहुबल की भी होगी परीक्षा

## छठा चरण: राजा खुलकर अब सपा को तो धनंजय भाजपा को दे रहे समर्थन, दोनों ने ही साफ कर दिया कि वे चुनाव में तटस्थ नहीं

अजय दयाल, लखनऊ



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की राजनीति में बाहुबली कहलाने वाले दो दिग्गजों के अचानक बदले मिजाज से चुनावी सरगर्मी बढ़ी हुई है। अब तक कई मौकों पर भाजपा के साथ खड़े राजा भैया ने अचानक सपा को समर्थन दे दिया तो वहीं, बसपा से नाराज धनंजय सिंह खुलकर भाजपा उम्मीदवारों का साथ देंगे। ऐसे में लोकसभा चुनाव के छठे चरण में इन दोनों के प्रभाव की ही नहीं भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता, विधायक और एमएलसी समेत भाजपा के सात सांसदों की भी अग्निपरीक्षा होनी है।

25 मई शनिवार को राज्य की 14 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होना है। हालांकि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और पूर्व सांसद धनंजय सिंह का एक क्षेत्र विशेष में ही प्रभाव है लेकिन इन दिनों ठाकुर राजनीति पर चल रही गुणा-गणित के बीच दोनों के अब एक दूसरे के सामने होने से पूर्वांचल की राजनीति का प्रभावित होना स्वाभाविक है। खासकर प्रतापगढ़, कौशांबी और जौनपुर के साथ आसपास की लोकसभा सीटों का मुकाबला दिलचस्प होगा।

राजनीति के चश्मे से देखा जाए तो राजा भैया की छवि क्षत्रिय नेता के रूप में भी है। प्रतापगढ़, कौशांबी में उनका प्रभाव है। उप्र. के चुनावी परिदृश्य में राजा भैया, धनंजय सिंह ही नहीं अन्य क्षत्रिय नेताओं जैसे बृजभूषण शरण सिंह, ब्रजेश सिंह, अभय सिंह की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे में क्षत्रियों को साधने की जुगत लगा रहे सत्तासीन दल के लिए राजा भैया का विपक्ष के साथ खड़ा होना चुनौती है। संभवतः यही कारण रहा कि राजा भैया के प्रभाव को कम करने की कोशिशें तेज हैं। पहले धनंजय सिंह को आगे किया अब कौशांबी की चायल सीट से सपा की बागी विधायक पूजा पाल को सामने लाने की तैयारी है। यह लड़ाई अब राजा भैया बनाम अनुप्रिया पटेल होकर आगे मिर्जापुर तक भी पहुंच चुकी है। राजा भैया ने एमएलसी, राज्यसभा, राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा का साथ दिया और बदले में चाहा अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में मनमुताबिक उम्मीदवार जो मिला नहीं। वहीं, धनंजय ने अपनी जगह बसपा से पत्नी श्रीकला के लोस चुनाव का टिकट लिया जो कि ऐन वक्त पर कट गया। बसपा से नाराज धनंजय, गृहमंत्री अमित शाह से मिले और भाजपा के हो गए।

### भाजपा के सात सांसदों की अग्निपरीक्षा

छठे चरण में उप्र की 14 लोकसभा सीटों में से सात सीटों पर भाजपा ने अपने सांसदों पर ही विश्वास किया। एक सीट पर बसपा से आए प्रत्याशी को टिकट दिया है। पांच सीटों पर नए प्रत्याशी उतारे गए हैं। सुल्तानपुर में सांसद मेनका गांधी, प्रतापगढ़ में सांसद संगमलाल गुप्ता, डुमरियागंज से सांसद जगदंबिका पाल, बस्ती से सांसद हरीश द्विवेदी, संतकबीर नगर से सांसद प्रवीण निषाद, आजमगढ़ से सांसद दिनेश लाल यादव ''निरहुआ'' व मछलीशहर से सांसद बीपी सरोज को टिकट दिया है।

### कल इन सीटों पर मतदान

सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, सन्त कबीर नगर, लालगंज (एससी), आज़मगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (एससी) और भदोही सीट के लिए शनिवार को मतदान होगा।

### केशव ने राजा भैया तो अखिलेश ने धनंजय पर साधा निशाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने राजा भैया तो वहीं, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने धनंजय सिंह पर गुरुवार को अलग-अलग जनसभाओं में निशाना साधा। केशव मौर्य ने जहां प्रयागराज में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए राजा भैया पर तीखी प्रतिक्रिया दी वहीं अखिलेश यादव ने जौनपुर की एक चुनावी जनसभा में धनंजय पर टिप्पणी की है। दरअसल, प्रतापगढ़ में अखिलेश यादव ने एक रैली को संबोधित किया, इस रैली को सफल बनाने के लिए कुंडा से विधायक राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के कार्यकर्ता भी जुटे थे। अखिलेश की रैली में काफी संख्या में जनसत्ता दल के कार्यकर्ता झंडा-बैनर लेकर पहुंचे थे। इसी का संज्ञान लेते हुए भाजपा नेता केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में मीडिया से बात करते हुए कहा कि भाजपा राजा भैया के समर्थन से नहीं बल्कि अपने संगठन और कार्यकर्ताओं के बल पर चुनाव जीतेगी। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जौनपुर की चुनावी सभा में बिना नाम लिए पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर कहा कि एक समय वह टिकट मांग रहे थे। इसकी खबर लगते ही उन्हें जेल भेज दिया गया। जेल से निकले तो खेल शुरू कर दिया। यह खेल सभी लोग समझते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि आपको सावधान कर रहा हूं कि यहां बसपा और भाजपा ने हाथ मिला लिया है।

## नॉन पीजी जूनियर रेजीडेंट व ट्यूटर के पद पर मिलेगी नियुक्ति

**अमृत विचार,लखनऊः** वर्ष 2018 बैच के एमबीबीएस व बीडीएस उत्तीर्ण छात्रों को राजकीय मेडिकल कॉलेजों में नॉन पीजी जूनियर रेजीडेंट व ट्यूटर के पद पर तैनात किया जायेगा। यह नियुक्ति उन्हें दो साल के लिए अनिवार्य शासकीय सेवा बांड के तहत मिलेगी। काउंसलिंग के माध्यम से उन्हें कॉलेज आंवटित किया जायेगा।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा सार्वजनिक सूचना के संबन्ध में गुरुवार को महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि प्रदेश में गोरखपुर, आगरा, मेरठ, कानपुर, प्रयागराज व झांसी मेडिकल कॉलेज में नॉन पीजी जूनियर रेजीडेंट के पद 63000 रुपये प्रतिमाह पर सृजित किये गये हैं। साथ ही ग्रेड वेतन 5400 रुपए पर डिमांस्ट्रेटर व ट्यूटर के पद सृजित हैं।

# छठे चरण में मेनका गांधी समेत 16 महिला प्रत्याशी चुनावी मैदान में

## भाजपा ने दो, सपा व बसपा ने एक-एक महिला प्रत्याशी पर जताया भरोसा

पद्माकर पाण्डेय , लखनऊ



मेनका गांधी



नीलम सोनकर



प्रिया सरोज



इंदु चौधरी

**अमृत विचार:** छठे चरण में 14 सीटों पर होने वाले चुनाव में भाजपा से मेनका गांधी, सपा की प्रिया सरोज, बसपा की इंदू चौधरी समेत कुल 16 महिला प्रत्याशी मैदान में हैं। इन सीटों में केवल लालगंज (सु.) है जहां पर तीन महिलाएं आमने-सामने हैं। कई सीटों पर तो महिला प्रत्याशी ही नहीं हैं।

लालगंज (सु.) सीट पर भाजपा से पूर्व सांसद नीलम सोनकर व बसपा से प्रोफेसर इंदु चौधरी के सामने निर्दलीय प्रत्याशी सुष्मिता सोनकर चुनाव मैदान में हैं, जबकि सपा ने दरोगा प्रसाद सरोज को चुनाव मैदान में उतारा है।

सुल्तानपुर सीट पर भाजपा से पूर्व मंत्री मेनका गांधी अकेली महिला प्रत्याशी हैं। विपक्षी दलों ने महिलाओं को प्रत्याशी नहीं बनाया है। इंडी गठबंधन की ओर से सपा के प्रत्याशी पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद और बसपा के उदराज वर्मा चुनाव मैदान में हैं।

▸▸ भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी और नीलम सोनकर की भी होगी कठिन परीक्षा

आजमगढ़ सीट पर बसपा से मशहूद साहीबा अंसारी संसद में पहुंचने की कोशिश में हैं, साथ ही, अम्बेडकरनगर सीट पर पीस पार्टी की शबाना खातून और मूल निवासी पार्टी से नीलम सिंह ताल ठोक रही हैं। प्रतापगढ़ सीट पर भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी से गीता देवी चुनाव लड़ रहीं हैं। श्रावस्ती सीट से राष्ट्रीय जनता पार्टी से कुमारी गीता गौतम समेत चार निर्दलीय महिला प्रत्याशियों में एक शांति देवी चुनाव मैदान में हैं। अन्य निर्दलीय महिला प्रत्याशियों में किरन देवी ने डुमरियागंज से और गीता रानी शर्मा इलाहाबाद सीट से चुनाव मैदान में हैं। इस प्रकार दलवार महिला प्रत्याशियों पर गौर करें तो 16 महिला प्रत्याशियों में चार निर्दलीय हैं। भाजपा के टिकट पर दो और सपा व बसपा समेत अन्य दलों ने केवल एक-एक महिला प्रत्याशी को चुनाव में उतारा है।

### प्रिया सरोज के सामने बीपी सरोज

मछलीशहर (सु.) सीट पर सपा से प्रिया सरोज के मुकाबले में भाजपा ने मौजूदा सांसद बीपी सरोज को मैदान में उतारा है। हालांकि इसी सीट पर समाज परिवर्तन पार्टी की ओर से उर्मिला चुनावी लड़ाई में संघर्ष कर रही हैं। इसके अलावा इलाहाबाद में फूलपुर सीट पर अपनादल (कमेरावादी) से महिमा पटेल और सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी की संगीता यादव किस्मत अजमा रहीं हैं।

## 91.89 करोड़ नकद, 55 करोड़ की शराब पकड़ी

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आयोग की ओर से शांति भंग की आशंका में 28 लाख से ज्यादा लोगों को पाबंद करने के नोटिस भेजे गए हैं, जबकि 26.47 लाख को पाबंद किया जा चुका है। अवैध शस्त्र बनाने वाले 5072 केन्द्रों पर छापे मारे गए, इनमें से 188 केन्द्रों को जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि अबतक कुल 493.68 करोड़ की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किए जा चुके हैं। इसमें 91.89 करोड़ नकद, 55.17 करोड़ की शराब, 238.46 करोड़ की ड्रग, 24.12 करोड़ की बहुमूल्य धातुएं, 55.67 करोड़ के मुफ्त उपहार आदि शामिल हैं। 22 मई को सोनभद्र की राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र में 26.42 लाख रुपये और अमेठी की तिलोई विधानसभा में 36.60 लाख रुपये की पकड़ी गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1.75 करोड़ से ज्यादा प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 1.08 करोड़ और निजी स्थानों से 67.05 करोड़ प्रचार-प्रसार सामग्री शामिल है।

# प्रचार थमा, आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में छठे चरण की 14 सीटों व एक विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए गुरुवार को शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम गया। मतदान के लिए 24 मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के लिए समुचित तैयारी करने के निर्देश दिये हैं। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भाजपा समेत विपक्षी दलों ने अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए पूरी ताकत झोक दी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों पर कुल 162 प्रत्याशी व बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा सीट पर सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिन लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, उनमें सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीर नगर, लालगंज (अजा), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अजा) व भदोही सीटें शामिल हैं।

इसमें 12 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और दो सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं व मतदान कर्मियों को गर्मी से बचाव के लिए समुचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को शत-प्रतिशत सूचना पर्ची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि छठे चरण के चुनाव में संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर सुरक्षा की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही विशेष निगरानी दल भी तैनात किए गए हैं जिससे की कोई गड़बड़ी न हो।

### मतदान कर्मी मतदाताओं से विनम्र व्यवहार करें



**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मतदान कर्मियों को मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार करने के निर्देश जारी किये हैं। कहा गया है कि मतदान के दौरान मतदाताओं को कोई दिक्कत न होने पाये। जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है कि प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर बने वोटर असिस्टेंस बूथ पर एल्फाबेटिक लोकेटर मतदाता सूची के साथ सुनिश्चित की जाय। बीएलओ स्वयं ही ड्यूटी पर तैनात रहें, उसके स्थान पर उनके पुत्र, पति व रिश्तेदार ड्यूटी पर न रहें। इसके साथ ही, प्रवेश द्वार पर प्रत्येक पोलिंग बूथ की जानकारी, पानी की सुविधा, शौचालय आदि के संबंध में उचित साइनेज लगाया जाए। मतदाता सूचना पर्ची का शत-प्रतिशत वितरण कराते हुए मतदाताओं के नाम व मोबाइल नंबर आदि का विवरण भी लिया जाए।

### आपराधिक व्यक्तियों के लाइसेंसी शस्त्र जब्त

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 16 मार्च से अब तक पुलिस विभाग की ओर से आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये हैं। 4765 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये हैं। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में 28,08,638 लोगों को पाबंद किये जाने के लिए नोटिस भेजी गई, जिसमें 26,47,872 लोगों को पाबंद किया जा चुका है।

# देश को लूटना ही इंडी गठबंधन का उद्देश्य



बिहार के पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ योगी आदित्यनाथ ने बिहार की पूर्वी और पश्चिमी चंपारण लोस. सीट के लिए किया प्रचार

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बिहार में प्रचार करते हुए दो लोकसभा सीटों के लिए जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बिहार के पूर्वी और पश्चिमी चंपारण लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों के पक्ष में जनता से वोट की अपील की। योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल का उद्देश्य मिलकर लड़ना और जीतकर लूटना है।

भाजपा मुख्यालय लखनऊ से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, योगी ने वहां जनसभा में मौजूद बुलडोजर को देखते हुए कहा कि यहां आने से पहले जो बुलडोजर यहां मंगाया गया है, यही माफिया और आतंकवादियों का सबसे अच्छा उपचार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) देश में पर्सनल लॉ के जरिए तालिबानी शासन लागू करना चाहते हैं। ऐसे तालिबानी शासन में बेटियां पढ़ने नहीं जा पाएंगी, महिलाएं बाजार नहीं जा पाएंगी और बुर्के में कैद हो जाएंगी, जिसे कोई भी हिन्दुस्तानी बर्दाश्त नहीं कर सकता है।

# कैमरे की नजर में रहेंगे आश्रम पद्धति विद्यालयों के शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 94 में से 70 स्कूलों में लगाए जा चुके सीसीटीवी कैमरे

▸▸ 1 जुलाई से अध्यापकों पर रखी जाएगी नजर

**अमृत विचार :** शिक्षकों और विभागीय कर्मियों की मनमर्जी पर रोक लगाने और उनकी कार्यशैली पर नजर रखने के लिए आश्रम पद्धति विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। इसके बाद गुरुजन स्कूल से गायब हो सकेंगे और न कक्षाओं से। प्रदेश के 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में से 70 में सीसीटीवी कैमरे लग चुके हैं।

बता दें कि मार्च के अंतिम सप्ताह से आश्रम पद्धति विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगने शुरू हुए थे। समाज कल्याण निदेशक ने सभी 94 विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए थे। 70 विद्यालयों में ही सीसीटीवी कैमरे लग सके हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि इसका कंट्रोल रूम निदेशालय में होगा। इससे विद्यालयों में अध्यापक समय से आ रहे हैं और कक्षाओं में कितना समय दे रहे हैं इसकी जानकारी भी मिल सकेगी। तो वहीं दूसरी ओर कैमरे लग जाने से विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हो जाएगी।

### अगले चरण में 75 वृद्धाश्रमों में लगेंगे कैमरे

15 जून तक प्रदेश के सभी 75 वृद्धाश्रम में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। एक जिले में एक वृद्धाश्रम है। 40 वृद्धाश्रम के लिए सीसीटीवी कैमरे खरीदे जा चुके हैं। 15 जून तक आश्रम पद्धति विद्यालय और वृद्धाश्रम में काम पूरा किया जाना है। इनका कंट्रोल रूम भी निदेशालय में बनाया जाएगा।

## बुद्ध के आदर्शों पर चलकर समतामूलक युग लाने का किया प्रयास

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि उन्होंने गौतमबुद्ध के आदर्शों के साथ प्रदेश में चार बार सरकार चलाई है और सामाजिक परिवर्तन का समतामूलक युग लाने की कोशिश की है।



बसपा प्रमुख ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को गौतम बुद्ध के अनुयायियों को शुभकामनाएं देते हुए संदेश जारी किया और कहा कि बसपा सरकार ने गांव व गरीबों के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं जमीन पर लागू की थी, जो कि वर्तमान में भी मिसाल हैं। उन्होंने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए संतों, गुरुओं व महापुरुषों के आगे नमन और माथा टेकने का दिखावा करने का प्रचलन ठीक नहीं हैं।

# ऊर्जा निगमों के संविदा श्रमिक हो नियमित: आरएस राय



नरही में विद्युत संविदा मजदूर संगठन की बैठक के दौरान मौजूद कार्यकर्ता। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ नवल किशोर सक्सेना बने प्रांतीय अध्यक्ष

**अमृत विचारः** विद्युत कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष आरएस राय ने कहा कि ऊर्जा निगमों में कार्यरत संविदा श्रमिकों को नियमित किया जाय। राय गुरुवार को नरही में विद्युत संविदा मज़दूर संगठन उप्र की प्रादेशिक कार्यकर्ता बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर नवल किशोर सक्सेना को संगठन का प्रांतीय अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया।

बैठक का संचालन संगठन के कार्यवाहक अध्यक्ष सुंदर लाल व संचालन प्रदेश प्रभारी पुनीत राय ने किया। बैठक में विद्युत मज़दूर संगठन उप्र के प्रांतीय अध्यक्ष विमल चन्द्र पांडेय, गंगाधर त्रिपाठी, भोला सिंह कुशवाहा, आशीष कुमार, अशोक पाल, राजेश्वर सिंह, आनंद सिंह आदि शामिल हुए।

## शिंकजा | साढ़े चार माह में लखनऊ जोन के सभी 10 जिलों में पुलिस ने की कार्रवाई

# 131 इनामी अपराधी गिरफ्तार, 72 अब भी फरार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश को अपराध मुक्त करने की घोषणा के बाद लखनऊ जोन की पुलिस ने साढ़े चार महीने में 131 इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि 72 इनामी अपराधी फरार हैं। जोन में अंबेडकरनगर एकमात्र जिला है, जिसे पुलिस ने इनामी अपराधियों से मुक्त कर दिया है। बाराबंकी में 14 अपराधी अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। जबकि, उन्नाव पुलिस एक भी अपराधी नहीं गिरफ्तार कर सकी है।

बता दें कि लखनऊ जोन की पुलिस ने जोन के सभी 10 जिलों से 203 अपराधियों को चिन्हित कर उनपर 25 हजार से लेकर एक लाख तक का इनाम रखा था। लखनऊ परिक्षेत्र के हरदोई जिले में सर्वाधिक 51 अपराधियों पर इनाम रखा गया था। जिसमें से 43 गिरफ्तार किए जा चुके हैं। उन्नाव में कुल तीन अपराधियों पर इनाम रखा गया था, साढ़े चार महीने में उन्नाव पुलिस एक भी इनामी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

▸▸ इनामी अपराधियों से मुक्त हुआ अंबेडकरनगर, हरदोई से अब तक 43 गिरफ्तार

> शासन अपराधियों को लेकर काफी सख्त है। जोन की पुलिस ने कुख्यात अपराधियों को चिन्हित कर उनपर इनाम रखा था। 65 फीसदी अपराधी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। जल्द ही बाकी भी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। इसके साथ ही इन अपराधियों का सहयोग करने वालों पर भी नजर रखी जा रही है
>
> -अमरेंद्र कुमार सेंगर, एडीजी, लखनऊ जोन

### अयोध्या परिक्षेत्र में 25 गिरफ्तार

अयोध्या परिक्षेत्र में बाराबंकी में सर्वाधिक 39 अपराधियों पर इनाम रखा गया था जिसमें 25 को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस परिक्षेत्र में अंबेडकरनगर में कुल पांच इनामी अपराधी चिन्हित थे। यहां सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। दोनों परिक्षेत्रों में मिलाकर 72 इनामी अपराधी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। बता दें कि उक्त अपराधियों में दो की मृत्यु हो चुकी है।

### लखनऊ परिक्षेत्र की स्थिति

पुलिस ने हरदोई में 51, खीरी में 17, रायबरेली में 22, सीतापुर में 30 और उन्नाव में तीन अपराधियों को चिन्हित कर इनाम घोषित किया था। पुलिस के मुताबिक साढ़े चार माह में 78 फीसदी अपराधी गिरफ्तार किए जा चुके हैं 40 की तलाश की जा रही है।

### अयोध्या परिक्षेत्र की स्थिति

यहां अयोध्या में 21, सुल्तानपुर में 08, बाराबंकी में 39, अंबेडकरनगर में 05 और अमेठी में सात अपराधियों को चिन्हित कर इनाम रखा गया था। इनमें से 60 फीसदी अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। 32 की तलाश की जा रही है।

## लोगों तक पहुंचाएं सांसद के विकास कार्य

**अमृत विचार,लखनऊः** विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के रुद्रपुर में 26 मई और शुक्रवार को बरहज विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैली को लेकर बैठक की। बांसगांव से भाजपा प्रत्याशी कमलेश पासवान के कार्यों के बारे में बताया।

शर्मा को प्रदेश संगठन की ओर से गोरखपुर जिले की बांसगांव लोकसभा में प्रचार के लिए प्रवासी पदाधिकारी के रूप में भेजा गया है। शर्मा ने बरहज विधानसभा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ रैली को लेकर बैठक की। उन्होंने बांसगांव से भाजपा प्रत्याशी कमलेश पासवान और जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर के साथ सभा स्थलों का जायजा लिया।

# ललितपुर इकाई नहीं हो पाई चालू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



▸▸ ऊंचाहार व ओबरा इकाइयों के रात तक चालू होने की संभावना

▸▸ बिजली की अधिकतम मांग 28,315 मेगावाट पर पहुंची

**अमृत विचारः** भीषण गर्मी में ज्यादा लोड के कारण उत्पादन बिजलीघरों की बंद हुई इकाइयों के चालू न होने के कारण प्रदेश में बिजली संकट की स्थिति बनी हुई है। ऊंचाहार व ओबरा बिजलीघरों की बंद इकाइयों के गुरुवार की देर रात तक और ललितपुर परियोजना की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई के 25 मई को चालू होने की संभावना है। इस बीच, गुरुवार को प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग 28,315 मेगावाट दर्ज हुई।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार मांग व उपलब्धता के बीच अंतर बने होने के कारण प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती जारी है। गुरुवार को शाम के वक्त प्रदेश में लगभग 25,500 मेगावाट बिजली की मांग हो रही थी, जबकि इस समय प्रदेश में तापीय बिजलीघरों में 4800 मेगावाट व जलीय परियोजनाओं में उत्पादन 750 मेगावाट उत्पादन हो रहा था। बिजली की मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात की जा रही थी।

सूत्रों ने बताया कि स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश में ट्रांसफार्मर के फुंकने व लाइनों में खराबी आने से प्रदेश भर में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। समय पर बिजली आपूर्ति चालू न होने से लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है।

### किसानों को नहीं मिल रही मुफ्त बिजली

कॉरपोरेशन के सूत्रों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीणों-किसानों को भारी दिक्कतें हो रही हैं। एक ओर जहां घोषणा के बाद भी सिंचाई के लिए किसानों को मुफ्त बिजली नहीं मिल रही हैं, वहीं अघोषित कटौती होने से किसानों के सामने समस्या बढ़ गई है।

## एक नजर

### मां वैष्णो देवी का जागरण 26 को

**शिवगढ़, रायबरेली।** नगर पंचायत के भवानीगढ़ चौराहा स्थित हैदरगढ़ रोड़ पर 26 मई को मां वैष्णो देवी के चतुर्थ जागरण का आयोजन किया जाएगा। इसमें कानपुर के कलाकारों द्वारा दिखाई जाने वाली महिषासुर मर्दिनी मां दुर्गा, राधा-कृष्ण, शंकर पार्वती, महाकाल की भस्म आरती, वृंदावन बरसाने की फूलों की होली आदि अद्भुत झांकियां आकर्षण का केंद्र होगी। इसके साथ ही जागरण में गायकों द्वारा भक्ति गीतों से महामाई का गुणगान किया जाएगा। यह जानकारी गायक रिंकू जायसवाल ने दी है।

### दबंगों ने तोड़ा ट्रैक्टर में लगा भाजपा का झंडा, मुकदमा दर्ज

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** मथुराखेड़ा मजरे खीरों निवासी विनोद कुमार पासवान पुत्र धुन्नूराम ने आरोप लगाया है कि बुधवार की रात लगभग साढ़े ग्यारह बजे मैं अपनी ट्रैक्टर ट्राली लेकर वापस घर लौट रहा था। उसके ट्रैक्टर में भाजपा का झंडा लगा था। वह जैसे ही ट्रैक्टर लेकर कस्बा खीरों के रायल कैफे के पास पहुंचा, तभी वहां मौजूद डुमटहर गांव निवासी सुरेन्द्र यादव, सुंदरियाखेड़ा मजरे हरीपुर मिर्दहा निवासी प्रमोद यादव, उन्नाव जिले के थाना क्षेत्र मौरावां के गांव मुसईखेड़ा निवासी धीरेन्द्र यादव, इसी थाना क्षेत्र के गांव पूरनखेड़ा मजरे पढई निवासी राहुल लोधी ने उसके ट्रैक्टर ट्राली को रोककर गाली देते हुए भाजपा का झंडा हटाने को कहा। विरोध करने पर ट्रैक्टर में लगा झंडा तोड़कर फेंक दिया। इस बीच कुछ लोगों द्वारा बीच-बचाव किया गया तो चारों लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि नामजद आरोपियों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# अघोषित बिजली कटौती से मची त्राहि-त्राहि

## नहीं हो रहा रोस्टर का पालन, ग्रामीण क्षेत्रों में 18 के बजाय आठ घंटे ही मिल पा रही बिजली

संवाददाता, रायबरेली

**समस्या**

▶▶ **ग्रामीणों ने कहा, नहीं सुधरी व्यवस्था तो किया जाएगा प्रदर्शन**

**क्या कहते हैं ग्रामीण**

दिनेश ने कहा कि दिन हो या रात बिजली के आने जाने का कोई समय निर्धारित नही है। पूरी-पूरी रात जाग कर बिताना पड़ता है। पावर हाउस पर किसी का फोन नही उठता है।


दिनेश

शम्भू नाथ ने कहा कि भीषण गर्मी शुरू होते ही बिजली विभाग ने कटौती शुरू कर दी है। सरकार के आदेश का पालन न करने वाले बिजली विभाग के अधिकरियों को शासन द्वारा दंडित करना चाहिए।


शम्भू

योगेश ने कहा कि बिजली कब आती है कब जाती है कोई समय निर्धारित नही है। बिल जरूर समय से न जमा किया तो लाइन काट दी जाती है। इनवर्टर की बैटरी चार्ज नहीं हो पाती।


योगेश

जगन्नाथ ने बताया कि जब तक चुनाव चल रहे थे। तब तक बिजली आपूर्ति चकाचक थी। मतदान होते ही बिजली की अघोषित कटौती शुरू कर दी है। मोमबत्ती की रोशनी में खाना बनता है।


जगन्नाथ

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती से ग्रामीणो में खासा रोष व्याप्त है। आए दिन हो रही बिजली कटौती से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है।\

गांव में पर्याप्त बिजली न मिलने से बिजली उपकरण महज शोपीस बन कर रह गए हैं। बिजली की किल्लत से घरो में लगे सबमर्सिबल पंप नहीं चल पा रहे हैं जिससे मजबूर होकर ग्रामीणों को पेयजल के लिए इंडियामार्का हैंडपंप का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीणो को शासन की मंशा के अनुरूप बिजली नहीं मिल पा रही है। प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र को 18 घंटे बिजली आपूर्ति का रोस्टर जारी किया है, लेकिन विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण ग्रामीण क्षेत्रो में आठ घंटे भी बिजली नहीं मिल पा रही है। बिजली की अघोषित कटौती से ग्रामीणांचल के लोग रात में ठीक से सो भी नहीं पा रहे हैं। घंटों बिजली के गुल रहने से ग्रामीण छत व सड़क पर टहलकर रात बिताने को मजबूर है। बिजली विभाग द्वारा बिना कोई रोस्टर निर्धारित किये ही इस भीषण गर्मी में विद्युत कटौती किये जाने से ग्रामीणों में त्राहि-त्राहि मची हुई है। घरो में लगे पंखे, कूलर महज शोपीस बन कर रह गए हैं। अघोषित कटोती का दंश झेल रहे ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा।

# नहीं दुरुस्त हो पा रहे गलत बिजली के बिल

ऊंचाहार, रायबरेली


बिजली अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते उपभोक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मनमानी बिजली कटौती और ऊपर से गलत बिल ने विद्युत उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा रहे है। इस बारे में लगातार शिकायतों के बावजूद बिजली विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। गुरुवार को विद्युत उपखंड कार्यालय पहुंचे उपभोक्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर अपनी पीड़ा जताई है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि इस समय लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद जबरजस्त बिजली कटौती की जा रही है। रात दिन मिलाकर दस से 12 घंटे की कटौती की जा रही है। उधर कई महीने से बिजली का बिल गलत आ रहा है। इस बारे में पूर्व में भी शिकायत की गई थी। बिजली बिल दुरुस्त करने के लिए उपभोक्ताओं ने विभागीय फार्म भरकर आवेदन भी किया है। इसके बावजूद बिजली का बिल दुरुस्त नहीं किया गया। परिणाम स्वरूप जब बिजली कर्मचारी मीटर रीडिंग लेने उपभोक्ताओं के पास जाते हैं, तो अक्सर उनसे विवाद हो जाता है।

गुरुवार को तहसील मुख्यालय स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय पहुंचकर स्थानीय लोगों ने ज्ञापन सौंपा है। जिसमे तत्काल बिजली बिल दुरुस्त किए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से दुष्यंत सिंह, गजाधर लाल, शिव कुमार, शैलेंद्र कुमार, मनीष चौधरी, रोहित कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संदीप पाण्डेय, मनीष तिवारी, सुनील श्रीवास्तव, अमित कुमार, गोविंद कुमार, गोविंद, जयनीत शुक्ला और अंकित शुक्ला आदि शामिल थे।

### अघोषित बिजली कटौती से आमजन में आक्रोश

**जगतपुर, रायबरेली।** लोकसभा चुनाव होने के बाद जगतपुर में बिजली की स्थिति खराब हो गई है। वहीं लगातार अघोषित कटौती से आम जनमानस का जीना दुश्वार हो गया। जगतपुर उपखंड कार्यालय के अंतर्गत लगभग हजारों उपभोक्ता हैं। जिसमें व्यापारी किसान आम आदमी अघोषित कटौती से परेशान है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लोकसभा चुनाव हो जाने के बाद बिजली में अघोषित कटौती होने लगी है जिसको लेकर लोग परेशान हैं, लेकिन इस ओर कोई सुनने वाला नहीं है। विभागीय अधिकारियों से जब बात की जाती है तो सिर्फ यही कहते हैं कि ऊपर से रोस्टिंग हुई है। सरकार द्वारा ग्रामीण अंचलों में 18 घंटे बिजली देने का दावा इन दिनों हवा हवाई साबित हो रहा है। जिसको लेकर राधेश्याम, राजकुमार, निर्भय सिंह, आदित्य, वैभव आदि लोगों ने नाराजगी जताई है। इस बाबत अवर अभियंता चंद्रेश पटेल ने बताया कि ऊपर से जब रोस्टिंग होती है तभी कटौती की जाती है नहीं तो नहीं की जाती।

# अनूप बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष बने

लालगंज, रायबरेलीीं


अनूप पांडे


कैलाश बाजपेई

**अमृत विचार।** लालगंज नगर में विद्या भारती से संचालित गंगाराम बराती लाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और सरस्वती शिशु मंदिर की संचालन समितियों में फेरबदल हुआ है।

कमेटी में पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे संरक्षक के रूप में कार्य करते रहेंगे। उनके पुत्र अनंत उर्फ अनूप पांडे को बाल कल्याण समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। वह विद्या मंदिर का भी कार्यभार देखेंगे। कैलाश वाजपेई को सरस्वती शिशु मंदिर का प्रबंधक बनाया गया है। श्रीमती इंदू वाजपेई को बालिका विद्या मंदिर का अध्यक्ष और हरिद्वार सिंह को बालिका विद्या मंदिर का प्रबंधक बनाया गया है। सचिन रस्तोगी को बाल कल्याण समिति सहित विद्या मंदिर का प्रबंधक बनाया गया है। राणा गुप्ता को उपाध्यक्ष बनाया गया है। अजय वर्मा सह प्रबंधक बनाए गये है। शिवकुमार त्रिवेदी उर्फ सतीश त्रिवेदी को बाल कल्याण समिति, विद्या मंदिर और बालिका विद्या मंदिर का कोषाध्यक्ष बनाया गया है। केसी गुप्ता को शिशु मंदिर का अध्यक्ष बनाया गया है। कौशलेंद्र सोनी को शिशु मंदिर का कोषाध्यक्ष बनाया गया है। गुरुवार को दोपहर बाद 4 बजे सरस्वती शिशु मंदिर में बाल कल्याण ट्रस्ट की बैठक बुलाई गई जिसमें सदस्यों ने संचालन समितियों का चुनाव किया।इस अवसर पर सह प्रांत कार्यवाह संजय, विभाग प्रचारक राहुल, विभाग संघ चालक अमरेश सिंह, विद्या भारती के प्रांत प्रमुख राम सिंह, सुशील शुक्ला, विद्या मंदिर प्रधानाचार्य सत्येंद्र शुक्ला, शिशु मंदिर प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाठक, रवि नंदन सिंह चौहान, आदित्य बाजपेई, रमाशंकर बाजपेई, पीके गुप्ता, राघवेंद्र सूर्यवंशी, रवि शंकर बाजपेई आदि बाल कल्याण समिति के सदस्य व आचार्य बंधु रामशरन अग्निहोत्री मौजूद रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**रायबरेली।** गुरूवार की सुबह रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने से हडकंप मच गया। गुरूवार की सुबह लगभग छह बजे नई बस्ती मुंशीगंज के निकट शौच के लिए निकले लोगो ने जब रेलवे ट्रैक पर युवक का शव देखा तो उनके होश उड़ गए। शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। उधर से निकल रही त्रिवेणी एक्सप्रेस लगभग पंद्रह मिनट रेलवे ट्रैक पर खड़ी रही। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। मुंशीगंज चौकी प्रभारी करूणा शंकर तिवारी ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जांच पड़ताल कर शव के शिनाख्त के लिए प्रयास किया जा रहा है।

# अधिवक्ता पर हमले के मामले में खानापूर्ति से आक्रोश

**सलोन, रायबरेली।** तीन सप्ताह पूर्व ममुनी गांव में सरेआम अधिवक्ता और उनके पुत्र पर जानलेवा हमले के मामले में उच्च न्यायालय ने कोतवाली पुलिस को धारा 41 की कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिए हैं। इस मामले में विवेचना कर रहे उपनिरीक्षक द्वारा खानापूर्ति किये जाने से पीड़ितों में आक्रोश व्याप्त है।

आक्रोशित बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सीओ सलोन को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ममुनी गांव के रहने वाले अधिवक्ता विनय त्रिपाठी और उनके पुत्र अमित त्रिपाठी पर जमीनी रंजिश के चलते विपक्षी लव त्रिपाठी, कुश त्रिपाठी, अनुभव और अनुपम त्रिपाठी ने बीती 30 अप्रैल की सुबह जानलेवा हमला कर दिया था। घटना में अधिवक्ता के साथ उसके पुत्र को गम्भीर चोट के चलते एम्स रेफर कर दिया गया था। घटना को तीन हफ्ते बीत जाने के बावजूद स्थानीय पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई न किये जाने के बाद अधिवक्ताओं ने बार एसोशिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद तारिक के नेतृत्व में सीओ वन्दना सिंह से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ता विनय त्रिपाठी ने कहा कि थाना पुलिस ने आज तक मुकदमे के वांछितों को गिरफ्तार नहीं किया। अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं और मुकदमा वापसी का दबाव बना रहे हैं।

# पुलिस की चौखट पर दम तोड़ रही पिता की फरियाद

**ऊंचाहार, रायबरेली।** अपनी बेटी के लिए गरीब पिता की फरियाद पुलिस की चौखट पर दम तोड़ रही है। दवा लेने गई बेटी के वापस आने के इंतजार में पिता की आंखे पथरा गई है किंतु, पुलिस पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।

क्षेत्र के रामसांडा गांव निवासी गरीब पिता मुन्नलाल की बेटी जूही बीते माह अप्रैल में 16 तारीख की अपने लिए दवा लाने के लिए घर से निकली थी। उसके बाद वह आज तक वापस नहीं लौटी। बेटी की तलाश में पूरा परिवार दर दर भटक रहा है। पिता ने कोतवाली में तहरीर दी, जिसकी जांच और कार्रवाई की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक मोहित देवल को दी गई, लेकिन गरीब की बेटी की चिंता किसी को नहीं है। उपनिरीक्षक ने आज तक कोई जांच नहीं की। उधर गरीब पिता अपनी बेटी के लिए पुलिस की चौखट पर दौड़ते-दौड़ते थक चुका है। परिजन समझ नहीं पा रहे कि उसकी बेटी को आसमान निगल गया या जमीन खा गई। पुलिस का इस मामले में शिथिल रवैये ने पीड़ित परिवार की परेशानी को और बढ़ा दिया है। जांच करने वाला दरोगा कहता है कि लड़की आशनाई में खुद से गई है, जबकि परिजनों का सवाल है कि गई है तो आखिर कहां, किसके साथ? पीड़ित परिवार के सवाल का जवाब उसे कोई नहीं दे पा रहा है।

### शर्त हारने पर पैसे मांगा तो हो गई मारपीट

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** क्रिकेट मैच में शर्त के पैसे के लेन-देन को लेकर बच्चों द्वारा विवाद हो गया। दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। कोतवाली क्षेत्र के अतरेहटा निवासी सतेंद्र निर्मल पुत्र राम रतन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दो दिन पहले हुए मैच में सौ रुपए की हार जीत पर शर्त लगी थी। शर्त के पैसों को लेकर गांव के ही उत्कर्ष गुप्ता पुत्र उमेश गुप्ता व सदानंद गुप्ता पुत्र शिव नारायण से विवाद हो गया। देखते ही देखते वह दोनों उसे गाली देते हुए मारने- पीटने लगे शोर करने पर लोगो को आता देख जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# बागवानी तैयार करने पर बच्चों की सराहना

महराजगंज, रायबरेली


शांती नगर वार्ड में नौनिहालों को बांटे गए पौधे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गुरुवार को शांती नगर के करीब दर्जन भर बच्चों द्वारा वेस्ट मटेरियल जैसे पानी व कोल्ड्रिंक की बोतलों में मिट्टी व गोबर पास भर छोटे मगर उपयोगी पौधों का रोपण किया। बोतलों में रोपे गए पौधों को वार्ड के घरों की खिड़कियों में टांग लोगों से पानी डालने की अपील की। रिषभ, गोलू, शिवा, हनी आदि बच्चों ने बताया कि सभासद ऊषा त्रिपाठी वार्ड को स्वच्छ रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं इसलिए वार्ड को सुंदर बनाने के लिए हम लोगों ने मेरा आंगन मेरी हरियाली अभियान शुरू कर वार्ड को सजाने संवारने और हरा भरा बनाए रखने का बीड़ा उठाया हैं। कोरोना काल में शांती नगर के बच्चों द्वारा अपनी गुल्लकों को फोड़ कर एसडीएम विनय सिंह को प्रवासी मजदूरों के भोजन के लिए सहयोग राशि दी गयी थी। ईओ अपर्णा मिश्रा ने कहा कि शासन द्वारा मेरा आंगन मेरी हरियाली अभियान की शुरुआत की गयी है। शांती नगर की सभासद ऊषा त्रिपाठी ने कहा कि वार्ड की सुंदरता एवं साफ-सफाई में सहयोग के लिए एक-एक नागरिक को आगे आने की जरूरत हैं, बच्चों का यह प्रयास बड़ों के लिए निःसंदेह प्रेरणादायी हैं। मौके पर अर्शप्रीत सिंह (शबद), कार्तिक, रौनक, शनि, आयुष, हर्षित, शुभम, प्रथम साहू, नीष, आदर्श, आशीष, विष्णु, अहद समेत अन्य बच्चे पौध वितरण में रहे।

**समस्या** | प्रशासन द्वारा जाम की समस्या का निस्तारण न कराए जाने से व्यापारियों ने दी प्रदर्शन की चेतावनी

# गड्ढायुक्त सड़कों से बनी लालगंज कस्बे की पहचान

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली,

**अमृत विचार।** लालगंज में गड्ढायुक्त सड़कों से धूल उड़ने व आए दिन जाम लगने से व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। आए दिन इस तरह की समस्या उत्पन्न होने से व्यापारियों का व्यापार पूरी तरह से चौपट हो रहा है।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष और जिला प्रभारी विवेक शर्मा, जिलाध्यक्ष रोहित सोनी, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मृत्युंजय बाजपेई ने सरकारी अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि भले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनता के दुख दर्द को दूर करने के लिए सदैव तैयार रहते हैं, लेकिन अधिकारी निरंकुश हो गए हैं। उन्हें व्यापारियों व आम जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। लालगंज नगर और उसके आसपास की सड़क कई वर्षों से खराब पड़ी है। दिनभर धूल उड़ा करती है। एक तरफ जहां व्यापारियों का व्यापार चौपट हो रहा है। वहीं दूसरी ओर व्यापारी श्वांस और फेफड़े संबंधित बीमारियों से ग्रसित हो गए हैं। इसके अलावा वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी में सरकारी बसें भी जाम में फंसी रहती हैं जिसके कारण उनमे बैठे यात्रियों को भी मुसीबत उठानी पड़ती है। वहीं जाम में एंबुलेंस भी फंसी रहती हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष का कहना है कि चौराहों पर पुलिसिंग की व्यवस्था भी नहीं है जिसके कारण लोग जल्दबाजी में अपने वाहन निकालने का प्रयास करते हैं जिसके कारण और अधिक जाम लग जाता है। व्यापार मंडल पदाधिकारियों का कहना है कि अगर प्रशासन ने लालगंज नगर की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया तो निश्चित रूप से व्यापार मंडल आंदोलन के लिए बाध्य होगा।


लालगंज कस्बे में लगे जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

### सड़क हादसों में दो घायल व एक की हालत गंभीर

ऊंचाहार, रायबरेली। गुरुवार को क्षेत्र अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए हैं। घायलों में एक की हालत नाजुक है, पहला हादसा नगर के रेलवे क्रासिंग के पास का है, जहां बुधवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार राजकुमार (35 वर्ष) निवासी दमगनिया मजरे वभनपुर घायल हो गया, जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। दूसरी घटना ऊंचाहार सलोन मार्ग पर अलीगंज मोड़ के पास की है, जहां गुरुवार की सुबह ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार मिश्रीलाल (44 वर्ष) निवासी बरवलिया थाना सलोन गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक डा मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल दो लोग सीएचसी आये थे, जिसमें एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## सार-संक्षेप

### माइनरों में पानी न आने से किसान परेशान, कैसे करें सिंचाई


सूखी पड़ी माइनर में उगी झाड़ियां।

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** बड़ी नहरों से निकलकर गांवों तक जाने वाली अल्पिकाओं में पानी न पहुंचने से खेती की तैयारियां व जायद की फसलें प्रभावित हो रही हैं। क्षेत्र की माइनरों में पानी न आने से किसानों के साथ-साथ मवेशी भी पानी के लिए इधर5उधर भटक रहे हैं। किसानों की सब्जी, मूंग, मेंथा जैसी फसलें खेतों में सूख रही हैं। जौनपुर नहर से निकलने वाली मुरैनी माइनर, माझिगांव माइनर, जमुरवां माइनर सहित क्षेत्र की अधिकांश माइनरें सूखी पड़ी हैं। माइनरों के सहारे खेती पर निर्भर सैकड़ों किसानों की फसलों की सिंचाई करने के लिए पानी की आवश्यकता है। जिन लोगों के खेतों के पास नलकूप हैं वह किसान तो किसी तरह अपनी फसलों की सिंचाई कर रहे हैं। लेकिन जिनके खेतों की दूरी नलकूप से ज्यादा है उनको फसलों की सिंचाई के लाले पड़े हैं। क्षेत्र के किसान समरजीत सिंह, कल्लू सिंह, मनोहर लाल, शिवनाथ, रामदुलारे आदि ने बताया कि जायद की फसलों के अलावा क्षेत्र की प्रमुख फसल की तैयारियों का समय चल रहा है। ऐसे में सूखी माइनरों से किसान परेशान हैं। किसानों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट कराया है।

### घर-घर में हुआ गायत्री यज्ञ का आयोजन


हवन-पूजन करते श्रद्धालु।

**रायबरेली, अमृत विचार।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के आवाहन पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग के अवतरण व्यक्ति, परिवार, समाज एवं सशक्त खुशहाल राष्ट्र के निमित्त घर-घर गायत्री यज्ञ का आयोजन हुआ। जनपद के सदर, गुरुबक्सगंज, सरेनी, लालगंज, डलमऊ, ऊंचाहार, बछरावां, हरचंदपुर, अमावां, डीह, दीनशाहगौरा, शिवगढ़ ब्लाकों के जिम्मेदार परिजनों ने घर-घर गहन सम्पर्क कर लोगों में भारी उत्साह जगाया। 5100 घरों में यज्ञ का लक्ष्य था जो लगभग पूरा हुआ। शक्तिपीठ रायबरेली पर हवन किटे तैयार करने में हरिकांत शर्मा, राधेश्याम वर्मा, बृजपाल, गिरीश, राकेश कृतन्जय, मीना बहन, रेनू शुक्ल, रेनू त्रिपाठी, ऊषा गुप्ता, हनुमत वीर, सीताराम आदि रहे।

### हरियाली के दुश्मन बने वन माफिया, जिम्मेदार बेखबर


सेमरी के केसौली गांव में काटा गया हरा पेड़।

**सेमरी, रायबरेली, अमृत विचार।** सेमरी चौकी क्षेत्र के गांव केसौली में शुक्रवार को एक ग्रामीण के खेत में जामुन के हरे पेड़ का कटान किया गया। हरे पेड़ की कटान होते देख ग्रामीणों ने चौकी पुलिस व वन विभाग को मामले की सूचना दी, लेकिन संबंधित कटान पर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी नही पहुंचा। जब इस बारे में थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पेड़ कि कटान किए जाने की कोई शिकायत उनके संज्ञान में नहीं है। यदि कोई शिकायत आती है तो मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पिता की तहरीर पर दुर्घटना करने वाले चालक पर केस दर्ज

**डलमऊ, रायबरेली।** बुधवार को सड़क दुर्घटना में हुई युवक की मौत के मामले में पिता की तहरीर पर डलमऊ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूरे नया सोडासी निवासी राजेश यादव का बेटा आयुष अपने दोस्त के साथ मुराई बाग से जगतपुर की तरफ जा रहा था तभी पूरे गुरबख्श सिंह खलीलपुर के पास बोलेरो की टक्कर से उसकी मौत हो गई। गुरुवार को डलमऊ के शमशान घाट पर उसका अंतिम संस्कार किया गया। डलमऊ पुलिस ने मृतक के पिता राजेश यादव की तहरीर पर लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए जोरदार टक्कर करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि घटना में शामिल बोलेरो गाड़ी एवं उसके चालक को हिरासत में लिया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं 15565336H दिनेश कुमार मिश्रा पिता स्व0 अवधराज मिश्रा निवासी ग्राम डेहरा पोस्ट विशेश्वरगंज जनपद अमेठी यूपी है मेरी पत्नी जिनका नाम ओजस्विनी मिश्रा है। अब उन्हें भविष्य में सभी रिकार्डो में ओजस्वी मिश्रा के नाम से जाना व हुआ पहचाना जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम बब्लू व अनिल कुमार है तथा मुझे उक्त दोनों ही नामों से जाना व पुकारा जाता है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी मेरे ही हैं। **बब्लू उर्फ अनिल कुमार पुत्र रघुनाथ प्रसाद निवासी- ग्राम भवानीगढ़ पो0 कैथोली, जिला मैनपुरी।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम वर्तमान में रोहित चौरसिया पुत्र श्री दिलीप चौरसिया है। पूर्व में मेरा नाम चंदन चौरसिया था जो कि L.I.C. में मेरा नाम चंदन चौरसिया अंकित है। बाउन्ड नं. 219033675, 236375674, 226241520, 213773604, मेरा आधार, पैन रोहित चौरसिया के नाम से है। अतः L.I.C. पालिसी में भी चंदन चौरसिया की जगह रोहित चौरसिया के नाम जाना जाये। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है, इसकी जिम्मेदारी मेरी होगी। **निवासी- 283/701/398 आरती नगर, मानक नगर, लखनऊ- 226011**

**सूचना**

कुसंगति के कारण मैं अपने पुत्र सारुक अली व अपनी बहू काजल को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। वह अपने किए का स्वयं जिम्मेदार होंगे। **जाबिर अली पुत्र कादर बख्श ग्राम छेड़ीपुर थाना मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी L.I.C. पालिसी सं0- 2751580661 दिनांक 15/04/2013 में मैने त्रुटिवश अपना नाम पारूल अंकित करा दिया है जबकि मेरा वास्तविक नाम अनुराग मौर्या है। जो कि मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्र व आधार कार्ड में भी अंकित है। अतः उपरोक्त L.I.C. में मेरा सही नाम अंकित किया जाये। **अनुराग मौर्या पुत्र राम सुचित मौर्या निवासी- ग्राम गोढिया पो0 तिवारीपुर परगना व त0 सलोन रायबरेली।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं सुनील कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 महेश राय श्रीवास्तव अपने बेटे रोहित श्रीवास्तव की पत्नी प्रिया श्रीवास्तव से काफी परेशान रहता हूं। उनके चाल चलन से परिवार के लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इनका चाल चलन ठीक न होने के कारण में मैं अपने बेटे रोहित व उनकी पत्नी प्रिया को अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के वें स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा या मेरे परिवार के लोगों से उनका कोई लेना देना नही है। **सुनील कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व0 महेश राय श्रीवास्तव निवासी- मो0 जोशियापुरा थाना- कोतवाली नगर बहराइच।**

## एक नजर

### संतुलन बिगड़ने पर महिला छत से नीचे गिरी

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव हयात नगर भौंरा निवासी सियाराम की पत्नी सुनीता (48) बीती बुधवार रात परिजनों के साथ घर की छत पर सो रही थी। रात में सुनीता लघुशंका करने उठी थी। तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे जमीन पर आ गिरी। सिर के बल जमीन पर गिरने से महिला गंभीर घायल हो गई। उसका बेटा सरोज आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सकों ने हालत नाज़ुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### खेल-खेल में बच्ची ने पिया डीजल

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निहालखेड़ा निवासी छवि (2) पुत्री मुकेश घर में खेल रही थी। तभी उसने कमरे में रखी डीजल से भरी बोतल को उठाकर पी लिया। यह देख कमरे में पहुंची मां अनुपमा ने पति को सूचना दी। मुकेश उसे लेकर सीएचसी पहुंचा। जहां डाक्टर ने इलाज के बाद उसे घर भेज दिया।

### प्रतिबंधित पेड़ों की कटान करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

**पुरवा।** असोहा थानाक्षेत्र के गांव महिपतखेड़ा निवासी सजीवन के खेत में प्रतिबंधित नीम, आम व जामुन के हरे पेड़ों को ठेकेदार रामकुमार निवासी निधानखेड़ा सोहरामऊ द्वारा बिना परमीशन के काटा जा रहा था। जिसकी सूचना किसी ने वन विभाग को दे दी। मौके पर पहुंचे बीट प्रभारी कन्हई लाल को नीम, आम व जामुन के पेड़ कटे हुए मिले। जबकि ठेकेदार द्वारा मौके से लकड़ी गायब कर दी गई थी। बीट प्रभारी ने पेड़ मालिक व ठेकेदार के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। एसओ रामऔतार ने बताया कि वन विभाग के बीट प्रभारी की तहरीर पर पेड़ मालिक व ठेकदार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### करंट की चपेट में आने से महिला समेत दो झुलसे

**बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र के दो अलग-अलग गावों में करंट की चपेट में आकर एक वृद्धा सहित दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव मेला रामकुंवर निवासी लीलावती (60) पत्नी राधेश्याम बीती बुधवार देरशाम भीषण गर्मी से राहत के लिए घर में पंखा चालू कर रही थी। तभी पंखे में अचानक करंट उतर आया और वह इसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। इसके अलावा फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव मंगली खेड़ा निवासी विनोद (53) पुत्र नन्हा प्रसाद भी बुधवार देरशाम करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा तटों पर गूंजा हर-हर गंगे का उद्घोष

## गोकना गंगा घाट पर हुई गंगा महाआरती व दीपदान, भक्तों ने की मां संकटा देवी मंदिर में पूजा- अर्चना, पूजे गए महात्मा बुद्ध

**ऊंचाहार, रायबरेली**

**अमृत विचार।** गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा थी। धार्मिक मान्यता के अनुसार वैशाख पूर्णिमा भगवान बुद्ध के जीवन की तीन अहम बातें बुद्ध का जन्म, बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति और बुद्ध का निर्वाण के कारण भी विशेष तिथि मानी जाती है। इस पुनीत अवसर पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्थान के लिए पहुंचे थे। एक दिन पूर्व बुधवार की शाम को क्षेत्र के गोकना गंगा घाट पर गंगा महाआरती, दीपदान किया गया। साथ ही मां गंगा गोकर्ण जन कल्याण सेवा समिति के सचिव जितेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में गंगा तटों पर स्वच्छता अभियान चलाकर संदेश दिया गया। गुरुवार की सुबह तीन बजे से गंगा स्नान शुरू हुआ। क्षेत्र के गंगा तट गोकना के अलावा पूरे तीर, बादशाहपुर आदि स्थानों पर भी लाखों की संख्या में स्नान करने लोग पहुंचे थे। स्नानार्थियों की भारी भीड़ के कारण गंगा तटों को जाने वाले मार्गों पर जाम की स्थित बनी रही। उधर गोकना गंगा घाट पर एक दिन पहले ही दूरदराज से बड़ी संख्या में स्नानार्थी बसों से आ गए थे। इन्होंने ने गंगा तट पर रात प्रवास किया और गुरुवार प्रातःकाल स्नान करने के बाद अपने घरों को रवाना हुए। गुरुवार सुबह तीन बजे से शुरू हुआ स्नान का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा।



गोकना गंगा घाट पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर स्नान के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

### लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

डलमऊ, रायबरेली, गंगा तट डलमऊ के किला घाट, सड़क घाट, रानी शिवाला घाट, पक्का घाट, संकट मोचन घाट, पथवारी घाट आदि के साथ लगभग एक दर्जन से अधिक स्नान घाटों पर गुरुवार को दिन के पहले प्रहर से ही गंगा मैया के जयकारों के साथ क्षेत्र के साथ-साथ जनपद और गैर जनपद से आने वाले लाखों गंगा भक्तों द्वारा मां गंगा की अमृतमयी जलधारा में आस्था की डुबकी लगाई गई और गंगा स्नान के बाद गंगा तट पर स्थित मंदिरों और शिवालयों में जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में विभिन्न घाटों पर विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों आयोजित किये गये।



गंगा नदी में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### कई घंटों जाम रहा मुराईबाग चौराहा, जूझते रहे श्रद्धालु



मुराईबाग चौराहे पर लगे जाम से जूझते लोग। अमृत विचार

**डलमऊ।** क्षेत्रीय प्रशासन और नगर पंचायत के अधिकारियों की अनदेखी और उदासीनता के चलते सड़क तक फैले अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। देखते ही देखते मुराई बाग चौराहे से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तक चारों मार्गों पर लंबा जाम लग गया। सुबह रायबरेली रोड पर रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से घंटों श्रद्धालु जाम से जूझते रहे। लगभग 4 घंटे से अधिक के समय तक लगे इस भीषण जाम में श्रद्धालु तपती गर्मी की तप में पसीना बहाते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचे। सूचना पर क्षेत्रीय पुलिस द्वारा भारी मशक्कत के बाद जाम की स्थिति से छुटकारा दिलाया गया।

### बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

सरेनी, रायबरेली। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के गेंगासो, रालपुर शिवपुरी घाटों में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। गंगा घाट गेंगासों में जलस्तर कम होने के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी उठानी पड़ी। श्रद्धालुओं ने गंगा की सूखी पड़ी धारा को पार कर असनी फतेहपुर में जाकर गंगा स्नान किया। वहीं कुछ श्रद्धालुओं ने शिवपुरी व रालपुर पहुंचकर स्नान किया। गंगा स्नान करने के बाद भक्तों ने मां संकटा देवी मंदिर में पूजा अर्चना की। सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया।



गंगा नदी में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### शिवगढ़ में धूमधाम से मनाई गई बुद्ध जयन्ती



शिवली चौराहे पर बुद्ध जयंती पर पूजन- अर्चन करते भक्त।

**शिवगढ़, रायबरेली।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शिवगढ़ नगर पंचायत के शिवली चौराहे पर भगवान बुद्ध की जयन्ती मनाई गई। भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भन्ते विमल बोधि, रामदास गौतम, बसन्तलाल, युवा समाजसेवी आलोक बौद्धिक, युवा समाजसेवी दीपक बौद्ध, दुर्गा प्रसाद गौतम, अनिल गौतम, अरुन गौतम, प्रदीप कुमार, वीरेन्द्र गौतम, मोलहेराम, जागेश्वर गुरुजी, पिन्टू आदि लोगों ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके आदर्शों मूल्यों एवं सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

### बालिका विद्या मन्दिर में मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा



न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में पूजन- अर्चन करतीं छात्राएं।

**रायबरेली, अमृत विचार।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में हर्षोल्लास के साथ बुद्ध पूर्णिमा मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल द्वारा भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। भगवान बुद्ध के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कक्षा 10 की छात्रा गौरी ने अपना वक्तव्य दिया। साथ ही हिन्दी प्रवक्ता अवधेश शर्मा ने भगवान बुद्ध के जन्म से महानिर्वाण तक आये हुए जीवन के उतार चढ़ाव को बतलाते हुए बुद्ध पूर्णिमा के महत्व को समझाया। प्रधानाचार्य ने भगवान बुद्ध के द्वारा बनाये गये नियमों पर चलने की प्रेरणा प्रदान की। उन्होंने कहा कि अतीत पर ध्यान न देते हुए अपने मन को वर्तमान क्षण पर केन्द्रित करो, झूठ और पाप से बचो।

### उत्साह से लवरेज श्रद्धालुओं ने लगाए बाबा काशी विश्वनाथ के जयकारे

**शिवगढ़, रायबरेली।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के लाही बार्डर गुमावां से वाराणसी पहुंचे काशी विश्वनाथ समूह के जत्थे ने मां गंगा की गोदी में आस्था की डुबकी लगाकर बाबा काशी विश्वनाथ के मन्दिर में जलाभिषेक किया एवं मां अन्नपूर्णा के दर्शन किए। काशी विश्वनाथ समूह के मुखिया राघव सिंह ने बताया कि विगत कई वर्षों से काशी विश्वनाथ समूह के दर्जनों श्रद्धालु हर माह पूर्णिमा के पावन अवसर बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए आते हैं। डा नितिन सिंह, प्रदीप सिंह की माने तो बाबा विश्वनाथ में अपार शक्ति है जिनकी कृपा से भक्तों के सब बिगड़े कार्य सफल हो जाते हैं। महेश मिश्रा की माने तो दिन-ब-दिन वाराणसी की दिव्यता और भव्यता बढ़ती जा रही है। यहां प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए आते हैं। बाबा सभी भक्तो की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। करुणेश शुक्ला बताते हैं कि हैदरगढ व हजारीगंज से बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए हर माह हजारों श्रद्धालु आते हैं। नरसिंह ऑटोमोबाइल गुमावां परिसर से सूरज सिंह, अवनीनिश शुक्ला के नेतृत्व में रवाना होकर वाराणसी पहुंचे श्रद्धालुओ के जत्थे ने उत्साह से लवरेज होकर बाबा काशी विश्वनाथ के जमकर जयकारे लगाए। जिससे आस-पास का माहौल गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर प्रभव, मोनू सिंह, नितिन सिंह, दिलीप पांडेय, सूरज दीक्षित, सभासद मधुकर मिश्रा, बृजेश चौरसिया, प्रेम दीक्षित, महेश मिश्रा सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे।



बाबा काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

### स्टडी इस्टेट में मनी महात्मा बुद्ध की जयंती




महावीर स्टडी इस्टेट में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक।

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेण्ड्री कालेज में गुरुवार को महात्मा बुद्ध की जयंती मनाई गयी। अध्यापकों एवं बच्चों द्वारा भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। प्रधानाचार्य कमल वाजपेयी ने बताया कि संसार में अहिंसा तथा शान्ति का वातावरण स्थापित करने के लिए महापुरुषों ने अन्धविश्वास, अधर्म और रूढ़ियों में फंसे समाज को परस्पर प्रेम, सहानुभूति द्वारा मुक्ति दिलाने में अपना सर्वस्व लगा दिया। इस अवसर पर राजीव मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव, अनिमेष मिश्रा, सुरेन्द्र प्रजापति, नीरू बाजपेयी, मंजू सिंह, अनुपम सिंह, लक्ष्मी सिंह, साधना सिंह, शालिनी सिंह, ज्योति सिंह, ज्योति जायसवाल, फातिमा, रूचि सिंह, राधा शुक्ला, अमित सिंह, जय सिंह, आदर्श शुक्ला आदिं मौजूद रहे।

# दरोगा पर महिला के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ का आरोप

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कुछ माह पूर्व ऊंचाहार कोतवाल द्वारा महिला से अश्लील चैटिंग का खुलासा होने पर उसके विरुद्ध कार्रवाई हुई थी। अब कोतवाली पुलिस पर एक बार फिर बड़ा गंभीर आरोप लगा है। कोतवाली के दरोगा पर जबरन घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ की शिकायत हुई है। पीड़िता ने न्यायालय में अर्जी देकर प्राथमिकी दर्ज कराने की गुहार लगाई है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव पट्टी रहस कैथवल का है। गांव की रहने वाली महिला का कहना है कि उसके पति शहर में रहते हैं। ससुर बाहर दुकान चलाते हैं। उसके जेठ एनटीपीसी में दिहाड़ी मजदूर हैं। इसलिए दिन के समय घर में केवल महिलाएं रहती है। घटना के दिन ऊंचाहार कोतवाली के दरोगा अपने साथ दो सिपाहियों को लेकर आए और जबरन उसके घर का दरवाजा तोड़ डाला। उसके बाद घर में घुसकर उसके साथ गलत नियत से छेड़छाड़ की। जब उसने विरोध किया तो उसके साथ दुर्व्यवहार करते हुए गाली दी और धमका कर चले गए। घटना के बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर परिजन कोतवाली गए और पुलिस अधिकारियों को पूरी घटना से अवगत कराया। उसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली है।

# आकर्षण का केन्द्र रही सद्भावना धम्म मैत्री यात्रा

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** बुद्ध पूर्णिमा पर शहर में सद्भावना धम्म मैत्री यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में विभिन्न महापुरुषों के जीवन पर आधारित झांकियों ने लोगों को काफी प्रभावित किया। लोगों में शांति, सद्भाव एवं आपसी भाईचारा कायम करने के लिए इस यात्रा का आयोजन किया गया।

जनपद के विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक, धार्मिक एवं गैर राजनीतिक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में बुद्ध पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। सबसे पहले बुद्ध के अनुयायियों ने शहर के हाथी पार्क स्थित बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के पास एकत्रित हुए, जहां पर बौद्ध भिक्षु डॉ. कमलसील ने लोगों के साथ सामूहिक वंदना की। सामाजिक चिंतक केपी राहुल ने इस बैशाखी पूर्णिमा के महत्व को विस्तार से प्रकाश डाला। उसके पश्चात विश्व दलित परिषद के अध्यक्ष राजेश कुरील के नेतृत्व में सद्भावना धम्म मैत्री यात्रा निकाली गई। यह यात्रा अंबेडकर प्रतिमा स्थल से होते हुए यूनियन बैंक चौराहा, खालसा चौराहा, सुपर मार्केट, घंटाघर चौराहा, दीवानी कचहरी रोड, बस स्टॉप चौराहा, शहजादा कोठी, पुलिस लाइन चौराहा, डीएम आवास पर स्थापित बुद्ध प्रतिमा, सुपच सुदर्शन महाराज प्रतिमा, संत गाडगे प्रतिमा होते हुए अस्पताल चौराहा और अन्त में डॉ. अंबेडकर प्रतिमा स्थल पहुंची, जहां पर यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान वाल्मीकि सामाजिक न्याय मंच के शिव शंकर वाल्मीकि और दिनेश वाल्मीकि, अधिवक्ता संघ के शिव नारायण मौर्य, चंद्रगुप्त मौर्य सेवा संस्थान के राजकुमार मौर्य, शिव बालक मौर्य के नेतृत्व में यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। । इस यात्रा में वीरांगना झलकारी बाई कल्याण विकास परिषद के अध्यक्ष राम सजीवन धीमान, रामसमुझ लाल, संविधान रथ यात्रा के संयोजक जितेंद्र त्यागी, दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सावंत, बौद्ध महासभा के उपाध्यक्ष सरोज अनिल कुमार, शोभा शरण, रामगोपाल, जेपी रावत, गौरी शंकर, अनिल कांत आदि मौजूद रहे।



बुद्ध पूर्णिमा पर निकाली गई झांकी में शामिल भक्त।

### आवारा हवा का झोंका हूं आ निकला हूं... सुन झूमे श्रोता

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार रात शुक्लागंज के सहजनी नेहरू बाग स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध गजल व गीत गायक अल्ताफ रजा पहुंचे। जहां उनके गीतों पर देररात तक लोग झूमते रहे। नेहरू बाग स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गायक अल्ताफ राजा पहुंचे। वैसे ही शुक्लागंज, कानपुर, उन्नाव के अलावा दूर दराज से आये लोग झूमने लगे। उन्होंने आवारा हवा का झोंका हूं आ निकला हूं पल दो पल के लिये... तुम तो ठहरे परदेसी साथ क्या निभाओंगे..., पहले तो कभी कभी गम था अब हर वक्त तेरी याद सताती है मुझे... और फिर इश्क और प्यार का मजा लीजिए थोड़ा इंतजार का... गीतों से आवाज का जादू बिखेरा।

# गर्म हवाओं और चिलचिलाती धूप से हर कोई दिख रहा परेशान

**समस्या**

▸▸ **बिजली की ट्रिपिंग और कटौती बनी गर्मी की सहभागी**

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** बीते दिनों से हो रही उमस भरी गर्मी के बीच गुरुवार को मौसम में नरमी रही, लेकिन आने वाले दिनों में और गर्मी पड़ने के आसार है। आसमान से बरस रही आग के गोलों के बीच आमजन मानस के साथ पशु पक्षी भी बेहाल है। लगातार पड़ रह गर्मी के बीच गुरुवार को मौसम में गिरावट रही। लगातार 43 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पारा पहुंच रहा है, वहीं लगातार ट्रिपिंग और बिजली कटौती भी मुसीबत बनी हुई है। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से लोग बचाव करते फिर रहे हैं। कोई घर से छाता लगाकर निकल रहा है तो कोई मुंह में गमछा लपेट कर चलने को मजबूर हैं। आलम यह है कि दोपहर के समय सड़कों पर पूरी तरह से सन्नाटा पसरा रहता है। सड़कों से निकल रही तपन और गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान कर दिया है।

भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोग गन्ने का जूस, बेल का सर्बत, लस्सी आदि दुकानों पर लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। चिकित्सकों की सलाह के अनुसार इस तरह की गर्मी और लू से बचाव के लिए लोगों को सावधान होने की जरूरत है।

बीमारी से बचने के लिए बाहर की तली भुनी चीजों के खाने से दूर रहना चाहिए। बीते दिनों से चल रही लू और गर्म हवाओं से गुरुवार को राहत जरूर मिली, लेकिन मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि आज हुई मौसम में गिरावट कोई मायने नहीं रखती है। मानना है कि अभी आने वाले दिनों में इससे अधिक गर्मी पड़ने के आसार हैं।

## विवाहिता ने लगाई आग, गंभीर

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के देवारा कलां गांव में बुधवार देर रात पारिवारिक कलह से ऊबकर एक विवाहिता ने आग लगा ली। देवारा कलां निवासी विजय की पत्नी काजल (20) का बुधवार रात परिजनों से किसी बात पर विवाद हो गया। जिस पर वह कमरे में पहुंची और खुद को आग लगा ली। आग लगने पर वह चीखते हुये बाहर भागी। जिस पर घर में मौजूद परिजनों ने किसी तरह आग बुझाई। जिसके बाद गंभीर रूप से झुलसी काजल को इलाज के लिये जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ के एक ट्रामा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

# मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल, केस दर्ज

**सरेनी, रायबरेली**

**अमृत विचार।** गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक मारपीट का वीडियो वायरल हो गया, वीडियो सरेनी थाना क्षेत्र के बेनीमाधवगंज का है, जो मंगलवार का है। पुलिस ने इस मामले में हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में घायल रामशंकर पुत्र गंगादीन निवासी बेनीमाधवगंज ने बताया कि उसकी जमीन पर बनी दीवार पर पड़ोस के रहने वाले विनोद कुमार, मोधे, छोटेलाल पुत्र सोनेलाल व शिवमोद पुत्र अज्ञात उसकी जमीन पर बनी दीवार पर छप्पर रख रहे थे।उसने जब यह करने से मना किया तो उसके साथ गाली गलौज की गई व मारपीट करने लगे। इस बीच उसका लड़का कमलेश, बहू बिंदादेई व नाती आशुतोष बचाने के लिए आए तो विपक्षियों ने मिलकर लाठी डंडों से उन पर भी जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में चोटें आई।सभी लोग जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए।पुलिस ने शिकायतकर्ता की तहरीर के आधार पर विनोद कुमार,मोधे, छोटेलाल पुत्रगण सोनेलाल व शिवमोद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।सरेनी थाना इंचार्ज संजय कुमार ने बताया कि सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### नांद रखने के विवाद में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार :** दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के लालपुर गुमान मजरे महावीर पुरवा निवासी सुरेशचंद्र ने दरियाबाद कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीते 10 मई को अपनी नांद खड़ंजा के किनारे अपनी जमीन पर रख रहा था। वहीं सुरेश के भाई कमलेश ने भी अपनी नांद रखी थी। उसी को लेकर शाम को दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी। जो बढ़कर मारपीट मे बदल गई। मारपीट में अतुल बेहोश हो गया और उनकी मां को चोटे आईं। मां का सिर भी फट गया। पुलिस ने महिला व पुरुषों सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### 25 लाख की स्मैक के साथ अमेठी का युवक गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को सुबेहा पुलिस टीम ने 255 ग्राम स्मैक के साथ द अमेठी निवासी अभिषेक ऊर्फ अरविंद को मुखबिर की सूचना के आधार पर बंधवा अण्डरपास सुबेहा से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभिषेक के पास से पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए।

### 33 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों वांछित अभियुक्तों व वारंटियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने शांति भंग की आशंका को देखते हुए 38 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जबकि एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

### हादसे में युवक घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** सुबेहा थाना क्षेत्र के गोसियामऊ गांव निवासी अन्नू पुत्र विजय बहादुर अपनी मोटरसाइकिल से बुधवार की रात्रि लगभग 10 बजे रायबरेली की ओर से आकर घर जा रहा था कि तभी मिडिल स्कूल के निकट क्षतिग्रस्त पटरी की वजह से मोटरसाइकिल का पिछला पहिया स्लिप हो गया। जिसके चलते वह बाइक सहित फिसलता हुआ काफी दूर तक चला गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

# जैदपुर और बाराबंकी में गठबंधन तो बाकी में भाजपा को बड़ी लीड की आस

नितिन श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** ईवीएम में बंद 13 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होने में अब मात्र 11 दिन शेष बचे हैं। 12वें दिन यानी चार जून की दोपहर तक किसके सिर जीत का सेहरा बंधेगा इसकी तस्वीर लगभग साफ हो जाएगी। वैसे प्रमुख लड़ाई गठबंधन और भाजपा प्रत्याशी के बीच ही सामने आयी है।


अपने आवास पर गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया। अमृत विचार


भाजपा कार्यालय पर मौजूद कार्यकर्ता। अमृत विचार

गठबंधन के नेता व समर्थक जहां जैदपुर और बाराबंकी विधानसभा क्षेत्र से अपने प्रत्याशी की जीत होने की बात कह रहे हैं, तो वहीं भाजपा कार्यकर्ता कुर्सी, हैदरगढ़ व रामनगर में राजरानी रावत के पक्ष में अच्छा वोट मिलने की पूरी उम्मीद लगाए हैं। हालांकि 19,18,491 मतदाताओं में से वोट देने वाले करीब 13,27,595 वोटों में किसे कितने मत मिले यह तो चार जून को मतगणना में मालूम हो सकेगा। भाजपा या इंडिया गठबंधन दोनों में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान हुआ था। इसमें अब तक के चुनाव में सबसे अधिक 69.20 प्रतिशत मतदान बाराबंकी जिले में ही हुआ है। जो कि अब तक के सभी चरणों में एक रिकार्ड भी बना है। बढ़े मतदान के साथ मतदाताओं का आशीर्वाद सबसे ज्यादा किस प्रत्याशी को मिला है, यह देखना होगा। वैसे गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया को लेकर जो हवा उनके समर्थकों के द्वारा बनाई जा रही है, उससे लग रहा है कि हर बूथ पर कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है। लेकिन गठबंधन के दोनों दलों के नेता व समर्थक यह मान रहे हैं कि उनके प्रत्याशी की जैदपुर और बाराबंकी विधानसभा क्षेत्र में जीत पक्की है। यहां गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में अच्छा वोट मिला है। जबकि अन्य तीन विधानसभाओं 50-50 का चांस है।

इसी तरह भाजपा के नेता, समर्थक व पदाधिकारी भी कुर्सी, हैदरगढ़ और रामनगर विधानसभा क्षेत्र में अपनी प्रत्याशी राजरानी रावत के पक्ष में उम्मीद से ज्यादा मत मिलने की आस लगाए हैं। जबकि वह बाराबंकी सदर और जैदपुर विधनसभा में ही अच्छा वोट पाने की बात कह रहे हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में इन पांचों विधानसभा क्षेत्रों में 19 लाख 18 हजार 491 मतदाताओं में से करीब 13लाख 27 हजार 595 वोटरों ने मताधिकार का प्रयोग किया है। जिसका मतदान प्रतिशत 69.20 प्रतिशत आया है। तो अब सभी को चार जून का बेसब्री से इंतजार है। चार जून को दोपहर तक एक बड़ी लीड के साथ यह मालूम हो जाएगा कि इस लोसभा क्षेत्र का नया सांसद कौन होगा। मतगणना में अब मात्र 11 दिन ही शेष बचे हैं।

**विधानसभावार पड़े वोट (अनुमानित)**

| विधानसभा | कुल मतदाता | पड़े वोट | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 266 कुर्सी | 4,06,958 | 2,88,126 | 70.80 |
| 267 रामनगर | 3,48,709 | 2,33,005 | 66.82 |
| 268 बाराबंकी | 4,03,402 | 2,66,648 | 66.10 |
| 269 जैदपुर | 4,07,167 | 2,78,176 | 68.32 |
| 272 हैदरगढ़ | 3,52,258 | 2,23,296 | 63.39 |
| **कुल मतदाता** | **19,18,491** | **13,27,595** | **69.20** |

नोट– विधानसभावार पड़े मतों के यह आंकड़े मत प्रतिशत के आधार पर निकाले गये हैं। इनमें बदलाव संभव है।

# बिल जमा करने की अवधि बाकी फिर भी बंद कर दी बिजली आपूर्ति

## बंकी नगर पंचायत में हजारों लोग उमसभरी गर्मी से दिनभर रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** एक तरफ भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती ने लोगों को पहले से परेशान कर रखा है तो दूसरी तरफ बिजली का बिल न जमा कर पाने की वजह से नगर पंचायत बंकी के लगभग 10-12 हजार बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन विद्युत विभाग द्वारा काट दिये गये। विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से तमाम ऐसे घरों की अकाउंट आईडी की सप्लाई भी रोक दी गई, जिनके बिल जमा होने की आखिरी तारीख भी अभी बाकी है। इसका खामियाजा बंकी नगर पंचायत के हजारों बिजली उपभोक्ता को भुगतना पड़ा। जिसमें नगर पंचायत बंकी का वार्ड 12 सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। कनेक्शन कट जाने की वजह से भीषण गर्मी और उमस के इस मौसम में लोग गर्मी से बिलबिला उठे।


गर्मी से परेशान लोग। अमृत विचार

गुरुवार की सुबह 11 बजे काटी गई अधिकांश घरों की बिजली देर शाम तक बहाल नहीं हो सकी थी। पूरा दिन बिजली संकट से गुजरने की वजह से लोगों को जहां पानी की किल्लत से दो-चार होना पड़ा, तो वहीं पूरी तरह से दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो गई। गर्मी की वजह से लोगों का जीना मुहाल हो गया। लोग घरों से निकलकर पेड़ की छांव के नीचे या खुले में बैठकर थोड़ी सी राहत जरूर महसूस कर रहे थे। बिजली कनेक्शन कट जाने की वजह से पूरा पूरा दिन बंकी कस्बे में अफरा तफरी का महौल बना रहा। पूरा दिन लोग खुले में गर्मी से बचने के लिए छांव की तलाश करते रहे। तो वहीं घरों में पीने के पानी के भी लाले पड़ गये। बिजली का कनेक्शन कटने से तमाम ऐसे उपभोक्ता भी पीड़ित हुए, जिन्हें बिजली बिल का भुगतान 27, 28 और 25 मई को निर्धारित आखिरी तारीख तक करना था। ऐसे में बिजली कनेक्शन काटने का असर उन उपभोक्ताओं पर भी भारी पड़ा जो समय से अपने बिजली बिलों का भुगतान कर देते थे। ऐसे उपभोक्ताओं में शामिल गुलाम दस्तगीर, शमा खातून, बेचन और हदर अली का कहना था कि उनके बिल के भुगतान की अंतिम तारीख का समय अभी बाकी है। आखिर उनका बिजली का कनेक्शन क्यों काट दिया गया।

वार्ड 12 के सभासद रजी सिद्दीकी ने बताया कि अचानक बिजली सप्लाई रुकने से नगर पंचायत बंकी का वार्ड 12 सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। यहां सुबह 11 बजे ही बिजली की सप्लाई रुक गई। मीटर में लाइट जल रही थी, लेकिन घरों में सप्लाई नहीं हो रही थी। जिसके चलते इस भीषण गर्मी में लोग दिनभर बिलबिलाते रहे।

**बिल न जमा करने वालों के कनेक्शन काटने का था आदेश**

जिन उपभोक्ताओं के तीन-चार महीने से बिजली के बिल बकाया थे, उनका कनेक्शन काटने के आदेश दिए गए थे। लेकिन कुछ ऐसे उपभोक्ताओं की अकाउंट आईडी का भी कनेक्शन कट गया, जिनके बिजली बिल जमा करने की डेट अभी बाकी है। मामला संज्ञान में आया है। ऐसे लोगों के कनेक्शन चालू किये जा रहे हैं। उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

–**अंशुमान यादव**, अधिशासी अभियंता विद्युत।

## रंजिश में मारपीट आठ लोगों पर केस

**कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के कुभरावां गांव में पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसकी शिकायत पर पुलिस ने पूर्व प्रधान समेत आठ लोगों पर केस दर्ज किया है।

कोठी थाना क्षेत्र के नसिरवापुर मजरे कुम्हरावां गांव निवासी इबरार अहमद का कहना है कि बुधवार शाम वह अपने बीमार भाई रिजवान, उसकी पत्नी बन्नों व दो पुत्री सानिया व सबरीन साथ घर के बाहर दरवाजे पर बैठा था। तभी रंजिश में गांव के ही निवासी पूर्व प्रधान युसूफ विवाद करने लगे। इसका विरोध करने पर वह अपने भाई शाहिद, जाहिद, साजिद पुत्र वामिन के साथ-साथ शरीक पुत्र जाहिद, शुएब पुत्र साजिद व नसीब अली पुत्र जाबिर एकराय होकर लाठी-डंडा व चाकू लेकर हमला कर दिया।

चीखपुकार पर बचाने पहुंचे पुत्र शुएब अख्तर को उक्त लोग घर के अंदर मारने को दौड़ा लिया आँर मारा पीटा। इसकी शिकायत पर इंस्पेक्टर कोठी संतोष सिंह ने चार भाइयों के समेत आठ लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी में उपचार कराया गया।

## 20 लाख की प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली बरामद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** तस्करी के लिए ट्रक से कोलकाता से पंजाब ले जाई जा रही 20 लाख की प्रतिबंधित थाई मांगुर प्रजाति की मछली अहमदपुर पुलिस चौकी के प्रभारी गौरव अवस्थी ने अहमदपुर टोल प्लाजा पर बरामद की।

उन्होंने मत्स्य विभाग की टीम को इस बात की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर मत्स्य निरीक्षक अच्छे लाल निषाद, वंशराज, मत्स्य विभाग अधिकारी रमेश चन्द्र ने ट्रक का निरीक्षण किया तो पाया कि ट्रक में थाई मांगुर प्रजाति की लगभग 30 कुन्तल मछली को तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। जिसे सरकार ने प्रतिबंधित कर रखा है। मत्स्य अधिकारियों ने इसकी पुष्टि के लिए लखनऊ स्थित एनबीएफजीआर में मछलियों का नमूना वैज्ञानिक जांच के लिए भेजा। जहां से इस बात की पुष्टि हुई कि तस्करी के लिए ले जाई जा रही मछलियां थाई मांगुर प्रजापति की हैं। जिनकी कीमत लगभग बीस लाख के आस पास बताई जा रही है। मत्स्य विभाग के अधिकारियों और पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीन बुलवा कर गड्ढा खुदवाया गया और मछलियों को वहीं नष्ट करा दिया गया। मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने प्रतिबंधित मछली थाई मांगुर की तस्करी के मामले में ट्रक ड्राइवर विवेक यादव, विश्वनाथ विश्वास, खलासी नितेश और पवन के खिलाफ जैदपुर थाने में सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करवा दिया है। पुलिस पकड़े गये अभियुक्तों से पूछताछ कर गिरोह का पता लगाने में जुटी है।


नष्ट कराई गई बरामद मछली।

## कोर्ट ने खारिज की दवा विक्रेता की जमानत अर्जी

कार्यकाल संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार द्वितीय ने बिना बिल के ड्रग से जुड़ी दवा को कोरियर के जरिए हरियाणा भेजने के मामले में आरोपी खालिद बिलाल की जमानत अर्जी सुनवाई के बाद खारिज कर दी।

विशेष लोक अभियोजक विजय कुमार टंडन ने बताया कि केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के निवारक दल ने बीती 19 अप्रैल को कुरियर के माध्यम से कैथल, हरियाणा भेजी जा रही बिना बिल अल्प्राजोलम टेबलेट से जुड़े ब्राइट फार्मा सियूटिकल मुंशीगंज,नवाबगंज, बाराबंकी के मालिक खालिद बिलाल के खिलाफ एनडीपीएस कानून के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए दवा की बरामदगी करते हुए उनको गिरफ्तार करके जेल भेजा था। विजय टंडन ने बताया कि अभियुक्त मैसेज ब्राइट फार्मास्यूटिकल बाराबंकी का प्रोपराइटर है जिसने 19 अप्रैल को इस बात को स्वीकार भी किया। जिसके आधार पर केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के निवारक दल ने उसे गिरफ्तार किया था।

दरअसल इस फार्मास्यूटिकल ने कोरियर करते समय कोई भी कोरियर एजेंसी को कोई बिल नहीं दिया था इसी वजह से कोरियर कंपनी ने दवा की सप्लाई नहीं भेजी थी। नारकोटिक्स ब्यूरो को सूचना मिली थी और उसकी जांच पड़ताल में सामने आया कि भेजी गई मेडिसिन बिना बिल के सप्लाई दी जा रही थी। इसलिए उसने अभियुक्त खालिद को गिरफ्तार कर लिया और दवा भी जप्त कर लिया था। ब्यूरो ने बताया की दवा की मात्रा कमर्शियल थी जिसका कोई बिल बिलाल नहीं दिखा पाए।

## विद्यालयों में बनाए जाएंगे किचन गार्डन

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिले के 1955 और परिषदीय स्कूलों के परिसर में खाली भूमि पर किचन गार्डन तैयार किया जाएगा। स्कूलों के खाते में पांच-पांच हजार रुपये भेजे जाएंगे। इस पैसे को गार्डन की स्थापना व रख-रखाव पर खर्च किया जाएगा। हरी सब्जियां, फल व फूल उगाने के प्रति बच्चों व अभिभावकों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। एमडीएम में तैयार होने वाले भोजन में इसी किचन गार्डन की ताजी सब्जी बनाई जाएगी। स्कूल भवनों की मरम्मत कराने के बाद शासन ने मध्यान्ह भोजन योजना के तहत स्कूल में खाली पड़ी भूमि पर किचन गार्डन तैयार कराने की योजना बनाई है। इससे पहले करीब 600 परिषदीय स्कूलों में किचन गार्डन तैयार किया जा चुका है।


एक परिषदीय विद्यालय में बनाया गया किचन गार्डन। अमृत विचार

बेसिक शिक्षा विभाग के 2620 परिषदीय स्कूल जिले भर में संचालित हो रहे हैं। इनमें प्राथमिक, उच्च प्राथमिक समेत प्राइवेट स्कूल भी शामिल हैं। शासन के निर्देश पर विभाग अपने शत-प्रतिशत स्कूलों में एमडीएम के तहत किचन गार्डन तैयार करने में जुट गया है। पूर्व में करीब 600 परिषदीय स्कूलों में किचन गार्डन तैयार भी किये जा चुके हैं। अब लोकसभा चुनाव के बाद शेष बचे लगभग 1955 और स्कूलों में खाली पड़ी भूमि में किचन गार्डन बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। किचन गार्डन तैयार होने से बच्चों को मौसमी सब्जियों की उपयोगिता व उसमें पाए जाने वाले पोषण तत्वों की जानकारी भी होगी। बच्चे घर में भी हरी सब्जियां, फल व फूल का उत्पादन कर सकेंगे।

**किचेन गार्डन में होंगे यह कार्य:** जिला समन्वयक एमडीएम पीयूष श्रीवास्तव ने बताया कि किचेन गार्डन तैयार करने व सुरक्षित रखने के लिए पौधे गमले में लगाने के साथ खाली पड़ी भूमि पर क्यारी बनाकर लगाए जाएंगे। समूह के साथ बच्चों को सुपुर्द करते हुए उनकी देख-रेख की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। जायद सीजन में भिंडी, पालक, लोबिया, लौकी, करेला, खीरा, कददू, तरबूज, खरबूजा, बैंगन, चुकंदर, शलजम, गाजर व मूली तो खरीफ सीजन में चौलाई, भिंडी, बैगन, करेला, लोबिया, तुरई, कददू, लौकी, प्याज व सेम की खेती की जाएगी। इसी तरह रबी सीजन में टमाटर, मटर, मिर्च, फूलगोबी, पत्तागोभी, पालक, सरसो, मेथी, सोया, धनियां, शिमला मिर्च, बैंगन आदि का उत्पादन किया जाएगा।

**बजट आते ही शुरू किया जाएगा कार्य**

स्कूलों में किचन गार्डन बनाने के लिये बजट की मांग शासन से की गई है। चुनाव की प्रक्रिया के बाद बजट आते ही इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा। विद्यालय परिसर की बाउंड्रीवॉल व गेट का निर्माण कायाकल्प से पूरा हो गया है। इससे किचन गार्डन में पौधों की सुरक्षा हो सकेगी। साथ ही इसकी नियमित निगरानी नोडल अफसरों से कराई जाएगी। स्कूल में हरी पोषक युक्त सब्जियां का उत्पादन करने के साथ ही परिसर को तरह तरह के फूलों के पौधों को लगाने का निर्देश दिया गया है जिससे स्कूल कैंपस आकर्षक दिखे।

–**संतोष देव पाण्डेय**, बीएसए

## सार-संक्षेप

### मेला शुरू होने से पहले ही सजने लगीं दुकानें

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बें में स्थित सैयद सालार साहू गाजी बूढ़े बाबा की दरगाह पर 29 मई से लगने वाले पांच दिवसीय वार्षिक मेले में दूरदराज से दुकानदारों का आना शुरू हो गया है। कई दुकानें सज भी चुकी है। जायरीन पहुंचने लगे हैं। गत वर्षो की तरह इस बार भी जेठ माह के पहले बड़े मंगल के बाद बूढ़े बाबा का मेला शुरू होगा। जो 2 जून तक चलेगा। इस दौरान विविध रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। जायरीन चादर गागर के साथ बूढ़े बाबा की मजार पर फूलों की डाली चढ़ाएंगे। दरगाह कमेटी के सचिव चौधरी कलीमुद्दीन उस्मानी ने बताया कि दर्जनों की संख्या में विभिन्न जिलों से आकर दुकानें सज चुकी हैं। गुरुवार को भी कई दुकानदार दुकानों के साथ पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस बार झूला और सर्कस विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। वहीं कस्बे के निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सरफराज अहमद को लगातार पांचवीं बार बूढ़े बाबा मेला का सहायक प्रभारी बनाया गया है।


दरगाह परिसर में सजने लगी दुकान।

### संदिग्ध परिस्थितियों में घायल मिला युवक, मौत

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** बुधवार की देर रात्रि गोंडा–बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भूलभूलिया पुरवा के निकट हाईवे के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक घायल मिला। सीएचसी बड़ागांव ले जाते समय उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फतेहपुरवा निवासी अंबरीश कुमार (38) एक निजी अस्पताल में काम करता था। बुधवार की शाम करीब 8 बजे अस्पताल से बाराबंकी पहुंचा तथा परिजनों को फोन कर बताया कि घर वापस आ रहा हूं। फिर रात्रि करीब 10 बजे जानकारी मिली कि अंबरीश ग्राम भूलभूलियापुरवा के निकट हाइवे के किनारे घायल पड़ा हुआ है। परिजन घायल को लेकर सीएचसी बड़ागांव पहुंचते, उससे पहले ही उसकी सांसें थम गयीं।

### भागवत कथा सुनने से मिलती है पापों से मुक्ति

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के जरौली गांव स्थित बुढ़िया माता स्थान पर हो रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन कथा व्यास संदीप तिवारी सलिल महाराज ने श्रद्धालुओं के समक्ष जीवन के परम लक्ष्य के रहस्य को खोला। उन्होंने बताया कि प्राणि मात्र का उद्देश्य ईश्वर प्राप्त ही होना चाहिए। ज्ञान से तो ब्रह्म के दर्शन होते हैं किंतु निष्काम भक्ति और श्रद्धा से ईश्वर के साकार दर्शन होते हैं। इसलिए कलयुग में भक्ति ऐसा माध्यम है जिससे ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। कथा व्यास ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से ही भक्त को सारे पापों से मुक्ति मिल जाती है।

### वाहन की टक्कर से अधेड़ घायल

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना इलाके में सब्जी बेचकर घर लौट रहे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घघसी निवासी मोहम्मद खालिक (45) प्रतिदिन ठेले पर सब्जी लेकर गवाई गांव में बेचने जाता था। गुरुवार को भी वह सब्जी बेच कर घर लौट रहा था कि रास्ते मे किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। हादसे में खालिक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### हाईवे की पटरी क्षतिग्रस्त, हो रहे हादसे

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** हैदरगढ़–रायबरेली मार्ग की पटरी के क्षतिग्रस्त होने से आये दिन हो रहे हादसों में लोग घायल हो रहे हैं। फिर भी जिम्मेदार इस समस्या के समाधान के प्रति गम्भीर नही नजर आ रहे है। हैदरगढ़–रायबरेली मार्ग पर सुभाष वार्ड में मिडिल स्कूल के सामने लगभग 50 फिट की दूरी में सड़क की पटरी क्षतिग्रस्त हो गयी है। आये दिन बाइक सवार पहिया फिसल जाने से गिरकर घायल होते रहते हैं।

**कार्यक्रम** अंबेडकर पार्क में धूमधाम से मनाई गई गौतम बुद्ध जयंती

## बुद्ध की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक : अंबर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सतरिख नाका स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति व पार्क-स्मारक अनुरक्षण समिति के तत्वावधान में गुरुवार को बुद्ध जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। बुद्ध वंदना से प्रारम्भ हुए कार्यक्रम में बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर सहित महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि दी गई। उसके बाद ओज के कवियों डॉ अम्बरीश 'अम्बर' व ओपी वर्मा 'ओम' द्वारा तथागत बुद्ध के जीवन संदेशो की रचनाएं पढ़ी गईं। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर महापुरुषों व स्वाधीनता संग्राम के अमर शहीदों को भी नमन किया। इस अवसर पर विशाल खीरदान (भंडारा) का आयोजन हुआ। डॉ अम्बर ने कहा कि शांति, समता और सौहार्द का संदेश देकर गौतम बुद्ध जी ने मानव मानव में प्रेम व करुणा जगाया है। उनकी शिक्षा आज की परिस्थिति में और प्रासंगिक हो गई है। समिति के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने कहा कि तथागत ने पंचशील के द्वारा स्वयं निर्माण की शिक्षा के साथ बौद्ध धम्म देकर मनुष्य जीवन पर उपकार किया है। बुद्ध जी की शिक्षा व सन्देश राष्ट्र निर्माण में सहायक हैं। समिति के महासचिव राम औतार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया वहीं कोषाध्यक्ष जेएल भास्कर ने खीरदान की व्यवस्थाओं को जुटाया तथा सभी का स्वागत किया।


बुद्ध जयंती पर खीरदान करते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

### महात्मा बुद्ध का जीवन सबके लिए अनुकरणीय

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** निंदूरा क्षेत्र के धन्नाग तीर्थ स्थल पर बुद्ध पूर्णिमा आस्था के साथ मनायी गयी। डॉ.क्षेत्रपाल सिंह यादव द्वारा निर्मित महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर पूजन किया गया। संयोजक राम लखन शुक्ला ने कहा कि महात्मा बुद्ध के जीवन से करुणा अहिंसा एवं दया भाव की शिक्षा मिलती है।चितरंजन यादव ने कहा कि आज की तिथि में ही महात्मा बुद्ध को बुद्धत्व प्राप्त हुआ था तथा जन्म भी आज ही की तिथि में हुआ था। इस अवसर पर भानु प्रताप सिंह, सुधीर, बल्लू, डॉ. अवधेश शुक्ला, शिवकुमार, राधेश्याम, लवकुश, रामदास आदि मौजूद रहे। वहीं शहर के पटेल तिराहे पर भी बुद्ध सेवा समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। महात्मा बुद्ध की पूजा–अर्चना के बाद भंडारा आयोजित किया गया।



गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके डॉ. पीएल पुनिया व तनुज पुनिया।

### जीवन को संवारने वाले हैं महात्मा बुद्ध के सिद्धान्त : डॉ. पुनिया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** करूणा के सागर भगवान बुद्ध के सिद्धान्त जीवन को संवारने वाले हैं। उन्होंने सत्य, अहिंसा, शांति और सम्पूर्ण मानवता तथा जीव जन्तुओं के प्रति प्रेम का संदेश दिया। गौतम बुद्ध का जन्म वैशाख पूर्णिमा के दिन शालवृक्षों के लुम्बिनी वन में 563 ईसा पूर्व में हुआ। वैशाख पूर्णिमा के ही दिन बोधगया में पीपल के वृक्ष के नीचे उनको ज्ञान की प्राप्ति हुई। इस लिये पीपल के वृक्ष को बोधिवृक्ष कहा जाता है। उस वृक्ष को आज भी जीवित रखा गया है। वैशाख पूर्णिमा के दिन ही आपका परिनिर्वाण हुआ। ये बातें पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात कहीं। पूर्व सांसद डॉ. पुनिया ने कहा कि गौतम बुद्ध ने ही बौध धर्म की स्थापना की थी। वाराणसी के 10 किलोमीटर पूर्वोत्तर में स्थित सारनाथ में गौतम बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया और यही से उन्होंने धर्मचक्र प्रवर्तन प्रारम्भ किया था। भारत के संविधान और राष्ट्रीय ध्वज में धम्मचक्र, महामहिम की कुर्सी के पीछे धम्मचक्र, परिवर्तनाय अंकित है और कई देशों के संविधान की प्रस्तवाना गौतम बुद्ध के सिद्धांतों से प्रारम्भ है। उन्होंने सभी लोगों से बुद्ध के सिद्धांतों को अपनाने का अनुरोध करते हैं। बुद्ध पूर्णिमां के अवसर पर उनकी मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया और अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### किशोरी को भगाने के आरोप में युवक पर केस

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** : बहला फुसलाकर नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के आरोप में लगभग 18 वर्ष के एक युवक के खिलाफ लड़की के पिता ने थाना लोनी कटरा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना लोनी कटरा क्षेत्र के एक गांव निवासी अनुसूचित वर्ग के एक पिता ने अपनी पुत्री को बहला फुसला कर भाग ले जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामवासी सनी 18 के विरुद्ध थाने में दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि लड़की सोने का एक माला और 20 हजार रुपये नगद लेकर लड़के के साथ भाग गई। थाना अध्यक्ष ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### युवती को भगा ले जाने का लगाया आरोप

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार** : देवा इलाके की रहने वाली एक युवती अपने प्रेमी के साथ कहीं चली गई। युवती की मां ने देवा कोतवाली में गांव के ही आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ बहला फुसला कर भगा ले जाने का केस दर्ज कराया है। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती अपने गांव के ही रहने वाले प्रेमी के साथ चली गयी। युवती की मां ने देवा कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके पति की मौत पहले हो चुकी है। पति के नाम की जमीन उसके और उसकी बेटियों के नाम दर्ज है। महिला ने आशंका जताई है कि उसकी पुत्री को जमीन हथियाने को लेकर अमित सिंह, भीखम सिंह, धर्मेंद्र, वीरेंद्र, चंद्रभान, रामपति और लवकुश बहला फुसलाकर कहीं ले गए हैं।

### सड़क हादसे में तीन घायल

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** : दो बाइकों की भिड़ंत में तीन युवक घायल हो गये। एक के सिर पर चोट आई, जबकि दो का पैर फैक्चर हुआ है। मोहम्मदपुर खाला थानांतर्गत सूरतगंज कस्बे के मो. उस्मान (22) गुरुवार शाम 4 बजे फतेहपुर से वापस बाइक से लौट रहा था। तभी सूरतगंज की ओर से आ रही एक बाइक से सूरतगंज-फतेहपुर मार्ग पर स्थित अहरी चौराहा के पास भिड़ंत हो गई। हादसे में मो. उस्मान के सिर में चोटे आई है। बाइक पर सवार इसी थाने के रिक्षला निवासी गिरधारी लाल (33) और पूरनपुर के सुनील वर्मा (32) को चोटे आईं हैं। दोनों के पैर में फैक्चर हो गए हैं। घायलों का प्राथमिक उपचार कर सीएचसी से जिला अस्पताल क्रे लिए रेफर कर दिया गया है।

# फर्जी अभिलेखों से लिया 5.24 लाख का ऋण

**हैदरगढ़, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** फर्जी अभिलेखों के आधार पर एक किसान द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लोन लेने का मामला प्रकाश में आया है। धोखाधड़ी की जानकारी प्राप्त होने पर शाखा प्रबंधक ने लोन लेने वाले जालसाज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। भारतीय स्टेट बैंक की शाखा हैदरगढ़ की प्रबंधक निधि की शिकायत पर न्यायालय के आदेश के बाद हैदरगढ़ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। शाखा प्रबंधक ने सीजेएम कोर्ट को बताया कि थाना लोनी कटरा के नरौतामऊ मजरे तेजवापुर निवासी राम खेलावन पुत्र देवी ने सितंबर 2020 में 5,24,345 रुपए का केसीसी ऋण लिया था । बताया कि कुछ समय बाद जांच में पता चला कि इस किसान ने कई अन्य बैंकों से भी केसीसी के माध्यम से लोन ले रखा है।आरोप लगाया कि राम खेलावन ने फर्जी व कूटरचित अभिलेखों के सहारे उनके बैंक से ऋण ले लिया है। यह भी बताया कि मामले की लिखित शिकायत कोतवाली पुलिस के अलावा पुलिस कप्तान से भी की गई।

# सार्वजनिक स्थलों के हैंडपंप खराब, राहगीर परेशान

**माती, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में क्षेत्र के अधिकांश हैंडपंप मरम्मत के अभाव में खराब पड़े हुए हैं। ऐसे में राहगीर पेयजल के लिए भटक रहे हैं। हैरत की बात यह है कि यह हैंडपंप मुख्य मार्गों, चौराहों जैसे सार्वजनिक स्थलों पर होने के बावजूद इनकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। डीपीआरओ नितेश भोंडेले ने बताया कि खराब हैंडपंपों को रिबोर या मरम्मत करवाने के निर्देश दिये जा चुके हैं। ज्यादातर जगहों पर खराब हैंडपंपों को सही करवा दिया गया है। जहां से शिकायतें मिल रही हैं, उन खराब हैंडपंपों को जल्द ठीक कराया जाएगा।

**केस 1**



बालक दास कुटी का खराब हैंडपंप।

विकास खंड बंकी के ग्राम सरथरा स्थित बाबा बालक दास कुटी का इंडिया मार्का हैंडपंप चार महीने से खराब पड़ा है। पीपल की छांव तले दोपहरी बिता रहे राहगीरों ने बताया कि देवस्थल व रेलवे क्रॉसिंग के समीप होने से यह हैंडपंप काफी इस्तेमाल वाला है। चार महीनों से खराब है।

**केस 2**



गणेशपुर का खराब पड़ा हैंडपंप।

ऐसे ही दूसरा हैंडपंप गणेशपुर में असेनी मार्ग के पास लगा है। यह भी तीन महीने से खराब है। उपयोग में न होने से लोग इसके चबूतरे तक को उखाड़ ले गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य मार्ग से सटा होने से यह हैंडपंप आधे गांव की प्यास बुझाता था। मगर अब गर्मी में बंद पड़ा है।

**केस 3**



असैनी चौराहे का बिगड़ा पड़ा हैंडपंप।

तीसरा हैंडपंप असेनी-बहादुरपुर तिराहे का है, जो चार महीने से खराब पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल संकट को लेकर बड़ी मांग के बाद यह हैंडपंप लगा था। मगर खराब होने के बाद इसकी मरम्मत अब तक नहीं करायी गयी। भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ता है।

**केस 4**



इस हाल में है बहादुरपुर का हैंडपंप।

ऐसे ही सरथरा सब्जी बाजार, सफेदाबाद, गोकुलपुर, बहादुरपुर और दानियालपुर आदि के दर्जन भर से अधिक हैंडपंप जवाब दे बैठे हैं। भीषण तपिश में आम जनता को प्यास बुझाने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने हैंडपंप की शीघ्र मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

# कोटवाधाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला

## बैसाख पूर्णिमा पर कई जिलों से पहुंचे भक्त, अभरन में लगाई आस्था की डुबकी

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी**



सतनामी सम्प्रदाय के प्रवर्तक संत जगजीवन दास साहेब की समाधि स्थल कोटवाधाम में दूरदराज के जिलों से आए श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सतनामी सम्प्रदाय के प्रवर्तक संत जगजीवन दास साहेब बड़े बाबा की समाधि स्थल कोटवाधाम में बैसाखी पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में सत्यनामी श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा। श्रद्धालुओं ने पवित्र अभरन सरोवर में आचमन कर स्वामीजी की समाधि पर चादर व प्रसाद चढ़ा कर मनवांछित फलों की प्राप्ति की कामना की।

गुरुवार को ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रीकोटवाधाम पवित्र तीर्थ स्थल के चारों तरफ सैकड़ों बस, डीसीएम और ट्रैक्टर ट्राली समेत दूसरे साधनों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लग गया। पवित्र अभरन सरोवर में व्याप्त गंदगी के कारण सत्यनामी श्रद्धालु औपचारिकता पूरी करते नजर आये और सरोवर का जल हाथ में लेकर अपने ऊपर छिड़क कर आचमन की प्रक्रिया पूरी की। उसके बाद स्वामी जी की समाधि पर चादर प्रसाद चढ़ाया। गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, देवीपाटन, सुल्तानपुर, फैजाबाद, अयोध्या, अंबेडकर नगर, रायबरेली, उन्नाव, कानपुर, लखनऊ, पंजाब और दिल्ली आदि प्रान्तों से आये तमाम श्रद्धालु छोटी गद्दी की महन्तिन साहिबा नीलम दास, विशाल दास अमान दास से धागा धारण कर गुरु मंत्र में राम राम सुना। महन्त राजेश बख्श दास, सोनी दास, संजय दास, खुटपुट बाबा आदि से आशीर्वाद प्राप्त किया। थानाध्यक्ष बदोसराय प्रफुल्ल कुमार यादव आधा दर्जन उपनिरीक्षक व दर्जनों पुलिस कर्मियों के साथ मेलार्थियों की सुरक्षा के लिये मंदिर परिसर, कोटवाधाम चौराहा व मेला परिसर में मेलार्थियों के सुरक्षार्थ डयूटी पर मुस्तैद दिखे।

कोटवाधाम के पासिन धर्मशाला व बब्लू सिंह डाक्टर के आवास के सामने, कोरिन धर्मशाला के बगल सुबह से शुरू हुआ भंडारा शाम 4 बजे तक चला। भजन कीर्तन मंडली ने स्वामी जगजीवन दास एवं तथागतबुद्ध के भजनों से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। अभरन सरोवर कोटवाधाम अमृत सरोवर ब्लाक दरियाबाद से चयनित हुआ था। कुछ काम भी करवाया गया। उसी दौरान एक शिकायत पर अभरन सरोवर का काम बंद हो गया।

### डूब रहे किशोर को बचाया

कोटवाधाम के पवित्र अभरन सरोवर में देवा क्षेत्र के सालेहनगर निवासी राजेश पाल अपने 14 वर्षीय पुत्र के साथ स्नान कर रहे थे। तभी उनका बेटा बब्लू आगे बढ़ गया और सरोवर में डूबने लगा अभरन सरोवर घाट पर चीख पुकार मच गई। तभी सूरज ने सरोवर में कूद कर डूब रहे किशोर को बाहर निकालकर उसकी जान बचाई।

### नगाड़ा बजाने वाला मिला मृत

बड़े बाबा के दरबार में वर्षों से नगाड़ा बजाने वाले साधूराम निवासी उमापुर, रुदौली जनपद अयोध्या बुधवार की रात बीमार हो गए। भोर पहर वह उत्तर फाटक के पास मृत पाये गये। आस पास के दुकानदारों ने परिजनों को सूचना दी। जो कोटवाधाम पंहुचकर साधुराम का शव अपने गांव लेकर चले गए।

## सार-संक्षेप

### आज से चलेगा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार** : नशा नाश की जड़ है, नशा आखिर क्यों, विषय पर युवाओं को जागरूक करने के लिए नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलेगा। शुक्रवार से भागमतपुरवा गांव से इसकी शुरुआत होगी। सम्राट चिल्ड्रन एकेडमी विद्यालय के संस्थापक सदस्य विजेंद्र कुमार गुप्ता बाबा वर्षों से युवाओं में नशा मुक्ति के लिए जन जागरूकता अभियान चला रहे हैं। 24 मई से हरख ब्लॉक के गांवो में यह अभियान चलेगा। भागमत पुरवा गांव से शुरुआत होगी। अभियान के तहत ग्राम पचासी, ठाकुरपुरवा, शरीफाबाद तथा सलारपुर सहित अन्य गांवो में नशे से होने वाली दिक्कतों के प्रति बैनर पोस्टर लगे वाहन को घुमाया जाएगा। इसी दौरान विजेंद्र कुमार गुप्ता बाबा सामाजिक कार्यकर्ता शिवदर्शन, रामदास सैलानी, म्यूजिकल शौर्य, तथा धर्मेंद्र यादव विशेष कर युवा पीढ़ी को नशे से होने वाली दिक्कतों के प्रति जागरूक कर उन्हें नशा मुक्ति का संकल्प दिलाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक विजेंद्र कुमार गुप्ता बाबा का कहना है कि उन्होंने अपना जीवन युवा पीढ़ी के लिए समर्पित कर दिया। यदि युवा नशा शुरू ही न करे तो इससे बेहतर कुछ और नहीं हो सकता है। हम लोग गांवो में जाकर इसके लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। नशा नाश की जड़ है लोगों को इसके उदाहरण दे रहे हैं। ताकि लोग नशा से मुक्ति का संकल्प ले सके। उन्होंने बताया कि हरख ब्लॉक के कई गांवो में यह अभियान चलेगा।

### राम वनगमन का प्रसंग सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार** : निंदूरा क्षेत्र के आइबा गांव में कथा के चौथे दिन कथा व्यास चंद्रशेखर महाराज ने राम वन गमन की कथा सुनाई। पंडाल में मौजूद श्रोताओं को कथा के माध्यम से बताया कि चारों पुत्रों का विवाह होने के बाद राजा दशरथ ने श्रीराम को अयोध्या का राजा बनाने का निर्णय लिए। यह समाचार सुन नगर में खुशियां मनाई जाने लगीं। इसी बीच महारानी कैकेयी ने राजा दशरथ से राम को चौदह वर्ष वनवास का वर मांग लिया। पिता की आज्ञा पाकर राम ने जब भाई लक्ष्मण व पत्नी सीता के साथ वन के लिए प्रस्थान किया तो पूरी अयोध्या नगरी उनके पीछे-पीछे चल पड़ी। जिन्हें राम ने वापस किया। जब राम गंगा नदी पार करने के लिए उसके तट पर पहुंचे तो यह खबर सुनते ही निषाद राज गुह्य खुशी से फूले नही समाए। उन्हें नदी के पार उतारा। जब राम उतराई के तौर पर निषाद को मां सीता की अंगूठी देने लगे तो निषाद राज ने कहा कि जिस तरह मैंने आपको नैया से गंगा के इस पार उतारा है, उसी प्रकार आप मेरी भी नैया को भवसागर से उस पार लगा लेना। इधर पुत्र विछोह से व्याकुल होकर राजा दशरथ ने अपने प्राणों का परित्याग कर दिया। रामवन गमन की कथा सुन श्रद्धालुओं की आंखे भर आईं। आयोजक अवधेश कुमार ने बताया कि कल कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### बड़ा प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी...

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार** : कस्बे में स्थित श्री शक्तिधाम महोदव तालाब मन्दिर में पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान श्री पूर्णिमा महोत्सव सेवा समिति के तत्वावधान में भजन संध्या एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया। पूर्णिमा के अवसर पर श्री शक्तिधाम महादेव तालाब मन्दिर परिसर को लाइट व फूलों से सुसज्जित किया जाता है। इसी क्रम में बुधवार की देर शाम महामायी उजली मैय्या का अनुपम श्रृंगार किया गया। भजन संध्या की शुरुआत गणेश वंदना के साथ की गयी। भजन गायक शानू सोनी ने गाया प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी। आकाश गुप्ता ने गाया मैया ओ अम्बे मैया तेरी कृपा बनाए रखना। तरुण राजन ने उजली मैया तेरी कृपा निराली। लखनऊ से आई भजन गायक तनुश्री, पंकज निगम, भजन गायक हिमांशु पोरवाल, आकाश तिवारी ने भी सुंदर प्रस्तुति प्रस्तुत की। देर रात उजली मां की महाआरती व कन्याभोज के साथ भण्डारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजेश पाठक, दिनेश श्रीवास्तव, रामू तिवारी, हृदेष श्रीवास्तव, मुकेश अग्रवाल, रामनिवास वर्मा, शेखर शर्मा, अमरेन्द्र पाठक, सुमित पाठक, अन्नू निगम, प्रखर शर्मा, अमित, राकेश, अजय कुमार के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### शिकायत पर सप्लाई इंस्पेक्टर ने की जांच

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार** : तहसील रामसनेहीघाट के विकास खण्ड बनीकोडर टांडा पंचायत के उचित दर विक्रेता द्वारा बोरे का बंडल रखकर कार्डधारकों के अनाज के साथ तौलकर मानक से कम अनाज दिया जा रहा था। इसकी शिकायत मंगलवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर पूरे ऊंचे गांव निवासी विजय ने की थी। विजय ने कोटेदार पर आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम सभा के कोटेदार द्वारा अंगूठा लगाने के बाद राशन वजन करने वाले कांटे पर राशन पात्र के साथ साथ जूट का वजनदार बोरा रखकर वजन किया जाता है। जिससे मशीन में वजन पूरा कर लाभार्थियों को चूना लगाया जाता है। शिकायत पर गुरुवार को सप्लाई इंस्पेक्टर रामसनेहीघाट ने शिकायत कर्ता के गांव में मौके पर पहुंचकर जांच की। वहां पर लगभग तीन दर्जन कार्ड धारकों से बयान लिया। उसके बाद उचित दर विक्रेता के अभिलेखों का अवलोकन किया। सप्लाई इंस्पेक्टर ने बताया बयान लिए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### सेवानिवृत शिक्षक के निधन पर जताया शोक

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार** : सेवानिवृत्त शिक्षक कल्याण परिषद के तत्वावधान में हुई शोकसभा में शिवराजपुर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक उमाशंकर मिश्रा के निधन पर शोक जताया गया। उमाशंकर मिश्रा वर्ष 2014 में उच्च प्राथमिक विद्यालय ताला से सेवानिवृत्त हुए थे। शोक व्यक्त करने वालों में जिला महामंत्री पंडित सतीश चंद्र मिश्रा, पंडित सिद्धनाथ त्रिपाठी, राम अवध सिंह ओमप्रकाश अवस्थी माता बादल रावत उमानाथ शुक्ला हरिश्चंद्र त्रिपाठी चंद्रशेखर अवस्थी ओम प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

### मसौली में पुलिस ने की पैदल गश्त

**मसौली बाराबंकी, अमृत विचार** : चुनाव सम्पन्न होने के बाद गुरुवार को मसौली पुलिस ने पैदल गश्त कर ग्रामीणों को सुरक्षा का अहसास कराया। मसौली थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने गुरुवार को मसौली चौराहा से पैदल मार्च निकालकर कस्बा के विभिन्न मार्गो मे भ्रमण कर संदिग्ध लोगों से पूछताछ की।

### ढाबे पर खड़े ट्रक से 70 पेटी बिस्कुट चोरी

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार** : लखनऊ हाईवे स्थित एक ढाबे पर खड़े ट्रक से बुधवार की रात 70 पेटी बिस्कुट चोरों ने पार कर दिये। सहारनपुर के थाना गंगा लेडी ग्राम दीनार पुर निवासी चालक संजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह हरिद्वार से बिस्कुट लादकरर पटरंगा थाना जिला अयोध्या जा रहा था। बुधवार की देर रात कोतवाली अंतर्गत रघुवीर ढाबा भिटरिया पर ट्रक खड़ा करके सो गए। गुरुवार सुबह छह बजे सोकर उठा तो देखा कि ट्रक में लगी रस्सी ओर पर्दा हटा हुआ था। ट्रक में 905 बिस्कुट के डिब्बे थे जिसमें 70 डिब्बे बिस्कुट गायब थे। प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि ट्रक से बिस्कुट चोरी होने की जांच होने के बाद अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### भक्त के अधीन होते हैं प्रभु: मुकेश

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार** : भक्त की रक्षा के लिए प्रभु दौड़ कर चले आते हैं। जब कोई दीन हीन होकर प्रभु पर आश्रित हो जाता है तो उसकी सारी जिम्मेदारी भगवान स्वयं ले लेते हैं। उक्त कथा बहराइच रोड स्थित डॉक्टर परमानंद के आवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आचार्य मुकेश शुक्ला ने कही। उन्होंने कहा कि भगवान का हृदय बहुत विशाल है। यदि भक्ति में कोई गलती हो जाए और वह गलती मानते हुए उसका दोहराव ना करें तो प्रभु उसका भला कर देते हैं। आचार्य ने कहा कि भक्त प्रहलाद को भगवान ने खंभे में दर्शन देकर जान बचाई थी जो व्यक्ति भगवान के शरण में रहता है उसका कोई बाल बांका नहीं कर सकता है। उन्होंने ध्रुव महाराज की कथा कहते हुए कहा कि जो व्यक्ति धर्म के रास्ते पर चलते हुए अपने आप को समर्पित कर देता है भगवान उसको उच्च स्थान दिलाते हैं।

# अवैध नर्सिंग होम पर नहीं दर्ज कराया गया केस

**रामनगर, बाराबंकी**

**टीम गठित**

- सीएचसी से प्रसूता को नर्सिंग होम ले गयी थी आशा
- नर्सिंग होम से बरामद की गयी थीं दवाएं व इंजेक्शन

**अमृत विचार :** अवैध नर्सिंग होम में प्रसूता को भर्ती कराने के मामले में स्वास्थ्य महकमा लीपापोती में जुटा है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने कार्रवाई के नाम पर आशा बहू से मात्र स्पष्टीकरण मांग कर इतिश्री कर ली । अवैध नर्सिंग होम संचालिका के विरुद्ध न एफआईआर दर्ज कराई गई न ही संबंधित भवन को सील किया गया।

ज्ञात हो कि बुधवार को थाना रामनगर के ग्राम डिपुआ मजरे बड़नपुर निवासी प्रसव पीड़िता संजू पत्नी दीपक को उसके परिजन प्रसव पीड़ा होने पर सीएचसी रामनगर ले गए थे। जहां पर मौजूद नर्स व अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने इलाज करने के बजाय टरका दिया। इसके बाद आशा बहू ने उसके परिजनों को बरगला कर अवैध तरीके से संचालित मीरा नर्सिंग होम में ले जाकर भर्ती करा दिया। जानकारी होते ही प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने पुलिस बल के साथ अवैध नर्सिंग होम में छापा मारा और प्रसूता को सीएचसी ले आए। उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। छापे के दौरान मौके से बड़ी मात्रा में दवाएं ग्लूकोज की सीसी व इंजेक्शन बरामद हुए थे। इस पूरे मामले में अभी तक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के द्वारा दवाइयां को सील कर आशा बहू पुष्पा से स्पष्टीकरण मांगा गया है। चिकित्सा अधिकारी मुकुंद पटेल ने बताया जांच के लिए टीम गठित की गई है। इसके बाद कार्रवाई होगी।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर चाकू से किया हमला

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार** : पड़ोसी की पुत्री से छेड़छाड़ कर रहे युवक का विरोध करने पर चाकू से हमलाकर मरणासन्न कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गुरुवार की सुबह एक गांव निवासिनी किशोरी गांव में ही स्थित एक किराने की दुकान पर सामान लेने गई थी। वहीं पर मौजूद जिशान पुत्र हाजी नाम के युवक किशोरी से छेड़छाड़ करने लगा। यह देखकर पड़ोसी अफसार पुत्र निसार अहमद ने विरोध किया तो जिशान ने अफसार पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन घायल को उपचार के लिए सीएचसी बड़ागांव ले गये। जहां से प्राथमिक उपचार कर युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हमला करने वाले युवक को हिरासत में ले लिया है।

# सवारियां ढो रहे भार वाहन

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी**





लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर पिकअप में सवार यात्री। अमृत विचार

**अमृत विचार :** भार वाहनों पर धड़ल्ले से सवारियां ढोई जा रही हैं। आलम यह है कि ट्रैक्टर-ट्राली और पिकअप-डाला पर बेहिसाब सवारियां लादकर नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ायी जा रही हैं।

पुलिस हर दिन यातायात का पाठ पढ़ाती है। इसके बाद भी हादसों में कोई कमी नही आई है। इसके लिए निरंतर यातायात व्यवस्था में सुधार करने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार ने यातायात नियमों के उल्लंघन को लेकर नई नियमावली जारी की है। इसमें संशोधन करते हुए नियम सख्त कर जुर्माने की धनराशि भी बढ़ाई गई है। इसके बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार होता नहीं दिख रहा है। यहां धड़ल्ले से भाड़ा ढोने वाले वाहनों पर सवारियां ढोई जा रही हैं। पिकअप, डाला व ट्रैक्टर-ट्राली पर दर्जनों लोगों को बैठाकर इनका इस्तेमाल बतौर सवारी वाहन किया जा रहा है। यातायात पुलिस और परिवहन महकमे के अफसर नियमों की अनदेखी करने बस, मैजिक, आदि वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर रहे हैं।

साथ ही गोष्ठियों और रैली के जरिए यातायात नियमों के प्रति जागरूकता भी फैलाई जा रही है। लेकिन माल ढोने वाले वाहनों पर सवारियां बिठाने के मामले का जिक्र तक नहीं किया जाता है। गुरुवार को भी हमेशा की तरह लखनऊ-अयोध्या हाइवे पर पिकअप, डाला व ट्रैक्टर ट्रालियों पर लोग यात्रा करते नजर आए। वहीं इस मामले पर एआरटीओ अंकिता शुक्ला ने बताया कि ऐसे वाहनों के खिलाफ समय-समय पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। जल्द ही एक बार फिर ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।

**समर कैंप** | बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

# बच्चों ने बनाया गौतम बुद्ध का पोस्टर

**संवाददाता, मनकापुर**





बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पोस्टर बनाते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गुरुवार को शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम में बच्चों के लिए समर कैंप का द्वितीय दिवस था। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए गौतम बुद्ध के विविध मुद्राओं के पोस्टर बनाए। शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया ने बच्चों को महामानव गौतम बुद्ध के बारे में विस्तार से बताया। उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। चित्रकला प्रतियोगिता में पच्चीस बच्चों ने हिस्सा लिया। जिसमें पूनम भारती प्रथम, लक्ष्मी भारती द्वितीय व अंशिका मौर्य तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अतिरिक्त माधुरी,मो शोएब, दीपक प्रजापति,सूरज, अंकित मौर्य, शुभम, विकास, आकृति, संगीता, अंजलि, अजीत, भोला, संध्या वर्मा, विशाल, सचिन, रवि, नैन्सी आदि बच्चों के भी प्रयास सराहनीय रहा। शिक्षक से जब समर कैंप के बारे में पूछा गया कि बच्चों की उपस्थिति की क्या स्थिति है। इस पर शिक्षक ने बताया कि समर कैंप में बाल केन्द्रित शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है। बाल केन्द्रित मतलब बच्चों की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करना। जिसके तहत खेल कूद, व्यायाम, योग व रोचक शिक्षण के माध्यम से लगभग सभी विषयों को समेटने का प्रयास किया जाता है। सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक बहु कक्षा शिक्षण किया जाता है। बच्चों के प्रोत्साहन हेतु शिक्षण के दौरान प्रभावित करने वाले बच्चों को पुरस्कार भी दिया जाता है। अवकाश के समय सभी बच्चों को चार टाफी व एक पुड़िया शैम्पू दिया जाता है।

# चालक-परिचालक ने चार यात्रियों को पीटा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** एक प्राइवेट बस के चालक और परिचालक ने साथियों के साथ चार सवारियों को ढाबे पर पीटा। यात्री लखनऊ से खलीलाबाद जा रहे थे। कोतवाली पुलिस ने बस ड्राइवर और कंडक्टर सहित एक अन्य पर मुकदमा दर्ज किया।

जानकारी के मुताबिक आकाश पुत्र कैलाश निवासी ग्राम भारत थाना खलीलाबाद जिला संत कबीर नगर अपने साथी चंदू, हरिश्चंद्र, सत्यम के साथ कमता लखनऊ से अपने घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे । उसी दौरान एक प्राइवेट बस के कंडक्टर ने अपनी गाड़ी में यह कह कर बैठा लिया कि आगे थोडी दूर पर सवारी उतारेंगे वहां पर आप लोगों को बैठने के लिए सीट मिल जाएगी। कई जगहों पर सवारियां उतरने के बाद भी जब उन लोगों को सीट नहीं दी गई तो कंडक्टर से थोड़ी बहुत बहस हो गई। जिससे गुस्से में आग बबूला कंडक्टर सत्यव्रत उपाध्याय और ड्राइवर वैभव ने कोतवाली रामसनेही घाट अंतर्गत भिटरिया हाईवे पर लकी ढाबे पर गाड़ी रोककर अपने एक साथी अब्दुल्ला के साथ चारों को बस से उतारकर मारपीट की और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर बस लेकर भाग गए। कोतवाली पुलिस ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### मंदिर निर्माण समिति की बैठक आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद दिसंबर 2024 तक निर्माणाधीन राम मंदिर के कार्य का लक्ष्य रखा गया है, जिसको पूरा के लिए राममंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक शुक्रवार से शुरू होने जा रही है। बैठक में शामिल होने के लिए राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र गुरुवार को अयोध्या पहुंच गए हैं। उन्होंने रामजन्मभूमि परिसर जाकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर मंदिर के निर्माण की प्रगति भी जानी। नृपेंद्र ने ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ परिसर में संक्षिप्त बैठक भी की है। आज शुक्रवार को होने वाली बैठक में मंदिर के प्रथम व दूसरे तल के निर्माण की समीक्षा की जाएगी। प्रथम तल पर रामदरबार की स्थापना होनी है। डिजाइन आदि पर मंथन होगा।

### अनुपस्थित भंडार अधीक्षक का कटा एक दिन का वेतन

**अयोध्या, अमृत विचार :** रोडवेज की क्षेत्रीय कार्यशाला में अनुपस्थित पाए गए भंडार अधीक्षक का एक दिन को वेतन काट दिया गया। साथ ही कठोर चेतावनी दी गई। कार्रवाई अयोध्या क्षेत्र के सेवा प्रबंधक ने की। परिवहन निगम ने पत्र जारी कर निर्देश दिया था कि लोकसभा चुनाव तक किसी भी कर्मचारी का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। लेकिन क्षेत्रीय कार्यशाला के भंडार अधीक्षक शीतला प्रसाद पांडेय 21 मई को बिना सूचना के अनुपस्थित रहे। जानकारी पर सेवा प्रबंधक ने पांडेय का एक दिन का वेतन कटौती करते हुए भविष्य के लिए कठोर चेतावनी जारी की है।

### कथित चिकित्सक के मामले में भेजा रिमाइंडर

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के कथित चिकित्सक विनोद सिंह के मामले में कार्रवाई न होती देख प्रशासन ने एक बार फिर से उच्चाधिकारियों को रिमाइंडर भेजा है। सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार ने गुरुवार को बताया कि मामले में डीजी व एमसीआई को भी पत्र भेजकर आगे की कार्रवाई के लिए आदेश मांगा है।

# 2.92 करोड़ से लगे 18 हेल्थ एटीएम, नहीं मिला लाभ

## चौक-चौराहों पर खोखे की तरह खड़े 16 तरह की निःशुल्क जांच का था दावा

## आचार संहिता खत्म होने के बाद होगा इनका लोकार्पण

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** आचार संहिता लग जाने के कारण 2.92 करोड़ रुपये की लागत से नगर क्षेत्र में स्थापित कराए गए 18 हेल्थ एटीएम का नगर वासियों को लाभ नहीं मिल पाया। चौक-चौराहों पर लगे यह हेल्थ एटीएम खोखे की तरह खड़े हैं। प्राण प्रतिष्ठा के समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का निर्देश दिया था। उन्होंने यहां एक मल्टीस्पेशलिस्ट अस्पताल खोलने की भी बात कही थी। इस बीच उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बड़ी-बड़ी जांचों के लिए निजी संस्थानों से सहयोग लेने का निर्देश दिया था। आयोजन निपट गया, लेकिन राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत 2.92 करोड़ रुपये की लागत से 18 जगहों पर लगे हेल्थ एटीएम चालू नहीं हुए। स्थापना के समय सभी हेल्थ एटीएम पर 16 तरह की निशुल्क जांच का दावा किया गया था और लोकसभा चुनाव से पहले ही इन हेल्थ एटीएम का श्रीगणेश होना था।



नगर निगम परिसर में लगा हेल्थ एटीएम। अमृत विचार

### लोगों को मिलनी हैं इन जांचों की सुविधा

हेल्थ एटीएम पर चिकित्सक परामर्श सुविधा, डिजिटल हेल्थ, सामान्य एवं विशेष त्वरित जांच, सामान्य शारीरिक जांच (16 पैरामीटर्स), हृदय और ईसीजी लिपिड प्रोफाइल, मधुमेह, हीमोग्लोबिन, गर्भावस्था परीक्षण, मूत्र जांच (10 पैरामीटर्स), टाइफाइड, डेंगू, त्वचा परीक्षण, कान की जांच, यूरिक एसिड परीक्षण, फीटल हार्ट रेट समेत अन्य कई प्रकार की जांच की सुविधा मिलनी है।

### यहां-यहां लगाए गए हैं हेल्थ एटीएम

हेल्थ एटीएम विकास भवन कैम्पस, वेडिंग जोन (कृष्णा पैलेस के पास), रोडवेज बस स्टैंड, कैण्ट फैजाबाद, नगर निगम ऑफिस कैम्पस, डाभा सेमर स्टेडियम, जलकल अमानीगंज, बारात घर (जनौरा पक्का तालाब के पास), जोनल ऑफिस कौशलपुरी, जलकल कैम्पस अयोध्या, जोनल ऑफिस कैम्पस अयोध्या, जयसिंहपुर कुण्ड, सूर्य कुण्ड, दर्शन नगर, जमथरा रोड, पठान टोलिया, सदर तहसील, रीडगंज चौराहा, डीएम ऑफिस कैम्पस, मल्टीलेवल पार्किंग अयोध्या में स्थापित किए गए हैं।

### लोगों को नहीं करनी पड़ेंगी जेब ढीली

गली-गली खुले पैथोलॉजी केंद्रों पर होने वाली लूट से आम जनता को बचाने के लिए नगर क्षेत्र में हेल्थ एटीएम स्थापित किए गए थे। नगर निगम ने हेल्थ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सहयोग से यह एटीएम लगवाए है। दावा किया गया है कि पैथोलॉजी केंद्रों पर होने वाली लूट-खसोट से लोगों को बचाया जा सकेगा।

18 में तीन से हेल्थ एटीएम में काम पूरा है। सिविल का कार्य पूरा हो चुका है। एसी लगा है। मशीन की सुविधा उपलब्ध है। **-राजवीर सिंह, एक्सईएन निर्माण, नगर निगम**

अभी कोई भी हेल्थ एटीएम चालू नहीं हुआ है। सिविल स्ट्रक्चर आ गए हैं। सभी जगहों पर मशीनें रखा दी गई हैं, लेकिन टेक्निशियन बैठाना जरूरी रहेगा। इसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी से वार्ता चल रही है। आचार संहिता खत्म होने के बाद ही लोकार्पण होगा। **- संतोष शर्मा, नगर आयुक्त**

## राम मंदिर के खंभे में बनी हनुमान जी की मूर्ति खंडित

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर के प्रवेश द्वार के पास एक खंभे में बनी हनुमान जी की मूर्ति के खंडित होने की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से ट्रोल हो रही है। लिखा गया है कि अयोध्या में श्रीराम के भव्य मंदिर के मुख्य द्वार पर हनुमान जी की प्रतिमा का एक हाथ खंडित है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट संज्ञान ले। मंदिर में खंडित मूर्ति नहीं होनी चाहिए। वहीं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने इस मामले से इंकार करते हुए कहा कि यह पुरानी फोटो है। वर्तमान में कोई भी खंडित मूर्ति नहीं है।

**सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीर, ट्रस्ट ने किया इंकार**


# आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

अयोध्या कार्यालय

**रेंडमाइजेशन से लगाई गई बूथवार पोलिंग पार्टी व ईवीएम**

**अमृत विचार:** अंबेडकरनगर संसदीय क्षेत्र की गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में मतदान कराने के लिए, पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को जीआईसी से रवाना की जाएंगी। रेंडमाइजेशन के जरिए गुरुवार को बूथवार पोलिंग पार्टियों को लगा दिया गया। बूथों के लिए ईवीएम भी फिक्स कर दी गई। मतदान कार्मिकों को सुबह छह बजे जीआईसी बुलाया गया है। मतदान 25 मई को होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक ऋषिराज की मौजूदगी में गुरुवार को विकास भवन स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में तृतीय रेंडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा गोसाईगंज में कुल 481 पोलिंग पार्टियों के मतदान कार्मिकों और 33 माइक्रो ऑब्जर्वर का रेंडमाइजेशन किया गया। इसमें 44 पोलिंग पार्टियों और तीन माइक्रो ऑब्जर्वर रिजर्व शामिल हैं। सभी तैयारियां पूरी हो गई है। पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को रवाना होंगी।




### फैक्ट फाइल

**विधानसभा क्षेत्र गोसाईगंज**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 400418 |
| पुरुष मतदाता | 208689 |
| महिला मतदाता | 191702 |
| ट्रांसजेंडर मतदाता | 27 |
| सर्विस वोटर | 884 |
| जोनल मजिस्ट्रेट | पांच |
| सेक्टर मजिस्ट्रेट | 44 |
| वेब कास्टिंग | 233 बूथ |
| बीएलओ | 237 |
| सुपरवाइजर | 44 |

# ऑनलाइन सट्टा खिलवाने में 21 गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गुरुवार को एप इंस्टाल करवा ऑनलाइन सट्टा खिलवाने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गाजियाबाद से गिरोह के 21 लोगों को गिरफ्तार किया है।

साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायत मिली थी कि व्हाट्सअप के माध्यम से संदेश भेज ऑनलाइन सट्टा में रकम लगाने पर मोटा मुनाफा का झांसा दिया जा रहा है। बैट डेली व योलो 247 एप इंस्टाल करवा रकम हड़प ली गई। शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट पंजीकृत की थी।


पुलिस हिरासत में ऑनलाइन सट्टा गिरोह के सदस्य। अमृत विचार

**गाजियाबाद से हुई सभी की गिरफ्तारी**

साइबर क्राइम थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने गुरुवार को बताया कि गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ लोनी स्थित भारत सीटी सोसायटी के दो अलग-अलग कॉल सेंटरों से आनन्द शुक्ला, खेमराज जोशी, केशवराज जोशी, तेजराज फुलारा, रविकुमार, माधवेन्द्र शुक्ला, तेगराज भट्ट, उमेशराज ओझा, केशवराज कपाड़ी, मनोज राज जोशी, दिल्ली राज भट्टी, बिरखा बोगाटी, प्रशान्त पेशवानी, उमेश अवस्थी, नवीन पनेरू, नीरज बोहरा, मनीष कुमार पोद्दार, टेक बोगाटी, मानबहादुर धामी, लक्ष्मन ओझा और भुवन फुलारा को गिरफ्तार किया है। इनके पास से वारदात में प्रयुक्त मोबाइल उपकरण बरामद हुआ है। पुलिस ने दर्ज मामले में कूटरचना की धारा बढ़ाई है।

### पूर्णिमा पर राम मंदिर में उमड़ी दर्शनार्थियों की भीड़


रामनगरी में वैशाख शुक्ल पूर्णिमा पर को गुरुवार को लाखों श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में स्नान कर मठ-मंदिरों में दर्शन पूजन किया। राम मंदिर में तो श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से देर शाम तक श्रद्धालु दर्शन को कतारबद्ध दिखे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की तस्वीर भी जारी की। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि पूर्णिमा पर सुबह रामलला का शृंगार के बाद भव्य आरती की गई। उन्हें रबड़ी का भोग लगाया गया। दोपहर में खीर पूड़ी और मीठे का भोग लगाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन-पूजन किया।

# प्रदेशीय स्कूली बालिका सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 28 से

अयोध्या कार्यालय

**300 खिलाड़ी करेंगी शिरकत**

**अमृत विचार:** प्रदेशीय विद्यालयीय अंडर-17 बालिका सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता मकबरा स्थित डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम में 28 मई से शुरू होगी।



प्रतियोगिता के आयोजन सचिव आदर्श इंटर कॉलेज के प्राचार्य वरुण प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 18 मंडल की टीमों को प्रतिभाग करना है। प्रतियोगिता संयोजक संयुक्त शिक्षा निदेशक सतीश सिंह व सह संयोजक जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्य के निर्देशन में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए आयोजन समिति गठित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न मंडलों की लगभग 300 बालिका फुटबॉल खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगी। इनके आवास की व्यवस्था मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज व क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम के छात्रावास में की गई है। मंडलीय क्रीड़ा सचिव धर्मेंद्र ने बताया कि प्रतियोगिता के मैच क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम में होंगे। मानक के अनुरूप निष्पक्ष निर्णय के लिए स्तरीय रेफरी व ऑफिशियल होंगे। प्रतियोगिता का 28 मई को समारोहपूर्वक उद्घाटन तथा 30 मई को पुरस्कार वितरण के साथ समारोहपूर्वक समापन होगा।

## छुट्टी की खुशी हुई काफूर जिला छोड़ने पर लगी रोक

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** कक्षा एक से आठ तक के बेसिक स्कूलों 18 मई से बंद कर दिए गए हैं। इससे शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। शिक्षक गर्मियों के अवकाश का आनंद लेने के लिए घूमने जाने की तैयारियां कर रहे थे, लेकिन बेसिक शिक्षा विभाग के आदेश ने उनकी योजना पर पानी फेर दिया है। आदेश में कहा गया है कि चार जून को मतगणना होनी है। इसमें शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जा सकती है। इसे देखते हुए जिले के समस्त प्रधानाध्यापक, इंचार्ज, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र व अनुदेशक जिला मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। यदि मुख्यालय से उनकी अनुपस्थिति की जानकारी मिलती है तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई होगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि चार जून के बाद ही शिक्षकों को बाहर जाने के लिए अनुमति दी जा सकती है। वह भी आवेदन करने के बाद। चार जून तक कोई भी जिला मुख्यालय से बाहर नहीं जा सकता है।

# चांदनी रात में कट रही समदा के शिकारियों की चांदी

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** चुनाव में अधिकारियों की व्यस्तता के चलते समदा पक्षी विहार से शिकारियों बेखौफ शिकार किया। चांदनी रात के उजाले में जाल डाल कर बड़ी-बड़ी मछलियां निकाली और लाखों रूपये का वारा न्यारा किया।

राममंदिर की रिंग रोड और पर्यटन के नजरिए से पक्षी विहार सौंदर्यीकरण शासन की इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर अब तक नौ करोड रुपये से ज्यादा की धनराशि खर्च हो चुकी है। लगभग 65 हेक्टेयर भूमि में फैली दर्जन भर ग्राम पंचायत से घिरी इस झील पर चारों तरफ से बनाए गए जलाशय के रूप में बांध पक्षियों के लिए टीले और लगाए गए करोड़ों की लागत से वृक्षों के चलते अब सैकड़ों लोग सुबह शाम झील पर टहलने के लिए आने लगे है। मनरेगा के धन से शुरू हुई इस झील में बने जलाशय में डाली गई मछलियां बड़ी होकर पर्यटकों को लुभा रही है। छह महीने से इनका शिकार बनाने वालों ने झील पर ग्रहण लगा दिया है। चुनाव से पहले उप जिलाधिकारी अशोक कुमार सैनी ने भरी दोपहर छापा मारा तो करीब 12 शिकारी पकड़े कर मछलियां झील में वापस डलवाई थीं। शिकारियों के जाल कांटे जब्त कर चेतावनी देते हुए छोड़ दिया गया। चार सुरक्षाकर्मी रखवाली के लिए बन विभाग से तैनात हुए, लेकिन यह ज्यादा दिन नहीं चला। झील फिर इतनी असुरक्षित हो गई कि चुनाव भर रात में चांदनी के उजाले में शिकारियों ने प्रशासन की व्यस्तता का पूरा फायदा उठाया। झील को मछलियों से खाली करने में कोताही नहीं की। पड़ोसी गांव के ग्रामीणों ने इसकी शिकायत प्राधिकरण के सचिव से की। जिसके आधीन यह परियोजना चल रही है, तो जिम्मेदारों ने कहा क्या समदा हमारे ही नाम लिखी है। झील में पानी भराया जा रहा है सुरक्षा कर्मी लगे है और क्या करे।



सोहावल स्थित समदा झील। अमृत विचार

झील रौनाही थाने की सीमा और पूरा कलंदर थाना क्षेत्र में आती है। पुलिस को रात में सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी। चुनाव की व्यस्तता का लोगों ने फायदा उठाया होगा। दोनों थाना प्रभारियों से बात कर सुरक्षा की जिम्मेदारी तय की जायेगी। लापरवाही बरतने वालों के साथ शिकारियों पर भी अब दया नही होगी कड़ी कार्रवाई होगी। **-अशोक कुमार सैनी, उप जिला अधिकारी सोहावल।**

## सार-संक्षेप

### दो मामलों में लोक संपत्ति को क्षति पहुंचाने की रिपोर्ट

**अयोध्या, अमृत विचार।** रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र में नजूल विभाग ने छह लोगों के खिलाफ दो मामले दर्ज कराए हैं। रामजन्मभूमि थाना पुलिस में दर्ज केस में नजूल विभाग के अमीन/लेखपाल रामवृक्ष मौर्या का कहना है कि मोहल्ला कजियाना के बाग बिजेशी स्थित नजूल जमीनों का स्वामित्व सरकार के नाम है। मालिकाना हक न होने के बावजूद लोगों की ओर से खाली पड़ी नजूल स्वत्व की भूमियों पर अवैध कब्जा और निर्माण किया जा रहा है। एक सप्ताह पूर्व बाग बिजेशी निवासी दुर्गा प्रसाद, पिन्टू पांडेय, राजकपूर दूबे, पिंकी सोनकर व दुर्गा गुप्ता को कब्जे से मना किया गया था। ऐसे में इनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाए। वहीं दूसरे केस में नजूल अमीन ने बाग विजेशी निवासी नगीना पत्नी अशोक कुमार पांडेय पर मना करने के बावजूद निर्माण कार्य कराने का आरोप लगाया है। कहा है कि भूमि गाटा संख्या 34, 52 व 53 नजूल में दर्ज है। गाटा संख्या 34 व 53 के एक हिस्से में नगीना की ओर से जबरिया निर्माण कराया जा रहा है। थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि नजूल विभाग के अमीन/लेखपाल की ओर से पुलिस को दो तहरीर मिली हैं। दोनों मामलों में अलग-अलग लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 की धारा तीन के तहत नामजद रिपोर्ट दर्जकर विवेचना कराई जा रही है।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**अयोध्या, अमृत विचार।** रौनाही थाना क्षेत्र के डेलवाभारी निवासी शिवम तिवारी (25) पुत्र स्व पारसनाथ ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। उसका भाई बबलू तिवारी उसको जिला अस्पताल लेकर आया। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि मृतक घोषित किए जाने के बाद परिवारीजन शव को लेकर चले गए। मामले की सूचना नगर कोतवाली पुलिस को दी गई है।

### इंचार्ज प्रधानाध्यापकों ने उठाई समान वेतन की मांग

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सप्ताह भर पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट की ओर से दिए गए फैसले के बाद परिषदीय विद्यालयों में बतौर इंचार्ज प्रधानाध्यापक के रूप में तैनात शिक्षकों ने प्रधानाध्यापक के समान वेतन की मांग उठाई है। बेसिक शिक्षा अधिकारी को गुरुवार को दिए गए ज्ञापन में शिक्षकों का कहना है कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद अब विभाग को प्रधानाध्यापकों के समान वेतन प्रदान करना चाहिए। ज्ञापन में कहा है कि जिले में 300 से अधिक शिक्षक ऐसे हैं जो लंबे समय से प्रधानाध्यापक का चार्ज संभाले हुए हैं। जबकि, वेतन सहायक अध्यापक का पा रहे हैं। प्रभारी प्रधानाध्यापक को प्रधानाध्यापक का वेतन दिए जाने को लेकर अब तक 100 से अधिक इंचार्ज प्रधानाध्यापक शिक्षकों ने प्रतयावेदन भी जमा कर दिए हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय का कहना है कि यह फैसला शासन स्तर पर होना है। अभी ऐसा कोई आदेश नहीं आया है।

### विवि व सम्बद्ध महाविद्यालयों में चार जुलाई तक ग्रीष्मावकाश

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में 23 मई से चार जुलाई तक ग्रीष्मावकाश घोषित किया। इस अवधि में विश्वविद्यालय की सभी परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रमा से सम्पन्न होती रहेंगी। इस आशय का पत्र विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा गुरुवार को जारी कर दिया गया है। कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के आदेश क्रम में अवकाश की अवधि में समस्त शिक्षक एवं कर्मियों को संकायाध्यक्ष, निदेशक, विभागाध्यक्ष, पाठ्यक्रम समन्वयक विश्वविद्यालय परिसर एवं प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय द्वारा किसी भी परीक्षा, शैक्षणिक कार्य के लिए बुलाये जाने पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। इसके अतिरिक्त सम्बन्धित शिक्षक पाठ्यक्रम पूर्ण करने, आन्तरिक मूल्यांकन, अध्ययन बोर्ड का कार्य सम्पन्न करने के बाद ही अवकाश का उपभोग करेंगे। ग्रीष्मावकाश की उक्त अवधि में शैक्षणिक, परीक्षा सम्बन्धी कार्यों में संलग्न शिक्षकों को एक के सापेक्ष एक प्रतिकर अवकाश देय होगा। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया ग्रीष्मावकाश की अवधि में विश्वविद्यालय के कार्यालय यथावत खुले रहेगें।

### प्रदेशीय रोलर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना


रवाना होने से पहले अयोध्या स्टेशन पर रोलर स्पोर्ट्स की जिला टीम।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** गाजियाबाद में शुक्रवार से होने वाली पांचवीं यूपी ओपेन स्टेट रोलर स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करने वाली चयनित जनपदीय टीम गुरुवार को रवाना हुई। जिला रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव रवीन्द्र कुमार ने बताया कि गाजियाबाद के जेएसके ट्रैक पर उप्र रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में होने वाली प्रतियोगिता के लिए यहां पांच सदस्यीय टीम का चयन किया गया। टीम में रेस नं. 500 डी, 100 मीटर व 100 मीटर रोड के लिए समर्थ, रेस नं. 500 डी, 1000 मीटर व 3000 मीटर रोड के लिए असीम, रेस नं. 500 डी, 100 मीटर व वन लैप के लिए सात्विक, रेस नं. टू लैप व फोर लैप रोड के लिए उत्सर्ग, तथा रेस नं. 5000 डी, 1000 मीटर व 100 मीटर रोड के लिए केशव चयनित किए गए हैं। जिला सचिव व टीम कोच रवीन्द्रतीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रतिभागी जिला टीम के खिलाड़ियों से बेहद उम्मीदें हैं।

**कवायद** जिले के सड़क के किनारे पड़ने वाले स्कूल-कॉलेजों के निकट लगेंगे सेफ्टी प्वॉईंट

# हादसों में कमी लाने के लिए लागू होगा मिशन सेफ्टी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में हर वर्ष सड़क हादसों में 300 से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। यह आंकड़ा भयभीत करने वाला है। अब सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए अब मिशन सेफ्टी लागू होने जा रहा है।

इसके तहत सड़क के किनारे पड़ने वाले निजी और सरकारी स्कूलों और कॉलेजों के निकट 500 से 800 से मीटर दूर जागरूकता बोर्ड भी लगाए जाएंगे। जिससे कि वाहन चालक स्कूल के पास पहुंचते ही अपने वाहनों की स्पीड कम करें। शासन के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग ने करीब 150 निजी और 350 सरकारी स्कूल चिह्नित भी कर लिए है। जिनके आसपास शीघ्र ही जागरूता बोर्ड लगाएं जाएंगे।

**स्कूलों को चिह्नित करने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी को दी गई जिम्मेदारी**




**पहले चरण में 150 निजी और 300 सरकारी स्कूलों में लागू होगी योजना**

महानिदेशक स्कूली शिक्षा की ओर से जारी सूचना के अनुसार इस मिशन सेफ्टी अभियान में बोर्ड और अन्य कार्यक्रमों के लिए बेसिक शिक्षा विभाग को नोडल इकाई बनाया गया है। विभाग द्वारा परिवहन विभाग, पुलिस विभाग को भी साथ लेकर तय किए गए कॉलेजों और स्कूलों के निकट बोर्ड लगाए जाएंगे। इन बोर्डों पर साफ-साफ लिखा होगा कि आगे स्कूल है धीमी और आदर्श गति से वाहन चलाएं। प्रयास किया जा रहा है बोर्डों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएं। जिससे ओवर स्पीड वाहन कैद हो सके और उन पर पुलिस कार्रवाई कर सके। ये कैमरे संबधित स्कूल से सीसीटीवी रुम से कनेक्ट होंगे।

### किशोरों को वाहन न देने का अभियान भी होगा शामिल

किशोरों को वाहन न देने के अभियान को भी मिशन सेफ्टी में प्रभावी बनाया जाएगा। विभाग के अनुसार गर्मी की छुट्टियों के बाद सभी स्कूलों और कॉलेजों के प्रबंधकों की बैठक होगी और उन्हें स्कूल में यह व्यवस्था प्रभावी करने का हलफनामा देना होगा। इसके लिए नगर क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा। जो स्कूलों का परीक्षण करेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में खंड वार खंड शिक्षा अधिकारी नोडल होंगे।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा की यह पहल सराहनीय है। स्कूल कॉलेज लगभग चिह्नित कर लिए गए हैं। जागरुकता बोर्ड और संकेतक लगाने के लिए मतगणना के बाद निविदा आमंत्रित की जाएगी। **-संतोष कुमार राय, बीएसए।**

## चुनाव प्रचार थमा, अब घर-घर संपर्क

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** अंबेडकरनगर संसदीय क्षेत्र की विधानसभा गोसाईगंज में गुरुवार शाम पांच बजे चुनाव प्रचार थम गया। प्रत्याशी से समर्थक तक अब मतदाताओं के घर जाकर संपर्क कर रहे हैं। साथ ही मतदान को लेकर सरकारी मशीनरी भी सक्रिय हो गई है। बूथों की व्यवस्था के साथ शांति व सुरक्षा को लेकर कवायद शुरू हो गई है।

क्षेत्र के लोगों के मुताबिक इस बार गोसाईगंज में लोकसभा चुनाव का परिदृश्य बदलने के लिए पहले से ही दलों के बड़े नेता कसरत कर रहे है। अंतिम समय में समीककरण गड़बड़ाने न पाए, इसको लेकर नए सिरे से जोरदार प्रयास है। मतदान कराने की जिम्मेदारी अयोध्या जिला प्रशासन की है। इसलिए सरकारी मशीनरी सक्रिय हो गई है। बूथों की व्यवस्था के लिए निरीक्षण के लिए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश पहले ही दिए जा चुके है।

## एक नजर

### अधेड़ की मौत के मामले में अज्ञात पर केस

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री की जनसभा में आ रहे अधेड़ की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। बताते चलें कि बीते बुधवार को थाने के हिंदुआबाद बाद गांव के राम सिंगार निषाद प्राइवेट बस से मुख्यमंत्री की जनसभा में आ रहे थे। वह जैसे ही दौलतपुर गांव के पास पहुंचे तभी बस से गिरकर चक्के के नीचे आ गए। जिससे दब कर उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र दुर्गेश निषाद की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 27 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली नगर में तैनात उपनिरीक्षक राकेश कुमार ओझा बुधवार की रात हमराहियों के साथ क्षेत्र में थे। तभी सूचना मिली कि एक युवक स्मैक के साथ बहादुरपुर रोड पर आईटीआई कालेज के पास खड़ा है। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी करते हुए उसे पकड़ लिया। तलाशी के उसके पास से 27ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम अकरम उर्फ पप्पू निवासी काशीराम कालोनी सुलतानपुर के रुप मे हुई।

### निधन पर जताया शोक

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मंगरा भादर निवासी कलेक्ट्रेट के अधिवक्ता रामबरन दूबे के निधन पर गुरुवार को दीवानी न्यायालय स्थित अधिवक्ता संघ भवन में आयोजित शोकसभा में वकीलों ने दो मिनट का मौन रखकर शोक जताया। वकीलों ने कार्य बहिष्कार किया। इस मौके पर बार अध्यक्ष अरविंद पांडेय, सचिव आर्तमणि मिश्र, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शर्मा, नागेंद्र सिंह, अजय सिंह, ध्रुवराज सिंह, श्रवण पांडेय, अरविंद सिंह, संतोष पांडेय आदि मौजूद रहे।

# एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ छेड़छाड़ का केस

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** आशा बहु से छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी के मामले में पुलिस ने आपसी रंजिश का मामला बताकर युवक को क्लीन चिट देते हुए शांति भंग में चालान कर मामले से पल्ला झाड़ लिया था। बाद में एसपी के आदेश पर आरोपी पर छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

कुड़वार थाना क्षेत्र के कोटिया पासी का पुरवा गांव निवासी गुलाबी देवी पत्नी हरीलाल ने एसपी सोमेन बर्मा को शिकायती पत्र सौंपा। उसने बताया कि वह सीएचसी कुड़वार में आशा बहू है। बीते 17 मई को अलीगंज बाजार में लोगों का आभा कार्ड बनवा घर लौट रही थी। सवारी न मिलने से उसे देर हो गई। आरोप है कि रास्ते में शाम करीब सात बजे गांव के ही जलील अहमद खान उर्फ लल्लन उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर उसने कहा कि तुम्हारे बच्चों व पति को मार देंगे। गुहार लगाते हुए किसी तरह छुड़ाकर भागते हुए डायल 112 को फोन किया। महिला हेल्प लाइन 1076 पर भी फोन किया। लेकिन कोई सहायता नहीं मिली। स्थानीय पुलिस ने भी कोई विधिक कार्रवाई नहीं की। अब एसपी के आदेश पर कुड़वार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मां के लिए वोट मांगने पहली बार आए वरुण गांधी

## नुक्कड़ सभाओं में कहा- सबका अधिकार हमारे परिवार के ऊपर है, लोगों को दिया अपना मोबाइल नंबर

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पीलीभीत से टिकट कटने के बाद पहली बार सार्वजनिक मंच पर आए वरुण गांधी ने अपनी मां व सुलतानपुर से भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी के समर्थन में गुरुवार को यहां एक दर्जन से ज्यादा चुनावी सभाओं को संबोधित किया। वरुण ने कहा कि सबका अधिकार हमारे परिवार के ऊपर है। कोई हमसे अलग नहीं है। पूरे सुलतानपुर में एक भी व्यक्ति से कोई गुस्सा नहीं, कोई दुश्मनी नहीं। हमारे सामने भी जो चुनाव लड़ रहे हैं, बाद में अगर वह बीमार पड़े तो सबसे पहले हम उनकी मदद करेंगे।

वरुण ने कहा कि जब मैं सुलतानपुर पहली बार आया था तो यहां पर हमें अपने पिता संजय गांधी की खुशबू मिली थी, लेकिन आज मुझे कहने में गौरव महसूस हो रहा है कि आज मैं अपनी मातृ भूमि में आ गया। मैं ये चाहता हूं अगर यहां कोई संकट कभी आए तो अपने आपको अकेला नहीं समझे। मैं अपने फोन नंबर का एक सुरक्षा कवच दे रहा हूं। जिसके पास माता मेनका का नंबर है वह और बड़ा सुरक्षा कवच है। मैं बड़ी जिम्मेदारी से यह बात कहता हूं सुलतानपुर में न काबिलियत की कमी है, न साहस की कमी है, न प्रतिभा की और न स्वाभिमान की। जिले के लोगों को केवल ऐसा एक व्यक्ति चाहिए जो उनको अपना परिवार माने।



नुक्कड़ सभा को संबोधित करते वरुण गांधी। अमृत विचार

वरुण गांधी ने कहा कि परिवार का मतलब होता है हर वार पे जो साथ दे वही परिवार होता है। हम लोग एक वादा करते हैं नाली, सड़क, बिजली यह सब होता रहेगा। पर, हम सब वादा करते हैं खून के रिश्ते का, सुलतानपुर का कोई व्यक्ति कभी अकेला नहीं होगा। वरुण के भाषण में भाजपा और उसका शीर्ष नेतृत्व गायब दिखा। मोदी परिवार वाले टैग लाइन से हटकर उन्होंने अपने परिवार की बात की। इससे साफ दिखा कि वरुण भाजपा से अलग होकर मां के लिए वोट मांग रहे हैं।

# बेकाबू कार ने भाइयों को रौंदा, दोनों की मौत

## लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर हसनपुर गुमटी के पास हुआ हादसा, घटना से परिजनों में कोहराम

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लखनऊ-वाराणसी हाइवे पर बंधुआकला थाना क्षेत्र के हसनपुर गुमटी के पास गुरुवार को बेकाबू कार ने स्कूटी सवार सगे भाइयों को रौंद दिया। एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे भाई ने लखनऊ हास्पिटल गेट पर दम तोड़ दिया। दो युवाओं की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

कोतवाली नगर के पांचोपीरन कस्बा निवासी शब्बीर के दो पुत्र समीर उर्फ पप्पू डेंटर (38) व अमीर उर्फ गुड्डू (30) गुरुवार को घर का कुछ जरूरी सामान लेने स्कूटी से बंधुआकला थाना क्षेत्र के हसनपुर क्षेत्र में जा रहे थे। दोनों भाई हसनपुर गुमटी के पास पहुंचे थे कि लखनऊ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी व कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं दोनों भाई सड़क पर दूर जा गिरे। तत्काल स्थानीय लोग मौके पर राहत और बचाव के लिए पहुंचे, लेकिन तब तक एक भाई की मौत हो चुकी थी। आनन-फानन में दूसरे भाई को प्राइवेट वाहन से राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि ट्रॉमा सेंटर गेट पहुंचते ही दूसरे भाई ने भी दम तोड़ दिया। एसओ बंधुआकला अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया अभी परिवार से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। गाड़ी को कब्जे में ले लिया गया है। पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### किशोर चला रहा था कार

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो जिस चार पहिया वाहन से दुर्घटना हुई है उसे नाबालिग लड़के चला रहे थे। बताया जा रहा है कि गाड़ी व बच्चे शहर के ही एक प्रतिष्ठित हींग व्यवसाई के परिवार के हैं। ऐसे में अब पूरी तरह से उन्हें बचाने का प्रयास जारी है।



हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़ व इनसेट में मृतक सगे भाइयों की फाइल फोटो।

### मृतक पांच भाई थे, दो की एक साथ मौत से मातम

समीर व अमीर पांच भाई थे। एक साथ दो सगे भाईयों की मौत से परिवार समेत गांव में मातम पसर गया है। घर पर शोक संवेदना प्रकट करने वालों का तांता लगा हुआ है। लोग परिवार वालों को ढाढस बंधा रहे हैं। वही कोतवाली नगर पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई में जुट गई।

# अपहरण व दुराचार के दो दोषियों को 10 वर्ष की सजा

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** अमेठी के थाना क्षेत्र बाजार शुकुल के एक गांव से 10 साल पूर्व किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में न्यायाधीश एकता वर्मा ने दो दोषियों को 10 वर्ष की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषियों पर 70 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बाजार शुकुल थाने के एक गांव की किशोरी का 14 सितंबर 2014 को अपहरण कर लिया गया था। मामले में किशोरी के गांव के ही रामहेत व उसके साले संजय के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। आरोपी संजय बाराबंकी जिले के सुबेहा थाने के कैथी गांव का निवासी है। कोर्ट ने आरोपी संजय को अपहरण व दुष्कर्म करने और आरोपी रामहेत को अपहरण का दोषी मानते हुए 10-10 वर्ष की सजा सुनाई है।

### आप सांसद संजय सिंह के मामले में सुनवाई 6 को

**सुलतानपुर :** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गुरुवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने सुनवाई के लिए 6 जून की तारीख नियत की है। संजय सिंह व 13 नामजद के खिलाफ 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाने में आचार संहिता की उल्लंघन के आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज किया था। केस में अन्य आरोपी जमानत करा चुके है, जबकि आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी है।

# संविधान बचाने को दें कांग्रेस का साथ

- बसपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व एमएलसी डा. ओम प्रकाश त्रिपाठी ने कांग्रेस कार्यालय पर की पत्रकार वार्ता

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बसपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व एमएलसी, वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डा. ओम प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि संविधान बचाने को वे राहुल गांधी के साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि आज हर किसी को संविधान बचाने को कांग्रेस का साथ देना चाहिए। वह गुरुवार को कांग्रेस कमेटी पर पत्रकारों से मुखातिब थे।

डा. त्रिपाठी बसपा छोड़ कांग्रेस का दामन थामा है। कहाकि बसपा से उन्हें बहुत सम्मान मिला है, उन्हें एमएलसी, संगठन में कई जोन का जोनल कोऑर्डिनेटर बनाया गया। विधान सभा टिकट भी दिया। राष्ट्रीय महासचिव के पद पर थे। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार के जनविरोधी कार्यों का पार्टी द्वारा विरोध न किए जाने से आहत होकर उन्होंने बसपा के सभी पदों व प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देकर राहुल गांधी के समक्ष कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर लिया।



प्रेसवार्ता में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते डॉ. त्रिपाठी।

यहां पूरा कांग्रेस परिवार ताकत से गठबंधन के प्रत्याशी को जिताएगा। कहा कि शुरू में उनका पूरा परिवार कांग्रेसी था। आज उनकी घर वापसी हुई है। प्रेस वार्ता के पहले डा. ओम प्रकाश त्रिपाठी ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ पहली औपचारिक मुलाकात की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, राष्ट्रीय मीडिया कोआर्डिनेटर राजेश तिवारी, योगेश पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्र, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्रीपति मिश्रा के पुत्र प्रमोद मिश्रा, पार्टी प्रवक्ता अमोल बाजपेई व राहुल त्रिपाठी आदि रहे।

# सोनू के आने से मजबूत हुआ गठबंधन

- मायंग में जनसंवाद की पंचायत में दिखाई ताकत

धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** सपा नेता पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह (सोनू) ने इंडी गठबंधन के प्रत्याशी रामभुआल निषाद को जिताने के लिए हुंकार भरी। भीड़ देख गदगद गठबंधन प्रत्याशी ने कहा कि अब जीत की राह आसान हो गयी है।

मायंग गांव में बुधवार को गठबंधन प्रत्याशी के लिये आयोजित जन संवाद बैठक कार्यक्रम में प्रचार के अंतिम क्षणों मे सपा और कांग्रेस के दिग्गजों ने झोंकी ताकत। दर्जनों प्रधानों के साथ हजारों की भीड़ देख गठबंधन प्रत्याशी राम भुआल निषाद गदगद हो गये। उन्होंने बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि भाजपा सरकार ने पूंजी पतियों का सिर्फ हित किया है। किसान, बेरोजगार और मजदूरों के साथ धोखा किया है। नौकरी का वादा करके शिक्षित नौजवानों को नौकरी नहीं दी, महिलाओं के लिये कुछ नही किया। पार्टी के दिग्गज नेताओं और भारी भीड़ से चकित उन्होंने कहा कि अब जब युद्ध की कमान सोनू सिंह ने थाम ली तो जीत में कोई सदेंह नहीं रहा। बैठक मे सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक राणा, पूर्व विधायक संतोष पांडेय, पूर्व विधायक अरुण वर्मा, पूर्व विधायक भगेलू राम, पूर्व विधायक अनूप संडा, ओपी चौधरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख यश भद्र सिंह मोनू, अंशू सिंह, दशरथ उपाध्याय, दीपक सिंह के साथ दर्जनों प्रधान मौजूद रहे।



मायंग पहुंचे सपा प्रत्याशी का सोनू सिंह ने किया स्वागत। अमृत विचार

# दहेज के लिए पत्नी को घर से निकाला, मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कुड़वार थाना क्षेत्र के गजेहडी निवासी एजाज खान की पुत्री रोशनी बानो ने थाने पर तहरीर दी है।

पीड़िता ने दी गई तहरीर में बताया कि उसका निकाह दोस्तपुर थाना क्षेत्र के शैलखा बनी गांव निवासी आजाद अहमद के बेटे एजाज अहमद से हुआ था। निकाह में उसकी मां ने अपाची बाइक, डेढ़ लाख की नकदी व अन्य कीमती सामान दिया था। ससुराल आने पर उसके पति एजाज अहमद, जेठ शाहबाज, सास नौसिदा, जेठानी रुकैया उर्फ आसमां, ननद बुसरा उर्फ रानी कम दहेज की बात कर प्रताड़ित करने लगे। उक्त लोग दहेज में कार व पांच लाख नकदी की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर सभी लोगों ने उसे मारपीट कर जब उसके पेट में बच्चा था, घर से निकाल दिया। मायके में ही बेटी पैदा हुई, जिसका देखभाल व खर्च मां ने उठाया। बाद में मां ने जब 60 हजार रुपए दिए तो वह लोग उसे ले गए। आरोप है कि कुछ दिन बाद वह लोग फिर मारते हुए पुरानी मांग करने लगे। एक दिन रात में उक्त लोगों ने उसे मारपीट कर बेटी के साथ घर से निकाल दिया। कुड़वार थाना प्रभारी ने बताया कि पति सहित अन्य लोगों पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# श्रद्धा के बिना भक्ति नहीं होतीः ब्रह्मर्षि

- सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महापुराण का समापन

चांदा, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** स्थानीय कोथरा खुर्द में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महापुराण के विसर्जन दिवस पर वृन्दावन धाम से पधारे देवरहा बाबा के कृपा पात्र ब्रह्मर्षि देवदास जी महाराज ने कहा कि श्रद्धा के बिना भक्ति नहीं होती तथा विशुद्ध हृदय में ही भागवत टिकती है।

महराज ने कहा कि भगवान के चरित्रों का स्मरण, श्रवण करके उनके गुण, यश का कीर्तन, अर्चना, प्रणाम करना, अपने को भगवान का दास समझना, उनको सखा मानना तथा भगवान के चरणों में सर्वस्व समर्पण करके अपने अंतःकरण में प्रेमपूर्वक अनुसंधान करना ही भक्ति है। महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण को सत्य के नाम से पुकारा गया। जहां सत्य हो वहीं भगवान का जन्म होता है। भगवान के गुणगान श्रवण करने से तृष्णा समाप्त हो जाती है। परमात्मा जिज्ञासा का विषय है, परीक्षा का नहीं। इसके पूर्व मुख्य जजमान जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव ने व्यासपीठ की पूजन और आरती किया। आचार्य मोरध्वज, आचार्य आशीष, पंडित संदीप त्रिपाठी ने विधिपूर्वक पूजन कार्य संपादित कराया। ग्राम प्रधान नंदलाल, प्रवीण श्रीवास्तव, प्रशांत , उमेश श्रीवास्तव, आशीष ने पुष्पहार भेंट कर महाराज श्री का आशीर्वाद लिया। संगीतमय कथा के मध्य भजनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।



चांदा में कथा सुनने के लिए उमड़े श्रद्धालु। अमृत विचार

# बिना प्रदूषण लाइसेंस संचालित हो रहे ईंट भट्ठे

**देवाढ़ बाजार, सुलतानपुर, अमृत विचारः** क्षेत्र में कई ईंट भट्ठों का बिना प्रदूषण लाइसेंस के संचालन हो रहा है। जिससे प्रदूषण का खतरा बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र वासियों ने बताया कि राजन ईट उद्योग कादीपुर खुर्द एवं राज ईट उद्योग जलालपुर तथा राज ईट उद्योग नारायणपारा सहित गांव की बस्तियों एवं विद्यालय के करीब स्थापित किए गए ईट भट्ठों का संचालन प्रदूषण विभाग से बिना किसी प्रमाण पत्र के चल रहा है। जिससे गांव के लोग एवं उसके करीब स्थित विद्यालय में पढ़ रहे। नौनिहाल प्रदूषण के शिकार हो रहे हैं। लोगों में बीमारियां फैल रही हैं। लोगों ने प्रशासन से ऐसे अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों का संचालन बंद कराए की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### बेटी को जहरीला पदार्थ खिलाकर मार डालने का आरोप

**मुड़िलाडीह, सुलतानपुर, अमृत विचार :** विवाहिता का फंदे से लटका मिला शव मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मृतका की मां ने कुछ लोगों पर विवाहिता को जहरीला पदार्थ खिला कर मारने का आरोप लगाया है। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के मालापुर जगदीशपुर (कुकुढी) दशहरा देवी की पुत्री पूनम का शव अमरेथू ड़डियां गांव में 13 अप्रैल को भीटे के पास जामुन के पेड़ से लटका मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक की मां का आरोप है कि मृतका ने फांसी नहीं लगाई थी, अपितु उसे जहरीला पदार्थ खिलाया गया। जो रिपोर्ट पोस्टमार्टम में भी आई है। मृतक की मां का आरोप है कि खालिसपुर मुबारकपुर गांव के चार लोगों ने जहरीला पदार्थ खिलाकर उसकी हत्या की है। पीड़िता की मां ने मामले में ऑनलाइन तहरीर भी दी है।

### जयंती पर याद किए गए महर्षि नारद

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को महर्षि नारद जयंती की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के कई वरिष्ठ पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डा बाल कृष्ण झा ने बताया कि महर्षि नारद लोगों तक सूचनाओं का ही आदान-प्रदान नहीं करते थे। साथ ही उनके समाधान के बारे में भी उपाय बताते थे। अध्यक्षता कर रहे काशी प्रांत के सद्भाव प्रमुख डा रमाशंकर मिश्र ने कहा कि महर्षि नारद पत्रकारों के लिए प्रेरणा स्रोत है, तो वही विशिष्ट अतिथि के रूप मे अजय कुमार गुप्त सह जिला संघ चालक रहे। कार्यक्रम को कई पत्रकारों ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जिला प्रचार प्रमुख नीरज, नगर प्रचार प्रमुख रवींद्र प्रताप सिंह , सह जिला सामाजिक समरसता प्रमुख, नगर कार्यवाह अजय कुमार, मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन शेष मणि मिश्र ने किया।

### हनुमान मंदिर पर भंडारे का आयोजन

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बृहस्पतिवार को कस्बे के अनिरुद्ध नगर निवासी बाबूराम दुबे के आवास पर स्थित हनुमान जी के मंदिर पर अखंड रामायण पाठ के समापन के बाद भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर हनुमान दुबे, शिवमंगल सिंह, शैलेंद्र गुप्ता, राजू तिवारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### दो दिन लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर रहेगा रूट डायवर्ट

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मंडी समिति और केन्द्रीय विद्यालय से शुक्रवार को पोलिंग पार्टियों की रवानगी और 25 मई को उनके वापसी तक वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर रूट डायवर्जन किया गया है। वाराणसी की तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन जिन्हें लखनऊ की तरफ जाना है, उन्हें लंभुआ कस्बा से होते हुए चौकिया मोड़ तिराहे से दुर्गापुर होते हुए अमेठी बाईपास से मुंशीगंज चौराहा होकर मुसाफिरखाना से लखनऊ की तरफ रवाना किया जाएगा। लखनऊ से वाराणसी की तरफ जाने वाले सभी भारी वाहन मुसाफिरखाना से मुंशीगंज चौराहा-अमेठी बाईपास होकर दुर्गापुर से लंभुआ होकर वाराणसी जाएंगे। उधर, प्रयागराज की तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन जिन्हें लखनऊ की तरफ जाना है, उन्हें पयागीपुर चौराहे से दाहिने मुड़कर बाईपास टाटियानगर होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के रास्ते लखनऊ भेजा जाएगा।



मोतिगरपुर में पुलिस ने निकाला रूट मार्च। अमृत विचार

### मोतिगरपुर में पुलिस ने किया रूट मार्च

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** छठे चरण के होने वाले 25 मई को लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस ने रूट मार्च किया। मतदाताओं को सुरक्षा का अहसास दिलाया एवं निर्भय हो कर मतदान की अपील की। गुरुवार को पूर्वांहन थानाध्यक्ष ज्ञान चंद शुक्ला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस फ़ोर्स के साथ क्षेत्र के मोतिगरपुर, पांडेयबाबा, ढेमा एवं कालीगंज मे पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का अहसास दिलाया।

### इन स्थानों पर मिलेंगे पोलिंग पार्टियों को वाहन

**सुलतानपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले में पोलिंग पार्टियों को ले जाने के लिए नम्बरिंग व तेल की पर्ची देने का कार्य पूर्ति विभाग ने पूरा कर लिया है। इसौली विधानसभा के लिए जाने वाली पोलिंग पार्टियों को मंडी के गेट नम्बर एक पर वाहन मिलेगा। इस विधानसभा में पोलिंग पार्टी ले जाने के लिए 83 वाहन लगे है। विधानसभा सुलतानपुर के पोलिंग पार्टियों को वाहन मंडी गेट नम्बर दो पर वाहन मिलेगा। इस विधानसभा में पोलिंग पार्टी को ले जाने के लिए 97 वाहन लगाए गए है। इसके अलावा केन्द्रीय विद्यालय अमहट परिसर से कादीपुर, सदर, लम्भुआ विधानसभा की पोलिंग पार्टियां रवाना की जाएगी। पोलिंग पार्टियों को ले जाने के लिए सदर में 85, लम्भुआ में 96, कादीपुर में 84 वाहन लगाए गए है।

**लोकसभा चुनाव** — अंतिम दिन प्रत्याशियों ने प्रचार में झोंकी ताकत, अब डोर-टू-डोर चलेगा प्रचार का दौर

# चुनाव प्रचार का शोर थमा, आज रवाना की जाएंगी पोलिंग पार्टियां

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले में चुनाव प्रचार का शोर गुरुवार की शाम पांच बजे थम गया। अब डोर टू डोर प्रत्याशी अपना प्रचार करेंगे। वहीं, जिले के 1254 मतदान केन्द्रों पर 25 मई को छठे चरण में होने वाले मतदान के लिए शुक्रवार को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी।

जिले में पांचवे चरण में होने वाले मतदान के लिए चुनाव प्रचार थमने के बाद शुक्रवार को प्रत्याशी डोर टू डोर जनसम्पर्क कर सकते हैं। गुरुवार को वरुण गांधी के अलावा किसी भी राजनीतिक दल को कोई बड़ा नेता चुनाव प्रचार में नहीं आया। प्रत्याशियों की ओर से जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जनसभा तथा नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से चुनाव प्रचार किया गया। शुक्रवार को राजनीतिक दलों की ओर से पोलिंगों पर पर्ची आदि भेजने का सिलसिला चलेगा।



पुलिस लाइन में बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी व एसपी। अमृत विचार

### 1991 मतदेय स्थलों के लिए भेजी जाएंगी पोलिंग पार्टियां

लोकसभा 38 सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए 25 मई को छठे चरण में होने वाले चुनाव के लिए शुक्रवार को 1991 मतदेय स्थलों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम पांच बजे तक चलेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के निर्देश पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी / अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव शुक्ला की ओर से पोलिंग पार्टियों को रवाना किए जाने की तैयारी बनाई जा रही है। जिले जगदीशपुर आंशिक को छोड़कर कुल 18,52,590 मतदाता हैं। इसमें 9,64,363 पुरुष एवं 8,88,178 महिला मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा थर्ड जेंडर के 49 मतदाता हैं। इसौली विधानसभा क्षेत्र में 3,57,365 मतदाता, सुलतानपुर विधानसभा क्षेत्र में 3,83,911 मतदाता हैं। सदर विधानसभा क्षेत्र में 3,49,933 मतदाता हैं। लम्भुआ विधानसभा क्षेत्र में 3,75,536 मतदाता तथा कादीपुर विधानसभा क्षेत्र में 3,85,845 मतदाता शामिल हैं। यह सभी मतदाता लोकसभा चुनाव लड़ने वाले नौ प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

### मंडी परिसर व केन्द्रीय विद्यालय का हुआ अधिग्रहण

**सुलतानपुर :** जिले में लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को मतदान होगा। जिसके लिए शुक्रवार को पोलिंग पार्टियां रवाना की जाएगी। पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए मंडी परिसर व केन्द्रीय विद्यालय को अधिग्रहण किया गया है। जनपद के पांचों विधानसभा में चुनाव कराने के लिए कुल 1991 पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के लिए दोनों स्थल पर 20 से 22 काउंटर खोले गए है। इसौली व सुलतानपुर विधानसभा में मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टी मंडी परिसर अमहट से रवाना की जाएगी। कादीपुर, लंभुआ, सदर (जयसिंहपुर) विधानसभा के लिए पोलिंग पार्टी केन्द्रीय विद्यालय अमहट से रवाना की जाएगी। दोनों स्थल पर बैरिकेडिंग कराई गई है।

# युवकों की बाइक गड्ढे में गिरी एक की मौत, तीन घायल

गौरीगंज, अमेठी

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत छः युवक अपने साथियों के साथ गंगा स्नान करने मानिकपुर घाट पर जा रहे थे कि उनकी मोटरसाइकिल सड़क पर स्थित गड्ढे में अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

रायबरेली के थाना सलोन क्षेत्र के गौरीगंज लढ़ियापुर मजरे चंदईपुर निवासी मनोज कुमार यादव 24 वर्ष, अंकित यादव 22 वर्ष, सौरभ सिंह 23 वर्ष, मनोज 21 वर्ष, धीरज 23 वर्ष सहित छः युवक गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार देर शाम गंगा स्नान करने मानिकपुर घाट पर जा रहे थे कि सलोन के पास उनकी बाइक सड़क पर स्थित गड्ढे गिर गयी। जिससे अनियंत्रित होकर दो बाइकें आपस में भिड़ जाने चार लोग घायल हो गए।

घायलों को सीएचसी सलोन ले जाया गया। जहां मनोज यादव 24 वर्ष पुत्र सीता राम को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डाक्टरों ने मनोज को मृत घोषित कर दिया। अन्य तीन युवकों को प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने घर भेज दिया। युवक का शव वृहस्पतिवार को गांव पर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया

## दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के 3 आरोपी गिरफ्तार

अमेठी अमृत विचार जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरूवार को निरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप यादव थाना मोहनगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर पॉक्सो एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी में वांछित 2 आरोपी अखिलेश वर्मा पुत्र जगजीवन वर्मा निवासी ग्राम जनापुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र 18 वर्ष व संदीप कुमार पुत्र तुलसीराम निवासी ग्राम जनापुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 32 वर्ष को शाहमऊ तिराहे के पास से समय करीब 5 बजे शाम को गिरफ्तार किया गया। गुरुवार को निरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप यादव थाना मोहनगंज द्वारा वांछित मुकेश कुमार उर्फ आशीष कुमार पुत्र जगजीवन निवासी ग्राम जनापुर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष को मोहनगंज चौराहे से 11 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# संजय गांधी अस्पताल में मिलेंगी न्यूरो की सेवाएं

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिले के हृदय रोगियों व न्यूरो रोगियों को इलाज के लिए अब गैरजनपद का चक्कर नही लगाना होगा। इसके लिए मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल में कैथ लैब की स्थापना के साथ ही कार्डियोलॉजिस्ट के रूप में जहाँ डॉ सत्येंद्र तिवारी की तैनाती की गई है वहीं न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी विशेषज्ञ डॉ सिद्धार्थ सिंह की तैनाती की गई है।



अमेठी स्थित संजय गांधी अस्पताल। अमृत विचार

संजय गांधी अस्पताल के मुताबिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ करने के किये कार्डियोलॉजी और न्यूरो विभाग को सक्रिय कर दिया गया है। न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डॉ सिद्धार्थ सिंह की ओपीडी प्रत्येक बुधवार को संचालित होगी। इसी प्रकार अस्पताल में हृदय रोगियों के उपचार के लिए डॉ सत्येंद्र तिवारी प्रत्येक मंगल वार को अपनी सेवाएं देंगे। चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ के मनोज कुमार की ओपीडी प्रत्येक गुरुवार को चलेगी। जबकि फिजिशियन डॉ नीरज वर्मा प्रत्येक सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को ओपीडी में बैठकर मरीजों का उपचार कर रहें है। मल्टी स्पेशलिटी विभाग की सुविधाओं को पहले की तुलना में अधिक सुदृढ किया गया है अब जिले के मरीजों को इलाज के लिए पड़ोसी जनपदों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। डाक्टर सिद्धार्थ सिंह द्वारा संजय गांधी अस्पताल में क ई बीमारियों का इलाज किया जा रहा है जैसे सिर दर्द, मिर्गी, लकवा, ब्रेन व इस्पाइन ट्रामा या ट्यूमर, ब्रेन स्ट्रोक। स्पाइन में पानी की थैली तथा पैदाइसी दिमाग व रीढ़ की हड्डी का इलाज।

कार्डियोलॉजी विभाग ने डा सत्येन्द्र तिवारी द्वारा एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, स्टेंटिंग पेस मेकर हार्टअटैक चेस्टपेन एनजाइनापेन सिंकोप आदि का इलाज किया जा रहा है। हृदय संबंधित रोगों के निवारण हेतु आधुनिकतम उपकरणों की उचित व्यवस्था अस्पताल में हो गई है। इस संबंध में बताते हुए अस्पताल प्रसाशक श्री मनोज मुटटू ने बताया कि विभिन्न सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए अस्पताल प्रयत्नरत है।

## दूध कारोबारी के साथ दबंगों ने की मारपीट

**अमेठी, अमृत विचार।** मुसाफिरखाना थाने के जगईपुर मजरे नेवादा किशुनगढ़ गांव निवासी अमर बहादुर यादव बुधवार देर शाम गांव के रहने वाले हरिकरन के साथ बाइक से दूध बेचने बहोरखा जा रहे थे। वह जैसे ही गांव के पास गुजरने वाले गौरीगंज-मुसाफिरखाना मार्ग पर पहुंचे थे। तभी अचानक पहले से घात लगाए बैठे शिवम पाठक पुत्र राम दर्शन पाठक निवासी जगईपुर मजरे नेवादा किशुनगढ़ अपने साथियों के साथ हमला कर दिया। हमले में अमर बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल गौरीगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। अमेठी पुलिस ने बताया कि घटना मारपीट की है। गोली मारने व लगने की बात असत्य व निराधार है।

# बसों के चुनाव ड्यूटी में जाने से यात्री परेशान

## डग्गामार वाहन लगा रहे परिवहन विभाग को लाखों का चूना

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** सहालग के मौसम में अमेठी डिपो में सवारियों का संकट बना हुआ है। 29 बसें चुनाव ड्यूटी में जाने के कारण कई मार्ग बसों से खाली हो गए हैं। डिपो की नाक के नीचे से चल रहे डग्गामार वाहन रोडवेज को चूना लगा रहे हैं। एआरटीओ और पुलिस दोनों मौन है।

अमेठी डिपो में तीन अनुबन्धित सेवाओं के साथ कुल 45 बसें है। 29 बसें चुनाव ड्यूटी में गई हैं। बसें चुनाव ड्यूटी में जाने से आगरा, आजमगढ़, लखनऊ, कानपुर, गोंडा, बरेली, प्रयागराज और बनारस की बस सेवाएं प्रभावित हैं। इस समय 14बसों के सहारे डिपो की गाड़ी खींची जा रही है। बसों को सवारियां नहीं मिल रही हैं। लखनऊ चलने वाली दो ए सी बसों को सवारियों का संकट सबसे अधिक बना हुआ है। पिछले महीने लोड फैक्टर 61 था। इस समय लोड फैक्टर घटकर 58 हो गया है। अमेठी सुल्तानपुर लोकल सेवा में सिर्फ तीन बसें ही रह गई हैं। लखनऊ के लिए तीन बसें चल रही हैं।

### डग्गामार वाहनों पर अंकुश नहीं, पुलिस व एआरटीओ मौन

अमेठी। डग्गामार वाहन रोडवेज की नाक के नीचे सवारियां भरते हैं। बसों के प्लेटफार्म से निकलने के पहले ही प्राइवेट गाडियां लोकल सवारियां उठा लेती हैं। डिपो कर्मी असहाय और कमजोर हैं। ए आर टी ओ कभी नहीं आते। कोतवाली पुलिस एआरएम की शिकायत पर गौर नहीं करती।

### वाटर कूलर नहीं दे रहे आर एम

अमेठी। बस स्टेशन और डिपो कार्यालय पर यात्रियों के लिए शीतल पेय जल की कोई व्यवस्था नहीं है। वाटर कूलर के लिए ए आर एम ने आर एम को कई महीने पहले पत्र लिखा था। जनप्रतिनिधियों से भी अनुरोध किया है। अभी तक वाटर कूलर नहीं लग पाया।

> वाटर कूलर के लिए आर एम को पत्र काफी समय पहले लिखा जा चुका है। रोडवेज परिसर में डग्गामार वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध को डीएम, एसपी और ए आर टी ओ को कई बार पत्र लिखा गया है। हमारे पास कोई फोर्स नहीं है, हम पब्लिक की सेवा के लिए, पब्लिक से विवाद नहीं कर सकते।
>
> –काशी प्रसाद, ए आर एम, अमेठी

## नदी मे डूबने से बालक की मौत

**जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गोमती नदी के तट पर स्थित पिछूती गांव के समीप बीती शाम उस समय हडकंप मच गया। जब गांव के किनारे स्थित गोमती नदी पर बने पीपे वाले पुल के समीप अपने साथियों के साथ नहाने गए निहालपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी निवासी बाबू उम्र लगभग दस वर्ष डूबने से मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उक्त बालक को ढूंढने हेतु गोताखोरो की मदद से सर्च आपरेशन चलाया। फिलहाल गोताखोरो की टीम ने दूसरे दिन कडी मशक्कत के बाद मृतक का शव ढूंढ लिया जिसे नदी से बाहर निकाल कर पुलिस को सौंप दिया।

# जीत-हार की गुणा-गणित में चर्चाओं का दौर जारी

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** वीवीआईपी संसदीय क्षेत्र अमेठी में बीते सोमवार को मतदान प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चाय-पान की दुकानों की रौनक लौट आई है। लोग अपने अपने दृष्टिकोण से अपने तर्क देते हुए हार-जीत का आंकड़ा लोगों को समझा रहे हैं।

यूं ही तो अमेठी संसदीय क्षेत्र दशकों से देश भर में हमेशा चर्चाओं में शामिल रहा है। गांधी परिवार की कर्मभूमि रहे अमेठी संसदीय क्षेत्र में 2024 के आम चुनाव में भाजपा सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी व गांधी परिवार के करीबी कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के मध्य कांटे की टक्कर देखने को मिली है। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंगलवार को विभिन्न कस्बों बाजारों के साथ ही गांव-गिराव में स्थित चाय-पान की दुकानों पर दिन भर चुनावी जीत-हार को लेकर चर्चाएं चलती रही। करीब महीने भर बाद चाय -पान की दुकानों की रौनक लौट आई।


चाय की दुकानों पर जीत-हार को लेकर बातचीत करते लोग। अमृत विचार

हार- जीत को लेकर चर्चाओं के बीच लोग अपने अपने तर्कों के साथ जीत के दावे कर रहे हैं। वही बसपा को मिलने वाले मतों को लेकर भी खूब गुणा-गणित बिठाया जाता रहा है।

सबसे ज्यादा मजेदार बात रही कि बसपा के कोर मतदाताओं की चुप्पी को लेकर सभी दलों के समर्थक परिणाम को लेकर सशंकित होते देखे गए हैं। वही चुनावी चर्चा में मशगूल लोगों का मानना है कि लोक सभा क्षेत्र में कांग्रेस सपा गठबंधन के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा व स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी ने अपनी अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। जिससे मुकाबला अत्यंत ही रोचक है और मतगणना में अंतिम तक रोचकता बनी रहेगी।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी

**अमृत विचार।** महात्मा गौतम बुद्ध की जयंती बड़ी आस्था व श्रद्धा के साथ मनाई गई। पंचशील ध्वजारोहण के साथ साथ प्रसाद का भंडारा किया गया। बौद्ध कल्याण समिति के तत्वाधान में दारानगर व मवैयारहमत के धनेशा पाठक में संगठनों द्वारा जयंती समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया बौद्ध कल्याण समिति के सानिध्य में पूजा वदना के साथ खीर वितरण व भोजन दान किया।

गया पंचशील ध्वजारोहण कर गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर वदना की गई कार्यक्रम में बौद्ध धर्म के कार्यकर्ता बड़ी निष्ठा भाव से पूजन कर जयंती का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में एकत्रित होकर खीर का प्रसाद प्राप्त किया कार्यक्रम में बौद्ध सभा के जिला अध्यक्ष रामकुमार भारती ने कहा कि मानव कल्याण के लिए बुद्ध का संदेश का पालन जरूरी है हमें मैत्री प्रेम करुणा और बंधुत्व की भावना के साथ बुद्ध के संदेशों का प्रचार करना चाहिए इस अवसर पर कल्याण समिति अध्यक्ष रामदास बबलू राजेश गौतम विजय गौतम दयाराम गौतम पचई गौतम राममगन गौतम मूलचंद गौतम महेश गौतम आदि सहित कल्याण समिति के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।


बुद्ध पूर्णिमा पर पूजन करते लोग। अमृत विचार

### दुनिया को युद्ध की नहीं बुद्ध की जरूरतः संजीव भारती

**अमेठी, अमृत विचार।** बुद्ध पूर्णिमा पर्व के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम सिरमौर बौद्ध विहार सोइया में आयोजित किया गया। यहां बौद्ध भिक्षु भंते प्रज्ञा मित्र और भंते धम्मदीप के मार्गदर्शन में बुद्ध चरित चन्द्रोदय पाठ का समापन सुबह हुआ। त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम के बाद विचार गोष्ठी आयोजित की गई। विचार गोष्ठी में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की ओर से लिखित पुस्तक भगवान बुद्ध और उनका धम्म पर विस्तार से संवाद हुआ। भंते धम्मदीप ने कहा कि भगवान बुद्ध का आर्य आष्टांगिक मार्ग सबके लिए कल्याणकारी है। समता, ममता, करुणा, प्यार, बौद्ध धर्म के आधार तत्व हैं। वरिष्ठ नागरिक और अवकाश प्राप्त रेल कर्मी नागेश्वर प्रसाद बौद्ध ने कहा कि आज के समय में भगवान बुद्ध की शिक्षाएं और अधिक प्रासंगिक हैं। बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने कहा कि वर्तमान परिवेश ऐसा है जहां रुस, यूक्रेन, ईरान, ईराक में हो रही घटनाओं से दुनिया में अशांति का माहौल है, मानवता संकट में है, ऐसे समय में दुनिया को युद्ध की नहीं बुद्ध की जरूरत है। विचार गोष्ठी में डा नन्हे लाल, संजय कुमार, रामफल फौजी, हीरालाल, रामटहल, राम चंद्र सरस, श्याम कुमार, दीपा बौद्ध, मोती लाल, बेंचूलाल, रामदेव, राम प्रताप आदि मौजूद रहे।

### घर-घर यज्ञ रचायें, धरती स्वर्ग बनायें

**अमेठी, अमृत विचार।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर युगतीर्थ शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गृहे गृहे गायत्री यज्ञ उपासना का विस्तृत स्वरूप देखने को मिला। विशेष अभियान के तहत यज्ञ दिवस के रूप में बुद्ध पूर्णिमा मनाई गई। इस अवसर पर जनपद अमेठी के 2400 से अधिक घरों में गायत्री परिवार अमेठी की ओर से यज्ञ सम्पन्न कराया गया। जिला युवा समन्वयक डॉ0 दीपक सिंह ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा के अक्सर पर पूरे विश्व में 'घर-घर यज्ञ रचायें, धरती स्वर्ग बनायें की थीम पर गायत्री मंत्र की करोड़ों आहुतियां दी जा रही हैं।

# विश्व कल्याण के लिए घर-घर आयोजित हुआ गायत्री महायज्ञ


बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर हवन-पूजन करते लोग। अमृत विचार

शुकुल बाजार, अमेठी

**अमृत विचार।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में विश्व कल्याण के लिए घर-घर गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर बीमारियों को भगाने, वातावरण को शुद्ध रखने एवं सभी के कल्याण को लेकर महामंत्र की आहुतियां डाली गईं। गायत्री परिवार द्वारा इस कार्यक्रम को जन जागरण बनाने के लिए पूर्व से ही तैयारियां की गई थीं। गायत्री परिवार के स्थानीय कार्यकर्ता अशोक शर्मा ने बताया कि इसको लेकर गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर संपर्क करते हुए कार्यक्रम की महत्ता को बताया गया था। उन्होंने कहा कि यज्ञ के माध्यम से निकले हुए धुएं से जहां वातावरण शुद्ध होगा। वहीं अनेक प्रकार के बैक्टीरिया भी नष्ट हो जाएंगे। जो हमारे शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि यज्ञ का वैदिक महत्व तो है ही, साथ ही साथ इसे वैज्ञानिकों ने भी जन कल्याण के लिए सबसे अच्छी विधि बताया है। श्री शर्मा ने कहा कि हम अपने कुछ समय को पूजन हवन योग तथा व्यायाम के लिए अवश्य निकालें जो हमारे शरीर में ऊर्जा प्रदान करता है इस प्रकार के कार्यक्रम लोग अपने घरों में उपलब्ध सामग्री के अनुसार कर सकते है। क्षेत्र के दर्जनों गांव में गायत्री परिवार के आवाहन पर घर-घर यज्ञ एवं पूजन के समाचार प्राप्त हो रहे हैं।

## करंट से महिला घायल

**अमेठी।** रणवीर नगर में घर में अचानक विद्युत करंट आने से एक महिला घायल हो गई जिसका इलाज सीएचसी अमेठी में हुआ नीलम गुरुवार की सुबह घर में कुछ कर रही थी उस समय उसके घर में विद्युत करंट प्रवाहित हो रहा था जिसकी चपेट में वह आ गई इससे घायल हो गई परिजन उसे लेकर सीएचसी अमेठी गए जहां उसका इलाज हुआ।


## वर्ग पहेली-79

**बाएं से दाएं**

1. पानी उलीचने या डालने के लिए एक कृषि उपकरण, हाथा।
4. 1. गली, कूचा 2. सड़कों पर वाहनों के सुचारु यातायात
5. संन्यासी या अतिथि के लिए निकाला हुआ भोजन।
8. 1. मचना या फैलना 2. उठना।
9. 1. भुरकने की क्रिया या भाव 2. कुल्हड़, कूजा 3. मिट्टी की दवात 4. मिट्टी का प्याला, कसोरा 5. चूर्ण, बुकनी।
11. 1. विलक्षण, अद्भुत 2. श्रेष्ठ 3. अजीबोगरीब।

**ऊपर से नीचे**

1. एकत्रित जनसमूह, भीड़।
2. 1. जिसके बारे में जानकारी न हो, अपरिचित 2. जिसे जानकारी न हो, अनभिज्ञ 3. निश्छल, भोला
3. कुआं बनाने या कुआं खोदने वाला आदमी।
6. 1. श्रेणी, वर्ग, दरजा 2. विभाग, खंड 3. गिरोह, समूह।
7. 1. आगे की ओर फिसलना, सरकना 2. ऊपर से नीचे की ओर फिसलते हुए आना।
10. 1. समुद्र का कोई विशेष खंड 2. ताल, झील 3. क्रिकेट खेल में बल्लेबाज़ के द्वारा एक विकेट से दूसरे विकेट तक बिना बहिर्गत हुए दौड़ लगाना।



### वर्ग पहेली -78 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 त | ■ | 2 अ | ■ | 3 ची | नी |
| 4 त | रं | ग | व | ती | ■ | ■ |
| ■ | गी | ■ | ले | ■ | ■ | 5 उ |
| 6 छु | ■ | 7 उ | ख | म | ■ | त |
| 8 आ | कं | प | न | ■ | 9 दू | र |
| छू | ■ | वे | ■ | ■ | ■ | वा |
| त | ■ | 10 द | ल | म | ल | ना |

## सुडोकू -158

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | 2 | | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | | | 6 | | | | |
| | | | 7 | | | | | |
| 4 | | | | | | | | 8 |
| | | | | 3 | | | | |
| | | | | | 4 | | | |
| | | | | | | | 7 | |
| | | 5 | | | 1 | | | |

### सुडोकू -157 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 2 | 9 | 8 | 5 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 9 | 5 |
| 5 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 | 4 | 8 |
| 1 | 3 | 4 | 8 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 8 | 4 |
| 8 | 6 | 9 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 | 3 |
| 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 3 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 7 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 19 .24 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अनुराधा 10 .10 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष** – आज का दिन आपके लिए तनाव भरा हो सकता है। यदि आवश्यक न हो तो कोई बड़ा निर्णय आज न लें। भाई-बहन को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। अपनी रुचि के विषय का गहराई से अध्ययन कर सकते हैं। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें।

**वृष** – आज का दिन काफी शुभ रहेगा। अधिकारियों का व्यवहार आपके लिए काफी सहयोगात्मक रहेगा। आप कुछ नया परिवर्तन कर सकते हैं। आपको अपनी कमजोरियों को पहचानने और उसे दूर करने का काम करना चाहिए।

**मिथुन** – आज आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। संतान के व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। पुराना ऋण चुकाने में सफलता मिलेगी। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। नाक, कान या गले में इन्फेक्शन की संभावना हो सकती है।

**कर्क** – आज ऑनलाइन ठगों से सावधान रहें। ज्यादा देर तक बैठकर करने वाले कार्यों को टालना उत्तम रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में नए मित्र मिल सकते हैं। सर्विस प्रदाता सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

**सिंह** – आज समाज की बुराइयों को लेकर आप कुछ रुष्ट हो सकते हैं, किंतु आपको किसी से विरोध नहीं लेना चाहिए। मौसम में बदलाव के कारण कुछ जुकाम जैसी समस्या हो सकती है। आप कई दिनों से जिस अवसर की तलाश में थे, वह आपको मिल सकता है।

**कन्या** – आज अचानक पुराने मित्रों से मिलने का अवसर बन सकता है। यात्रा के दौरान आप कुछ असहज रहेंगे। साइबर ठगों की चपेट में आ सकते हैं। आपकी प्रवृत्ति कुछ नया सीखने की हो सकती है। अपनी पुरानी किताबों की तरफ बढ़ सकते हैं।

**तुला** – आज लोग आपके प्रशंसक बन सकते हैं। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। अचानक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। जीवनसाथी के साथ सामंज्य बना रहेगा। अपनी बौद्धिक क्षमता द्वारा लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

**वृश्चिक** – आज मेडिकल व्यवसाय से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है। अधीनस्थ कर्मचारियों पर नजर बनाकर रखें। छात्रों को पढ़ाई में अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। कानूनी मामलों में आपको विजय मिल सकती है।

**धनु** – आज आप जितने सम्मान के पात्र हैं, उतना सम्मान लोग आपको नहीं दे रहे हैं। इसीलिए आपको धैर्यवान होकर परिस्थितियों का अवलोकन करना चाहिए। बड़बोलेपन के कारण लोग आपकी आलोचना कर सकते हैं।

**मकर** – आज अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ही खर्च करें। संपत्ति विवादों के परिणाम आपके पक्ष में आएंगे। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। वैवाहिक जीवन की परेशानियों का निवारण होगा।

**कुंभ** – आज कारोबार के उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। अधिकारी वर्ग के लोग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। पारिवारिक जीवन कुछ अशांत हो सकता है। यदि आप किसी बैठक या साक्षात्कार में सम्मिलित हो रहे हैं तो परिणाम आपके पक्ष में हो सकते हैं।

**मीन** – आज कड़वी भाषा का प्रयोग न करें। व्यवसाय में धन हानि हो सकती है। इसीलिए आपको काफी सावधान रहना चाहिए। आप अपने शौकों की पूर्ति में लगे रहेंगे। घर में नजदीकी रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
आज का महात्मा – सुबह : 10 .51
चाइना गेट – रात : 07 .00

**&pictures**
मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी – सुबह : 11 .26
जिगर वाला नंबर 1 – शाम : 04 .45

**Sony Pix**
द शौशैंक रिडेम्पशन – दोपहर : 01 .15
स्पाइडर मैन – रात : 09 .00

**Zee Cinema**
जहर – सुबह : 11 .00
जिस्म – रात : 08 .10

**Colors Cineplex**
स्टूडेंट ऑफ द ईयर – सुबह : 08 .06
कभी अलविदा न कहना – शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर सुबह : 11 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू – इतना परेशान क्यों है?
गप्पू – अरे यार, मैंने अपनी गर्लफ्रेंड को दो बड़े-बड़े टेडी बियर गिफ्ट किए थे।
पप्पू – तो इसमें परेशान होने की क्या बात है?
गप्पू – उसकी मम्मी ने दोनों की रुई निकलवाकर दो तकिए भरवा लिए।

भिखारी– कुछ दे दो साहब, लाचार हूं।
सिंटू– हट्टे-कट्टे तो दिख रहे हो। लाचार किस चीज से हो?
भिखारी– अपनी आदत से।

वाक्सायका वदनान्निष्पतन्ति यैराहत: शोचति रात्र्यहानि।
परस्य नामर्मसु ते पतन्ति तान् पण्डितो नावसृजेत् परेभ्य: ॥

शब्द रूपी बाण सीधा दिल पर जाकर लगता है जिससे पीड़ित व्यक्ति दिन-रात घुलता रहता है। इसलिए ज्ञानियों को चाहिए कि कटु वचन बोलने से बचें।

## संपादकीय

# रक्षा क्षेत्र का मजबूत घटक

डिजिटलीकरण के क्षेत्र में आगे बढ़ रही दुनिया में साइबर हमलों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय रक्षा का एक महत्वपूर्ण घटक है। भारत के लिए भी साइबर सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा है। साइबर सुरक्षा के मामले में भारत की दक्षता ऐसे क्षेत्र में महत्वपूर्ण है जहां साइबर हमले राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा जोखिम पैदा करते हैं। विदेशी हैकर्स विभिन्न भारतीय संस्थानों पर साइबर हमले कर डेटा की चोरी कर लेते हैं और काम भी ठप कर देते है। रक्षा सूत्रों के अनुसार विशेष रूप से पाकिस्तान और चीन के हैकर्स द्वारा सैन्य प्रणालियों में सेंध लगाकर जानकारी चुराने और व्यवधान पैदा करने के प्रयास किए जाते हैं। ऐसे में भारतीय सेना के लिए भी साइबर सुरक्षा बड़ी चुनौती है। इस चुनौती से निपटने के लिए सेना की ओर से कई स्तर पर प्रयास हो रहे हैं। भारत ने सूचना और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ी क्षमताएं विकसित की हैं। हमारे साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ रक्षा नेटवर्क को मजबूत करने, उन्हें साइबर हमलों से बचाने और बहुत संवेदनशील सूचनाओं को गलत हाथों में पड़ने से बचाने के लिए काम कर रहे हैं। साइबर क्षेत्र में भारत की रक्षा क्षमताओं को विस्तार देने के महत्व को देखते हुए रक्षा साइबर एजेंसी द्वारा साइबर सुरक्षा अभ्यास शुक्रवार तक आयोजित किया जा रहा है। रक्षा साइबर एजेंसी को साइबर सुरक्षा खतरों से निपटने का काम सौंपा गया है। यह भारतीय सशस्त्र बलों की एक त्रि-सेवा कमान है जो साइबर सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए जिम्मेदार है।

यह आयोजन तेजी से उभरते हुए और महत्वपूर्ण साइबर क्षेत्र में राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। निश्चित रूप से भारतीय सेना देश की राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए साइबर क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रही है। साइबर सुरक्षा परिदृश्य में सुधार के लिए भारत में कई पहलें और नीतियां अपनाई गई हैं, जैसे राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति, साइबर सेल एवं साइबर अपराध जांच इकाइयां, साइबर क्राइम रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म, क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम। हालांकि, ये प्रयास अभी भी अपर्याप्त हैं, क्योंकि भारत को तकनीकी कर्मचारियों, साइबर फोरेंसिक सुविधाओं, साइबर सुरक्षा मानकों और विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में देश में व्यापक और अद्यतन कानून बनाने की आवश्यकता है जो साइबर सुरक्षा के सभी पहलुओं, जैसे साइबर आतंकवाद, साइबर युद्ध, साइबर जासूसी और साइबर धोखाधड़ी को दायरे में ले। भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए साइबर क्षेत्र में सभी संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल होना जरूरी है।

# भारतीय दर्शन और पर्यावरण संरक्षण



डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

अथर्ववेद पीपल वृक्ष को कई देवताओं का आवास मानता है। पूजा के कलश में सप्त नदियों का जल एवं सप्तभृतिका का पूजन करना व्यक्ति में नदी व भूमि को पवित्र बनाए रखने की भावना का संचार करता था।

विगत वर्षों में जलवायु परिवर्तन की समस्या जिस तेजी के साथ पूरे विश्व समुदाय के सामने मुंह फैलाएं खड़ी है,यह काफी चिंतनीय है। आज न केवल भारत जैसे विकासशील राष्ट्र,बल्कि विकसित राष्ट्र भी इस समस्या के हल को निकालने के लिए प्रयासरत हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व जलवायु परिवर्तन की समस्या को दूर करने हेतु दिसंबर-2009 में कोपेनहेगन सम्मेलन का आयोजन किया था,जबकि भारत में इसके कई हजार वर्ष पूर्व में ही यह निर्णय ले लिया था कि प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन किया जाए। इसके लिए प्राचीन काल में ही हमारे यहां वैदिक ग्रंथों में कई मौसम संबंधित देवताओं जैसे-इंद्र वर्षा के देव,वायु के देवता,अरण्य-वन की देवी इत्यादि का उल्लेख किया गया है तथा इनके कार्यों की विस्तार पूर्वक चर्चा की गई है। ऐसा माना जाता था कि पृथ्वी पर ये सभी मानव जीवन को सुगम्य बनाने के लिए आवश्यक है। यह दोहन या शोषण के लिए नहीं है। भारतीय संस्कृति का अवलोकन करने से ज्ञात होता है कि यहां पर्यावरण संरक्षण का भाव अति पुरातन काल में भी मौजूद था,परंतु उसका स्वरूप भिन्न था। उस काल में कोई राष्ट्रीय वन नीति या पर्यावरण पर कार्य करने वाली संस्थाएं नहीं थीं। भारतीय दर्शन यह मानता है कि इस देह की रचना पर्यावरण के महत्वपूर्ण घटक-पृथ्वी,जल,तेज, वायु और आकाश से हुई है। भारतीय संस्कृति में पर्यावरण के संरक्षण को बहुत महत्व दिया गया है। यहां मानव जीवन को हमेशा मूर्त या अमूर्त रूप में पृथ्वी,जल,वायु,चंद्र,नदी एवं पशु-पक्षी के सहचर्य के रूप में देखा गया है।

पर्यावरण की समस्या मानवता के लिए एक चुनौती है जिसका दायरा और जटिलता अभूतपूर्व है। इस ग्रह पृथ्वी पर जीवन केवल इसके पर्यावरण के कारण ही संभव हो पाया है और यह इसके प्राकृतिक संसाधनों वन,जल पर निर्भर है,लेकिन अदूरदर्शिता के कारण नाजुक पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ गया है। पर्यावरण आज एक वैश्विक अवधारणा है,हम पर पर्यावरण संरक्षण की विशेष जिम्मेदारी है,न केवल सौंदर्य मूल्य के लिए,बल्कि जीवनयापन के लिए भी। मनुष्य प्रकृति की सबसे बड़ी रचना है। इसलिए यदि प्रकृति का पोषण किया जाए तो यह व्यक्तित्व के विकास का माध्यम बन सकता

पर्यावरण की समस्या मानवता के लिए एक चुनौती है जिसका दायरा और जटिलता अभूतपूर्व है। इस ग्रह पृथ्वी पर जीवन केवल इसके पर्यावरण के कारण ही संभव हो पाया है और यह इसके प्राकृतिक संसाधनों वन,जल पर निर्भर है,लेकिन अदूरदर्शिता के कारण नाजुक पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ गया है।

है,जो आगे चलकर संस्कृति की रक्षा करेगा जिसमें कला,साहित्य, संगीत और नैतिक मूल्यों को बचाया जा सकता है। भारतीय परंपरा में धार्मिक कृत्यों में वृक्ष पूजा का बड़ा महत्व है। वट वृक्ष को पूज्य मानकर अटल सुहाग से संबद्ध किया गया है,भोजन में तुलसी का भोग पवित्र माना गया है,जो कई रोगों की रामबाण औषधि है। विल्व (वेल) वृक्ष को भगवान शिव से जोड़ा गया है और ढाक,पलाश,दुर्वा एवं कुश जैसी वनस्पतियों को नवगृह पूजा आदि धार्मिक कृत्यों से जोड़ा गया है। कुछ वृक्षों एवं पौधों को इतना पावन माना गया है कि उनकी कल्पना यह है कि विभिन्न देवी एवं देवताओं ने उनमें अपना स्थान बना लिया है।

अथर्ववेद पीपल वृक्ष को कई देवताओं का आवास मानता है। पूजा के कलश में सप्त नदियों का जल एवं सप्तभृतिका का पूजन करना व्यक्ति में नदी व भूमि को पवित्र बनाए रखने की भावना का संचार करता था। पर्यावरण का संरक्षण हमारे नित क्रियाकलापों से जुड़ा था। भारतीय विचारधारा में जीवन का विभाजन भी प्रकृति पर ही आधारित था। चार आश्रम में से तीन तो पूरी तरह से प्रकृति के साथ ही व्यतीत होते थे। उपनिषदों में भी लिखा है-हे अश्वरूप धारी परमात्मः बालू तुम्हारे उदरस्थ अर्धजीर्ण भोजन है,नदियां तुम्हारी नाड़ियां हैं,पर्वत-पहाड़ तुम्हारे हृदय खंड हैं,समग्र वनस्पतियां,वृक्ष एवं औषधियां तुम्हारे राम सदृश्य हैं। ये सभी हमारे लिए शिव बनें। हम नदी,वृक्षादि को तुम्हारे अंग स्वरूप समझकर इनका सम्मान और संरक्षण करते हैं। हमारे महर्षि जानते थे कि पेड़ में भी चेतना होती है। इसलिए उन्हें मनुष्य के समतुल्य माना गया है। ऋग्वेद से लेकर वृहदारण्यकोपनिषद,पुराण और मनुस्मृति सहित अन्य वाङ्मयों में इसके संदर्भ मिलते हैं। छांदोग्योपनिषद में उद्दालक ऋषि अपने पुत्र स्वेतकेतु से आत्मा का वर्णन करते हुए कहते हैं कि वृक्ष जीवात्मा से ओत-प्रोत होते हैं और मनुष्यों की भांति सुख-दुःख की अनुभूति करते हैं। मत्स्यपुराण में एक वृक्ष के रोपण को दस पुत्रों की संतान के समान बताया गया है।

जल स्रोतों का भी भारतीय परंपरा में बड़ा महत्व है। शुद्ध जल के बिना भी जीवन संभव नहीं है। यही कारण है कि जल स्रोतों को बचाए रखने के लिए इन्हें विभिन्न धर्मों एवं धर्म ग्रंथों में इन्हें सम्मान दिया गया। मनुष्य एवं पशु परस्पर एक दूसरे पर निर्भर हैं। वेदों में भी अनेक स्थानों पर यह प्रार्थना की गई है कि पृथ्वी,जल औषधियां हमारे लिए शांतिप्रद हों और यह शांतिप्रद तभी हो सकती हैं जब हम इनका पूरे सम्मान के साथ सभी स्तरों पर व्यापक संरक्षण करें। तभी भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण की इस विराट अवधारणा की सार्थकता सिद्ध हो सकेगी जिसकी आज के समय में केवल मानव जीवन ही नहीं अपितु संपूर्ण प्राणि जगत के लिए महत्वपूर्ण है तथा समस्त प्रकृति और ब्रह्मांड को संतुलित करने के लिए आवश्यक भी।

हजारों वर्षों से नदी,वायु,जल,सूर्य,वन,पशु-पक्षियों की पूजा करते चले आ रहे हैं,क्योंकि ऐसा माना जाता रहा कि पृथ्वी पर ये सभी मानव जीवन को सुगम्य बनाने के लिए आवश्यक हैं। यह दोहन या शोषण के लिए नहीं हैं। पृथ्वी का लगभग एक तिहाई भाग प्राकृतिक संरक्षण के लिए समर्पित था। वेद, उपनिषद,पुराण और अन्य शास्त्रों में पेड़-पौधों और वन्य जीवन के साथ-साथ समुदाय के लिए उनके महत्व का विस्तृत वर्णन किया गया है। पेड़ों को भारतीय घरों में रहने का एक अनिवार्य हिस्सा माना जाता है। मानव जीवन के लिए पौधों और पेड़ों के महत्व को वराह पुराण में और अधिक स्पष्ट किया गया है जिसमें स्वर्ग प्राप्त करने के साधन के रूप में नियमित वृक्षारोपण की वकालत की गई है। मत्स्य पुराण और पद्म पुराण में भी महान वृक्षारोपण समारोह-वृक्ष महोत्सव का वर्णन है। भारत एक ऐसा देश है जिसने सदियों से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर रहना सिखाया है। ऋग्वैदिक युग से लेकर आज तक के लगभग सभी विचारकों ने प्रकृति के महत्व पर बल दिया। गांधीजी ने कहा है कि प्रकृति में प्रत्येक व्यक्ति की जरूरतों के लिए पर्याप्त है,उसके लालच के लिए नहीं। अगर हम अपने पवित्र ग्रंथों में देखें तो हमें वैदिक काल से ही पर्यावरण के बारे में भारतीय संस्कृति की चेतना मिलती है। अथर्ववेद में लिखा है माता भूमि पुत्रहेन पृथ्वी का अर्थ है कि 'भूमि' या पृथ्वी हमारी माता है और मैं पृथ्वी का पुत्र हूं। अथर्ववेद में ऋषियों ने पृथ्वी की प्रार्थना करते हुए कहा है कि यदि प्रकृति का पोषण किया जाए तो वह व्यक्तित्व के विकास का माध्यम बनती है,जो आगे चलकर संस्कृति की रक्षा करेगी जिसमें कला,साहित्य, संगीत और नैतिक मूल्यों को बचाया जा सकता है। ऋग्वेद और उपनिषदों में भी पशुओं के संरक्षण की वकालत की गई है। उपनिषदों में पशुओं के प्रति हिंसा और मानव बलि को प्रतिबंधित किया गया है। मनुष्य की तरह पशु और पेड़ भी ईश्वर की रचना हैं। फिर उन्हें नष्ट करना हिंसा नहीं तो और क्या है? वृक्ष शुद्ध वायु,छाया,वर्षा,फल,फूल और मानसिक संतुष्टि प्रदान करते हैं। भारतीय परंपरा में धार्मिक कार्यों को पर्यावरण से जोड़कर उनका संवर्धन एवं संरक्षण किया गया है। यदि हम सभ्यता में सिंधु सभ्यता की मुहरों को देखें तो पाते हैं कि उन मुहरों पर पशुओं एवं वृक्षों के चित्र अंकित रहते थे।

सम्राटों द्वारा अपने राज चिन्ह के रूप में वृक्षों एवं चिन्हों का प्रयोग किया जाता था। गुप्त सम्राट बांस को पूज्य मानते थे। मार्गों में पेड़ की छाया पथिक को मिल सके इसके लिए वृक्षारोपण किया गया। चित्रकारी में प्रकृति के अनुपम छटा को हम प्रकृति के प्रेम से ही जुड़ा मानते हैं। कहते हैं कि परम्पराएं मूल्यों से सिंचित होती हैं और मूल्य जितने विशुद्ध रूप में परंपराओं से घुलते हैं,परंपराएं उतनी ही उर्वरता व ताजगी के साथ पीढ़ी दर पीढ़ी समाज को ऊर्जा व पोषण प्रदान करती है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम समय-समय पर मुड़कर पीछे अपनी पोषणदायिनी परंपराओं व जीवन दृष्टि को आज के साथ जोड़ें,क्योंकि हमारे आज के बीते हुए कल के बीज से ही आने वाले भविष्य का निर्माण होता है। भारतीय दर्शन इन्हीं परंपराओं और मूल्यों को आत्मसात करते हुए 'वसुधैव कुटुम्बकम्'' अर्थात् पूरी पृथ्वी ही हमारा घर है, को लेकर आगे बढ़ रही है।

## प्रसंगवश

# वीर की मुक्ति समर भूमि में होती है



प्रताप सिंह बारहठ की पुण्यतिथि पर

कुंवर प्रताप सिंह बारहठ का जन्म 24 मई 1893 को उदयपुर में श्यामलदास की हवेली में हुआ। शिक्षा दयानंद जैन बोर्डिंग स्कूल में हुई। बाल्यावस्था में पिता श्री केसरी सिंह बारहठ ने प्रताप सिंह को सशस्त्र क्रांति की शिक्षा हेतु अर्जुन लाल सेठी को सौंप दिया,जहां से वो मास्टर अमीचंद के साथ रास बिहारी बोस के क्रांतिकारी दल का हिस्सा बन गए।

प्रताप अंग्रेजों की अमानवीय यातनाओं को सहते हुए मुख पर मुस्कान लिए शहीद हो गए। वहीं अंग्रेज अफसर की आंखों में आंसू थे। वह अफसर था चार्ल्स क्लिवलेंड जिनके शब्द थे "मैंने प्रताप जैसा व्यक्ति नहीं देखा। हमने उसे हराने के लिए यातनाओं का अंबार लगा दिया,पर वह सिंह की भांति लड़ा,शहीद हो गया, पर झुका नहीं,हम हार गए और वो जीत गया"। अंग्रेजों ने राजपूताने में क्रांति को ज्यादा हवा न मिले इसलिए प्रताप को वही बैरक में ही दफना दिया। दिल्ली हार्डिंग बम कांड- प्रताप सिंह बारहठ और इनके काकोसा जोरावर सिंह बारहठ ने 1912 मे चांदनी चौक में हार्डिंग पर बम फेंका था जिसमें हार्डिंग घायल हो गया और महावत की मृत्यु हो गई। जोरावर सिंह बारहट तो कभी पकड़े नहीं गए। इनके खिलाफ वारंट निकला,अमरदास बैरागी के नाम से चंबल के आसपास रहकर क्रांति में योगदान देते रहे। प्रताप और ईश्वर दान जी आशिया ( जिजोसा) दोनों को गिरफ्तार किया गया,परंतु सबूतों के अभाव में छोड़ दिया गया।

एक दिन अंग्रेजों ने कुटिल चाल चली। प्रताप को पिता केसरी सिंह से मिलवाने हजारीबाग जेल ले गए। हजारीबाग जेल में प्रताप को पिता की दयनीय स्थिति बताकर पिता-पुत्र के हृदय को द्रवित करने के लिए एक दूसरे के सामने खड़ा कर दिया जिससे कि सहसा दोनों के आंखों से आंसू निकल जाए। दाता की काल कोठरी के सामने प्रताप खड़े हैं। गवर्नमेंट के ऑफिसर दाता से अनुरोध करते हैं कि ठाकुर साहब प्रताप को समझाइए कि वह सच-सच बात बता दे। दाता अपने वीर पुत्र को कहते हैं कि 'प्रताप जानता है कि तू केसरी सिंह की संतान है,अगर प्राणों के मुंह से अथवा किसी अन्य प्रलोभन से तू विश्वासघात कर बैठा तो याद रखना मैं स्वयं तेरे को गोली मार दूंगा।' लाख जतन के बाग भी प्रताप अपने निर्णय से डिगे नहीं।

अंग्रेज अब हार चुके थे। चार्ल्स क्लीवलैंड ने बरेली जेल में प्रताप से चर्चा की कि तेरी माता बहुत दुखी है। तेरे लिए बहुत रोती है, तू हमें अपने साथियों के नाम और गुप्त जानकारियां दे दे। इतना तो तू अपनी मां के लिए कर ही सकता है। यह अंग्रेज ऑफिसर चार्ज क्लीवलैंड का अंतिम प्रयास था ताकि वह प्रताप को मां माणिक कवर की परिस्थितियों का देखकर उसे तोड़ सके,परंतु प्रताप सिंह बारहठ कहते हैं कि 'यदि मैं सब गुप्त बातें प्रकट कर दूं तो और भी कितने लोगों की माताएं ठीक मेरी माता के समान कष्ट पाएंगी। एक माता के बदले और कितनी माताओं को तब हाहाकार करना पड़ेगा। एक अमर वाक्य प्रताप सिंह बारहठ द्वारा बोला गया कि 'मेरी माता रोती है तो रोने दो,मैं मेरी माता को हंसाने के लिए हजारों माताओं को रुला नहीं सकता'। प्रताप ने सीना चौड़ाकर आगे कि कहा,'वीर की मुक्ति समरभूमि में होती है। यदि आप सचमुच मुझे मुक्त करना चाहते हैं तो मेरे हाथ में एक तलवार दीजिए। फिर चाहे जितने लोग आ जाए। आप देखेंगे कि मेरी तलवार कैसे काई की तरह अंग्रेजी नौकरशाहों को फाड़ती है'।



अजय राज शर्मा
बरेली

प्रताप की इस प्रकार की दृढ़ता देख अंग्रेज अफसर आश्चर्यचकित हो रहे थे कि मात्र 22 वर्ष का बालक और इतना साहसी निर्भीक कैसे हो सकता है! अंग्रेज अफसर उन्हें प्रताड़ित करने लगे। शारीरिक रूप से निर्बल हो चुके प्रताप ने उत्तर प्रदेश के बरेली जिले की सेंट्रल जेल में अंग्रेजों के अमानवीय अत्याचार को सहते हुए,हंसते-हंसते 24 मई 1918 को अपने प्राण त्याग दिए।

# कचरे की समस्या का उपयुक्त समाधान पुनर्चक्रण



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

गरीब लोग कम कचरा पैदा करते हैं, जबकि विकसित अर्थव्यवस्था में लोग प्रति व्यक्ति ज्यादा कचरा पैदा करते हैं।

भारत दुनिया में कचरा पैदा करने वाला सबसे बड़ा देश है,जहां हर साल करीब 30 करोड़ टन से भी ज्यादा सॉलिड वेस्ट पैदा हो रहा है, लेकिन हम इसका 60 फीसदी ही निस्तारित कर पाते हैं। बाकी यह इधर-उधर ही पड़े रहकर पर्यावरण को प्रभावित कर रहा है। यह कचरा जल,वायु और भूतल प्रदूषण का कारण बन रहा है। देश में 75 फीसदी से ज्यादा कचरा खुले में डंप किया जाता है।

वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट बताती है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सबसे ज्यादा कचरा उत्पन्न होता है। इस मामले में दिल्ली ने मुंबई,बेंगलूरु और हैदराबाद जैसे शहरों को काफी पीछे छोड़ दिया है। इन शहरों में भी इलेक्ट्रॉनिक, प्लास्टिक जैसे कचरे को अलग-अलग करने और सही ढंग से रीसाइक्लिंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इन शहरों में लैंडफिल साइट भर चुकी हैं। प्लास्टिक या कचरे को कई जगहों पर जलाया जाता है। किसी भी जगह नई लैंडफिल साइट का लोग विरोध करते हैं, क्योंकि इससे कई प्रकार का प्रदूषण होता है।

इस समय दुनिया में प्रतिवर्ष 201 करोड़ टन से ज्यादा ठोस कचरा पैदा हो रहा है। इसका एक तिहाई बेहद खतरनाक तरीके से वातावरण में फेंका जा रहा है,जो आने वाले समय में वातावरण के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकता है। अनुमान है कि वर्ष 2050 तक ठोस कचरे का कुल उत्पादन बढ़कर 340 करोड़ टन तक पहुंच सकता है,जो दुनिया के लिए बड़ी समस्या बनकर उभर सकता है। हालांकि पर्यावरण विशेषज्ञों की राय है कि अगर इस ठोस कचरे के सही तरीके से निस्तारण की व्यवस्था की जाए तो यही कचरा एक नए विकसित उद्योग की जगह ले सकता है और यह रोजगार उपलब्ध कराने का एक बड़ा अवसर साबित हो सकता है। उनका कहना है कि प्रति व्यक्ति ठोस कचरे का उत्पादन सबसे ज्यादा आर्थिक स्तर पर निर्भर करता है।

गरीब लोग कम कचरा पैदा करते हैं,जबकि विकसित अर्थव्यवस्था में लोग प्रति व्यक्ति ज्यादा कचरा पैदा करते हैं। यह मात्रा 0.74 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से लेकर 4.54 किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन तक अलग-अलग है। विशेषज्ञों का कहना है कि ठोस कचरे यानी ठोस अपशिष्ट को ठीक से प्रबंधित या निपटाने में विफलता होने से प्रदूषण हो सकता है। ठोस अपशिष्ट को भद्दा माना जाता है और इसे सड़क के किनारे फेंकने से अप्रिय गंध आने लगती है। ठोस अपशिष्ट के अनुचित निपटान से कई समस्याएं हो सकती हैं,जैसे पर्यावरण प्रदूषण, वेक्टर-जनित बीमारियों का प्रकोप, हानिकारक ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन,भूजल का प्रदूषण, परिवहन के दौरान ध्वनि और सूक्ष्म धूल। बढ़ती आबादी,शहरीकरण और बढ़ती प्रौद्योगिकी ठोस अपशिष्ट प्रदूषण के कुछ कारण हैं। ठोस अपशिष्ट से जुड़ी इन समस्याओं से निपटने के लिए ठोस अपशिष्ट का पुनर्चक्रण सबसे अच्छा तरीका है। पुनर्चक्रण का मतलब है कि कचरे को नए या उपयोगी उत्पाद में बदलना। वहीं कचरे को सूखे और गीले कचरे के रूप में अलग करना,घर-घर जाकर कूड़ा इकट्ठा करना और छंटाई के बाद इसे प्रोसेसिंग के लिए भेजना ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रमुख घटक हैं।


असल में कचरे का निपटान पूरी दुनिया के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। जनसंख्या बढ़ने से अपशिष्ट की मात्रा लगातार बढ़ी है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन चर्चा में इसलिए भी है,क्योंकि लगभग सभी देश बढ़ते कचरे के कुशलतापूर्वक निपटान की चुनौती का सामना कर रहे हैं। अगर कचरे की रीसाइक्लिंग की बात करें तो इस मामले में जर्मनी सबसे बेहतर काम कर रहा है,जो 56 फीसदी कचरे को रीसाइकिल कर देता है। इसके बाद ऑस्ट्रिया 53 फीसदी, दक्षिण कोरिया 53 फीसदी,वेल्स 52 फीसदी और स्विट्जरलैंड 49 फीसदी रीसाइक्लिंग कर देता है। इस मामले में स्वीडन,नार्वे और सिंगापुर भी अच्छा काम कर रहे हैं।

भारत में भी रीसाइक्लिंग धीरे-धीरे एक उद्योग का रूप लेता जा रहा है। देश में कई छोटे-छोटे शहर भी रीसाइक्लिंग के मामले में बेहतरीन काम कर रहे हैं। अहमदाबाद और त्रिवेंद्रम अपने यहां के कुल कचरे का बड़ा भाग रीसाइकिल कर रहे हैं। हालांकि इस क्षेत्र को एक स्थाई उद्योग का स्वरूप देने के लिए बेहतर तकनीकी और आर्थिक मदद की आवश्यकता है।

## सोशल फोरम

# चाबहार और अमेरिकी प्रतिबंध

फारसी में चाबहार का अर्थ है चार बहार यानी चार वसंत। चाबहार पत्तन पर भारत और ईरान के नए समझौते की बात आते-आते हमारा वसंत बीत चुका था,पर ईरानी पठार पर बहार अपने पूरे शबाब पर थी।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

समझौते की घोषणा को सुन/पढ़कर शायद सबों के मन में ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध की बात आई होगी। साथ ही यह भी कि इस समझौते के चलते पता नहीं भारत पर अब क्या कहर गिरे। जब हम लोग यह सोचकर सिहर सके तो निश्चित ही विदेश मंत्री जयशंकर और उनके सहकर्मियों ने इसे पहले से देख रखा होगा।

यदि सब कुछ देखते हुए उन लोगों ने इस समझौते को अंजाम दिया तो निश्चित ही उन्हें कुछ और जानकारियां हैं,जो हम लोगों को नहीं हैं। एक रोचक बात यह हुई है कि समझौते की घोषणा के बाद जब एक समाचार एजेंसी ने अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट से पूछा कि इस समझौते के चलते ईरानी प्रतिबंधों के भारत पर क्या असर पड़ेंगे तो सरकारी प्रवक्ता ने बस यह कहा कि बिना इसका विस्तृत अध्ययन किए हम अभी कुछ नहीं कह सकते हैं। क्या यह संभव है कि भारत ने इस पर अमेरिका से अनौपचारिक सहमति ले ली हो? विश्व के भू-राजनैतिक विभाजन में बहुत स्पष्ट रूप से चीन,उत्तरी कोरिया और रूस एक धुरी बनकर उभर रहे हैं।

पाकिस्तान व्यावहारिक रूप से चीन का उपनिवेश बनने जा रहा है। चाबहार के विकास में अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते बहुत विलंब हो चुका है। यदि और देर होती रह गई तो चाबहार का विकास चीन के हाथों जा सकता है,जो आज भी मकरान तट पर ही चाबहार से लगभग सौ मील पूरब ग्वादर पत्तन पर पसरा हुआ है।

भारत-अमेरिका के संबंधों में आई गर्मी बस चीन के चलते हैं। चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए शायद अमेरिका ईरान पर अपने प्रतिबंधों में इस मामले में कुछ ढिलाई दे।

-फेसबुक वॉल से

# त्वया हिंदु भूमे भी और मुस्लिम प्रेम भी



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस दल ने काशी की ज्ञानवापी मस्जिद के मुद्दे को गरमाया और मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि से संलग्न इस्लामिक निर्माण को अगले कार्यकाल में हटाने का एजेंडा निर्धारित किया।

समय-समय पर भाजपाई भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की बात करते रहे हैं और अब मुस्लिम प्रेम भी जागृत है। मेरे मित्र एक वरिष्ठ वकील एक किस्सा सुनाते थे। एक गवाह को एक नाटे आदमी को अदालत में बयान देते समय लंबा सिद्ध करना था तो वकील साहब ने बस्ते पर उसे सिखाया कि तुम बयान में कहना-'हुजूर! यों तो वे कद में कुछ छोटे थे,किंतु वह जलाल था उनके चेहरे पर कि हजारों लोगों के बीच वे लंबे नजर आते थे'। गवाह ने वैसा ही किया।

आजकल भाजपा नेताओं का भी कुछ ऐसा ही हाल है। उनके मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की प्रार्थना में ही शब्द आए हैं 'त्वया हिन्दुभूमे सुखं वर्धितोऽहम्' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी संस्था के प्रचारक रहे हैं और शाखा में यह प्रार्थना करते रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलविहारी बाजपेयी तो कवि थे। उन्होंने एक कविता लिखी थी,जो प्रसिद्ध है,'हिंदू तन मन हिंदू जीवन रग रग हिंदू मेरा परिचय।'

वीर सावरकर ने तो 1943 में ही 'हिंदू ध्वज को अति उच्च उठाने और हिन्दू स्वयमेव एक राष्ट्र है' जैसे शब्द अपने भाषण में कहे थे। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संप्रति चल रहे चुनावों के ठीक पहले जनवरी में संविधानिक पद पर रहकर अयोध्या के राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करवाई और यजमान बने।

इस दल ने काशी की ज्ञानवापी मस्जिद के मुद्दे को गरमाया और मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि से संलग्न इस्लामिक निर्माण को अगले कार्यकाल में हटाने का एजेंडा निर्धारित किया। 'अयोध्या तो सिर्फ झांकी है। अभी मथुरा,काशी बाकी है' के नारों की गड़गड़ाहट व्योम मंडल में गुंजरित हुई। यह सब हिंदुत्व एजेंडा ही है। बहुत समय नहीं हुआ जब कहा जाता था,'तीन नहीं तो तीन हजार। नहीं रहेगी एक मजार'। खैर! अब चुनाव हैं तो भाजपा ने यह आस लगाई कि कुछ जुमले फेंके जाएं तो शायद धुप्पल में कुछ मुस्लिम वोट भी मिल जाए। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने 'सबका डीएनए एक' होने की बात कही। पसमांदा मुस्लिम कार्ड खेला गया।

प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों में कहा कि बचपन में ईद में उनके पड़ोसी मुसलमानों के घर से खाना आता था। उनके अपने घर में खाना नहीं बनता था। अभी मोदी जी ने ताजा उद्घोष भुवनेश्वर में किया है कि 'भाजपा कभी मुस्लिमों के खिलाफ नहीं रही' तथा 'हम सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं' इत्यादि,लेकिन ऊपर तथ्य लिखे हैं वे तो दिन के उजाले की तरह सु-स्पष्ट हैं।

# लोकसभा चुनाव में विचित्र सन्नाटा



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जन लोकपाल का क्या बना,वह कहीं है कि नहीं,उसकी कोई खैर-खबर नहीं मिली। सन् 2024 के चुनाव को भी देख रहा हूं।

लोकसभा के चुनाव में ऐसा सन्नाटा पहले कभी नहीं देखा। सन् 1952 मुझे अपने बचपन की याद है,जब किशोरी रमन कॉलेज की फील्ड में पंडित जवाहरलाल नेहरू आए थे। गली मोहल्ले के नर-नारी टोल के टोल बनाकर बड़े चाव से वहां पंहुचे थे। मेरी बुआ मुझे अपने साथ ले गई थीं,वहां मैंने अपने मोहल्ले के गोविंद रसिकजी को पहचान लिया था। गोविंद रसिक जी ने हम लोगों को मंच के नीचे बैठा दिया था और कुछ तो समझ में आना ही नहीं था,किंतु वहां से मैंने जवाहर लाल नेहरू को देखा और इतनी बड़ी सभा पहली बार देखी।

यह भारत के जनतंत्र का पहला चुनाव था। तब से लेकर अब तक जितने भी चुनाव हुए हैं,वे सब मेरी यादों में हैं। मैं बालक ही था, जब अटलजी मथुरा से चुनाव लड़े थे। शरद नामक मेरा सहपाठी मुझे बतलाया करता था कि कौन सी पार्टी अच्छी है। मोहल्लों में तान के अखाड़े खड़े होते थे और बाजार में डंडे शाही निकलती थी। एक लाइन याद है,पता नहीं,वह कौन से प्रत्याशी की ओर से गाई गई थी। पक्का इरादा कर के अखाड़े में कूदे हैं कस के लंगोट। हिम्मत से सबको हरा के दिखा देंगे आवेगी जो कोई जोट। पार्टी में तो किसी में गया नहीं, गृहस्थी का भार था,किंतु बालकपन से लेकर अब तक जनतंत्र की इस प्रक्रिया का साक्षी जरूर रहा। जनता पार्टी बनी थी,तब राम राम की जगह "जय जनता की," अभिवादन पद बन गया था। लोग मिलते थे,"जय जनता की।" अन्ना के आंदोलन में तो जनता उठकर खड़ी हो गई थी,इतनी चर्चा,इतनी चर्चा कि कुछ पूछो मत। हालांकि जनता एक बार फिर अपने को ठगा महसूस कर रही थी।

जन लोकपाल का क्या बना,वह कहीं है कि नहीं,उसकी कोई खैर-खबर नहीं मिली। सन् 2024 के चुनाव को भी देख रहा हूं। आज भरोसा कोई करे भी तो किस पर करे? बात तो ठीक है,सबको देख लिया है,किंतु समष्टिभाव और समष्टि प्रक्रिया पर तो विश्वास है ही। इसलिए सोच लेता हूं कि जो भी होगा,अच्छा ही होगा,लेकिन एक अंतर देख रहा हूं। अबकी बार लोग चुप हैं। मीडिया पर जो कोलाहल हो रहा है,उसे तो सभी देख ही रहे हैं। गली मोहल्ले में,पार्क में लोग मिलते तो हैं,लेकिन खुलकर कुछ भी नहीं कहते। जनतंत्र का आधार है जनता का विमर्श और इस बार वह विमर्श गायब है,एक विचित्र सन्नाटा है।

# शहजादे शह भी देंगे और मात भी : अखिलेश

## जीआईसी ग्राउण्ड पर गरजे सपा प्रमुख, इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी के समर्थन में की चुनावी जनसभा

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचारः** सपा मुखिया अखिलेश यादव गुरुवार को सपा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल के समर्थन में जीआईसी ग्राउंड पर जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जबसे समाजवादी और कांग्रेस एक हुए हैं तब से डबल इंजन टकरा रहे हैं। ये जीरो होने जा रहे हैं। ये दिल्ली वाले कहते हैं शहजादे-शहजादे, ये शहजादे शह भी देंगे और मात भी देंगे। इन्होंने आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन किसी की भी आय दोगुनी नहीं हुई। महंगाई बढ़ती जा रही है।

सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा की सरकार में लगातार महंगाई बढ़ती जा रही है। भाजपा ने जनता को धोखा दिया है, जबरदस्ती कोरोना की वैक्सीन लगाई गई। अब इस वैक्सीन से जान को खतरा पैदा हो गया। इन्होंने वैक्सीन कंपनियों से चंदा वसूला। इन्होंने इलेक्ट्रोल बॉन्ड ने इनकी भ्रष्टाचार की पोल खोल दी। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव से पहले ये राशन की चर्चा करते थे, आज राशन के नाम पर ये लोग ठगने का काम कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन की अगर सरकार बनेगी तो आपका राशन बढ़ाया जाएगा और उसकी मात्रा भी बढ़ाई जाएगी। जिससे लोगों को भरपेट भोजन मिल सके। लखनऊ और दिल्ली वाले हम लोगों को गुमराह कर रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार ने मिलकर स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त कर दी। कहा की यह चुनाव संविधान को बचाने का है। आरक्षण भी खत्म हो जाएगा। अखिलेश ने कहा कि अगर हम सत्ता में आए तो अग्नि वीर योजना को समाप्त करेंगे, आशा आंगनबाड़ी शिक्षा मित्रों का मानदेय बढ़ाएंगे, नौकरियों के अवसर बढ़ाएंगे।


मंच पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव, राज्यसभा के उपनेता प्रमोद तिवारी, इंडिया गठबंधन सपा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल।


जीआईसी में आयोजित जनसभा में बड़ी संख्या में जुटे राजा भैया के समर्थक। अमृत विचार

### अखिलेश ने राजा भैया का जताया आभार

अखिलेश यादव के मंच पर राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिंदाबाद के नारे लगे। रानीगंज विधायक डा.आरके वर्मा के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं ने सपा, कांग्रेस के साथ जनसत्ता दल जिंदाबाद के नारे लगाए। अखिलेश यादव की जनसभा में बड़ी संख्या में राजा भैया की पार्टी के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। पार्टी का पटका पहने व झण्डा लिए जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के कार्यकर्ता मंच के सामने राजा भैया जिंदाबाद, अखिलेश यादव जिंदाबाद कहते रहे। वहीं बिना नाम लिए रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की ओर संकेत करते हुए अखिलेश ने कहा कि जो लोग थोड़े बहुत नाराज थे, वह भी हमारे साथ आ गए हैं। यह कहते हुए आभार जताया।

### कांग्रेस और सपा नेताओं ने बनाया माहौल

जीआईसी ग्राउंड पर सपा प्रमुख की जनसभा में कांग्रेस के स्टार प्रचारक व राज्यसभा को सम्बोधित कर उपनेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सपा नरेश उत्तम पटेल, सीएलपी लीडर आराधना मिश्रा मोना, विधायक डा.आरके वर्मा, विधायक राम सिंह पटेल, पूर्व विधायक नागेंद्र यादव मुन्ना, आप जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी, सौरभ सिंह, सुनैना सिंह, शकील अहमद ने सम्बोधित कर माहौल बनाया। इस दौरान सपा के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष गुलशन यादव, महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, महिला सभाध्यक्ष शांति सिंह, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष पाल, आनन्द भूषण सिंह बब्बू राजा, संजय पांडेय, शक्ति सिंह, सभापति यादव, भैया राम पटेल, वकार अहमद समेत लोग मौजूद रहे।


बुद्ध पूर्णिमा स्नान पर्व पर संगम में उमड़े श्रद्धालु।

## बुद्ध पूर्णिमा स्नानः गंगा में श्रृद्धालुओं ने लगाई आस्था क़ी डुबकी

**संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार :** वैशाख मास के शुक्लपक्ष में पड़ने वाली पूर्णिमा तिथि पर गुरुवार को श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य की कामना क़ी। पूर्णिमा तिथि पर गंगा स्नान और दान पुण्य के लिए विशेष महत्व बताया गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा को गंगा स्नान और दान-पुण्य करने से सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। इसके अलावा पितृदोष से भी मुक्ति मिलती है। प्रयागराज के विद्वान व ज्योतिषाचार्य दिवाकर मिश्रा ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा पर प्रयागराज के साथ-साथ वाराणसी, हरिद्वार में गंगा स्नान करने से कष्ट दूर होते है और मनोकामना पूर्ण होती है। बुद्ध पूर्णिमा को संगम स्नान के लिए दूर-दराज से लोग आकर स्नान और दान पुण्य अर्जित करते है। विद्वान के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा स्नान पर गंगा में पूर्व दिशा क़ी ओर मुख कर तीन बार डुबकी लगाएं। इसके बाद भगवान सूर्य को पांच बार जल देकर उनकी परिक्रमा करें। जरूरतमंदों को अन्य-फल का दान करें।

### ट्रक पलटा, चालक की मौत

**अहरौरा (मिर्जापुर)।** सोनभद्र से वाराणसी बालू लाद कर जा रही ट्रक गुरूवार की भोर लगभग चार बजे असंतुलित होकर हनुमान घाटी में पलट गई जिसमें ट्रक के किनारे दबने से चालक ब्रजेश यादव (25) की मौत हो गई। वहीं चालक का सगा भाई खलासी राहुल यादव बाल बाल बच गया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया की सोनभद्र से बालू लाद कर वाराणसी जा रही ट्रक के चालक को नींद आने से वजह से हादसा हुआ।

## सार-संक्षेप

### नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप का निधन


हरि प्रताप सिंह (फाइल फोटो)

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** नगर पालिका अध्यक्ष रहे 70 वर्षीय हरि प्रताप सिंह का निधन बुधवार को देर रात दिल्ली के मैक्स अस्पताल में हो गया। वह पहली बार वर्ष 1995 में अध्यक्ष बने और वर्ष 2017 तक लगातार अध्यक्ष रहे। इसके बाद उनकी पत्नी प्रेमलता सिंह वर्ष 2023 तक नगर पालिका अध्यक्ष रहीं। मई 2023 में वह फिर अध्यक्ष बने थे। वह वर्ष 2002 से 2007 तक भाजपा से सदर सीट से विधायक भी रहे। हरि प्रताप के बेटे विशाल सिंह ने बताया कि एक माह पूर्व वह अहमदाबाद गए थे। इस दौरान उनकी तबीयत खराब हुई थी। उनका दिल्ली में इलाज चल रहा था। मुंह में अधिक छाले होने से वह कुछ खा नहीं पा रहे थे। इससे वह काफी कमजोर हो गए थे। बुधवार रात अचानक तबीयत खराब हुई। इलाज के लिए मैक्स अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गुरुवार रात शव घर लाया गया। उनके एक पुत्र व दो बेटियां हैं। निधन की खबर से उनके घर संवेदना व्यक्त करने वाले पहुंचते रहे।

### पति के साथ गंगा स्नान करने जा रही महिला गिरी, मौत

**संवाददाता, कुण्डा, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** संग्रामगढ़ के साडा हर्षपुर नेवादा गांव निवासी राम सजीवन शुक्ल पूर्व प्रवक्ता इंटर कॉलेज अमेठी गुरुवार की सुबह बाइक से अपनी पत्नी 62 वर्षीय पुष्पा देवी के साथ स्नान करने के लिए मानिकपुर गंगा घाट जा रहे थे। मानिकपुर के बरवलिया गांव के पास पहुंचे थे कि अचानक बाइक एक गड्ढे मैं जाने से उछल गई, जिससे पुष्पा देवी बाइक से नीचे गिर पड़ी और उनके सिर पर गंभीर चोट लग गई। लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिए सीएचसी कुंडा लाया गया। यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने प्रयागराज एसआरएन रेफर कर दिया। जहां पर पहुंचने पर चिकित्सकों ने पुष्पा देवी को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संग्रामगढ़ सत्येंद्र सिंह भदोरिया ने बताया कि ऐसे किसी घटना की जानकारी नहीं है।

### डीएम-एसपी व प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत महुली मंडी में बने स्ट्रांग रूम का गुरुवार को सामान्य प्रेक्षक पवन कुमार मालापति, जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम संजीव रंजन व एसपी सतपाल अंतिल ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम व एसपी ने मेन गेट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों से कहा कि एक रजिस्टर बना लें तथा आने जाने वाले सभी व्यक्तियों की उसमें एंट्री करें। इसके साथ ही उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी अवलोकन किया एवं 24 घंटे कंट्रोल रूम संचालित रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ नवनीत सेहरा, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट जितेंद्र पाल, सीओ सिटी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से मजदूर की मौत

**संवाददाता, कोरांव, नैनी अमृत विचार :** यमुना नगर के कोरांव थानांतर्गत भगेसर गांव में गुरुवार सुबह निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां एक मजदूर ने दम तोड़ दिया। ग्राम भागेसर थाना कोरांव प्रयागराज निवासी अंगनु हरिजन (60) गांव स्थित निर्माणाधीन मकान में गुरुवार को मजदूरी कर रहा था। उसी दौरान मकान की दीवार गिरने से वह दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके साथ काम कर रहा मजदूर राम कुमार नानक(40) भी घायल हो गया। दोनो को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां अंगनु की मौत हो गई। श्रमिक प्रतिनिधि तथा अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के प्रयागराज मंडल मंत्री शहजादे पत्रकार ने गहरा दुख व्यक्त किया है। साथ ही सरकार से उक्त गरीब की आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है।

### परिषदीय विद्यालयों में जुलाई से होंगी खेल प्रतियोगिताएं

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए 17 तरह की खेल प्रतियोगिताओं का कैलेंडर निदेशक ने जारी किया है। स्कूल, न्याय पंचायत, ब्लाक, जिला, मंडल और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं जुलाई के तीसरे सप्ताह से शुरू होंगी और 30 नवंबर तक चलेंगी। बीएसए ने जिला व्यायाम शिक्षक को इन प्रतियोगिताओं को नियमानुसार संपन्न कराने को कहा है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि परिषदीय विद्यालयों में 10-10 हजार रुपये की धनराशि खेल किट के लिए पूर्व में ही दी जा चुकी है। स्कूलों में 17 तरह की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

# केशव मौर्य ने कांग्रेस- सपा पर कसा तंज

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचारः** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचकर पत्रकारों से वार्ता की।

डिप्टी सीएम ने कहा कि कांग्रेस के लाडले ने इस बात को खुद माना है कि उनके पूर्वजों ने ओबीसी के साथ गलत किया है। आज अपना भारत कांग्रेस मुक्त हो रहा है। अब जनता समझदार है और अपनी समझदारी से इंडी गठबंधन को साफ करेगी। उन्होंने कहा कि सपा ने सिर्फ एक जाति को बढ़ावा दिया है। अब संगमनगरी की दोनों सीटों सहित प्रदेश की 80 सीटों पर जीत का परचम लहराने जा रही है। डिप्टी सीएम ने कहा है इस कांग्रेस और सपा ने दलितों और पिछडों को सिर्फ ठगने का काम किया है। जिस पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने रोक लगाकर ममता बनर्जी सरकार को आईना दिखाने का काम किया है। डिप्टी ने कहा है कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने जो फैसला दिया है उसे लागू करना चाहिए और कोर्ट की अवमानना करने पर ममता बनर्जी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।


कोरांव में भाजपा प्रत्याशी की जनसभा में पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य।

### मोदी के नेतृत्व में होंगे 400 पार : केशव मौर्य

**कोरांव/नैनी, अमृत विचार :** कोराव विधानसभा के बिरहा गांव में भाजपा के प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के पक्ष में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने की अपील किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस बार चार सौ से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेंगे। अब जनता जान और समझ चुकी है कि देश की मजबूती और तरक्की भाजपा ही दे सकती है। उप मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कोरांव से अपना बहुत पुराना नाता बताया। इस अवसर पर भाजपा के सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी का कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अखिलेश को चार सीटें ही मिलेंगी: शाह

▸▸ पट्टी के तरदहा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में हुई जनसभा में बोले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को पट्टी के तरदहा में प्रतापगढ़ संसदीय सीट के भाजपा उम्मीदवार संगम लाल के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि छह जून को दोनों शहजादे विदेश चले जाएंगे और नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। पांच चरण के चुनाव में 310 सीटें भाजपा को मिल चुकी हैं, 4 जून को 400 पर करेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा 40 के पार तथा अखिलेश यादव को चार सीटें ही मिलेगी, पांचवी नहीं मिलेगी। 400 सीटों में संगम लाल का को भी भेज देना।

अपने सम्बोधन के शुरुआत में ही उन्होंने बाबा घुइसरनाथ धाम, भयहरणनाथ धाम एवं महापुरुषों के नाम लिए। उन्होंने कहा कि 25 तारीख को वह चुनाव है जो देश का प्रधानमंत्री तय करेगा। एक तरफ नरेन्द्र मोदी हैं तो दूसरी तरफ राहुल बाबा और अखिलेश। मोदी जी 23 साल तक मुख्यमंत्री रहे उनके ऊपर कोई दाग नहीं लगा। एक तरफ चाय वाला है तो दूसरी तरफ राहुल और अखिलेश। अमित शाह ने कहा कि मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है तो संगम लाल गुप्ता को जिताना है। इस दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर, मंत्री प्रतिभा शुक्ला, पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, पूर्व मंत्री डॉ.महेंद्र सिंह, सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व सांसद रत्ना सिंह, पूर्व विधायक धीरज ओझा, अपना दल एस के व्यापार मंच के प्रदेश सचिव प्रज्ञा कुमार सिंह सहित लोग मौजूद रहे।


पट्टी के तरदहा में मंच से लोगों का अभिवादन स्वीकार करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता। अमृत विचार

# मतदाताओं को बूथों तक लायें आशा कार्यकर्ता

▸▸ मतदान प्रतिशत बढ़ाने में योगदान देने वाली आशा कार्यकर्ता होंगी सम्मानित

संवाददाता, जौनपुर।

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ के मार्गदर्शन में चल रही स्वीप गतिविधियों के तहत बृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान की समीक्षा की गई। आशा को जिम्मेदारी दी गई कि मतदान तिथि 25 मई को टोली बनाकर अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को घर से निकालते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा पिछले दो माह से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मतदान तिथि वाले दिन मतदाताओं को बूथ तक लेकर आयें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ब्लाक से पांच-पांच आशा को सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाले बूथों की आशा को विशेष रुप से पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव यादव ने मतदाताओं से अनुरोध किया कि वे अपने वोट की कीमत को पहचाने और बिना किसी प्रलोभन के मतदान करें। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रभात सिंह ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मतदान प्रणाली एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें सभी लोगों का समान रूप से भाग लेना अति आवश्यक है। सीएमओ ने उपस्थित सभी चिकित्साधिकारियों को मतदान की शपथ दिलाते हुए मतदाताओं को प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, डॉ. एके कन्नौजिया, डॉ. रफीक अहमद, डॉ. श्रवण यादव, डॉ. सूर्य प्रकाश, डॉ. रोहित लाल, डॉ.तपिश कुमार, डॉ. संजय दुबे, डॉ.गोपेश, डॉ.अजय सिंह, डॉ.आनन्द प्रकाश, डॉ.प्रभात यादव, डॉ.जीतेन्द्र गुप्ता, डॉ.अभिषेक, डॉ. एसके पटेल, डॉ.राजेश, डॉ.आलोक, डॉ.एमएस यादव सहित अन्य चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

# इलाहाबाद-फूलपुर सीट पर थमा चुनाव प्रचार, 25 को मतदान

**प्रयागराज, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर हो रहे मतदान को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। 25 मई को मतदान होना है। उससे पहले गुरूवार को चुनाव प्रचार थम गया। इलाहाबाद और फूलपुर समेत यूपी की 14 सीटों पर छठवें चरण यानी 25 मई को मतदान होना है। चुनाव आयोग की ओर से जारी किये गये गाइड लाइन के अनुसार गुरुवार की शाम से ही चुनाव प्रचार थम गया। शाम पांच बजे के में सभी प्रत्याशी अपना प्रचार, रैली या सभा बंद कर दिये केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी संसदीय क्षेत्र में प्रत्याशी व संगठन के पदाधिकारियो के साथ बैठक कर मतदान कराने की रणनीति में जुट गये है। चुनाव प्रचार को लेकर इलाहाबाद और फूलपुर सीट के दोनों प्रत्याशियों के लिए मोदी, योगी, केशव मौर्या, अमित शाह व राहुल गांधी, अखिलेश यादव भी जनसभा कर चुके है। प्रयागराज की दोनों लोकसभा सीटों (इलाहाबाद और फूलपुर) पर कुल 29 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे है। इसमें भाजपा, सपा, कांग्रेस, बसपा के अलावा अन्य पार्टी और निर्दलीय प्रत्याशी भी शामिल है।

# ब्राह्मण समाज का हो रहा उत्पीड़न : मायावती

संवाददाता, मिर्जापुर


बसपा प्रमुख मायावती।

**अमृत विचार।** जिले के मड़िहान तहसील इलाके के देवरी गांव में आयोजित जनसभा में पहुंची बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने विरोधी दलों के बहकावे में न आने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के शासनकाल में ब्राह्मण समाज का उत्पीड़न किया जा रहा है। विभिन्न पार्टियां किस्म किस्म के हथकंडे अपना रही हैं। साम, दाम, दंड व भेद अपना कर सत्ता हथियाने में लगी हैं। उन्होंने कहा कि विरोधी पार्टीयां हवा बनाने के लिए मीडिया सर्वे, ओपिनियन पोल का सहारा ले रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि विभिन्न पार्टियों के जारी किए गए हवा हवाई सर्वे और वादों के भ्रम में न आयें। उन्होंने कहा कि पार्टियां चुनावी घोषणा पत्र तो जारी करती हैं पर उन पर काम नहीं करती। चुनाव जीतने के बाद इनके वादों पर काम नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी कोई घोषणा पत्र जारी नहीं करती। हम कहने में नहीं करने में विश्वास रखते हैं। जिसकी नकल कुछ पार्टियां करती हैं। उन्होंने कहां की गरीबों को कुछ राशन दिया जा रहा है। जिससे उनका स्थाई रूप से भला होने वाला नहीं है। मुफ्त राशन की आड़ में वोट लेने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही कहा कि सरकार अपनी जेब से राशन नहीं दे रही है। आपके टैक्स से राशन दिया जा रहा है। इसमें भाजपा व आरएसएस की कोई भूमिका नहीं है। धर्म की आड़ में मुस्लिमों का हो रहा शोषण उन्होंने दावा किया कि गरीबी को दूर करने के लिए हर हाथ को काम देने का काम बसपा ने अपने चार बार के कार्यकाल में किया है। काफी वर्षों से बढ़ रही बेरोजगारी व महंगाई से जनता परेशान है। धर्म की आड़ में मुस्लिम समाज का शोषण व उत्पीड़न किया जा रहा है। बसपा की केंद्र में सरकार आने के बाद उसे रोका जाएगा। उन्होंने कहा कि अन्य सरकारों की तरह समाज के लोगों को भत्ता न देकर रोजी-रोटी दिलाने काम किया जाएगा। इस मौके पर मिर्जापुर लोकसभा प्रत्याशी मनीष त्रिपाठी, भदोही लोकसभा प्रत्याशी हरि शंकर सिंह और राबर्ट्सगंज सोनभद्र के प्रत्याशी धनेश्वर गौतम के समर्थन में वोट मांगा।


कार्यालय नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह-प्रतापगढ़


स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

पहले मतदान फिर जलपान

आओ मिलकर हम सब करें 25 मई को मतदान

मतदाता है भाग्य विधाता मतदान कर राष्ट्र निर्माण के भाग्य विधाता बने

"ना रहे गन्दगी न खुले में शौच
स्वच्छ होगा भारत स्वस्थ होंगे सब लोग"



जापानी इन्सेफलाईटिस / डेंगू आदि मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु नागरिकों से अपील

| क्र0सं0 | क्या करें ✓ | क्या न करें ✗ |
|---|---|---|
| 1 | मच्छरों आदि से बचाव हेतु मच्छरदानी का प्रयोग अति आवश्यक है। | अपने घरों के अगल-बगल कूड़ा आदि न जमा होनें दें |
| 2 | पूरे बदन को ढकने वाले कपड़े का प्रयोग करें। | नंगे शरीर न रहें न ही सोये। |
| 3 | कूड़ा करकट नियत स्थान पर ही डाले। | कूड़ा करकट इधर-उधर न फेंकें। |
| 4 | बुखार होने पर तत्काल डॉक्टर से सम्पर्क कर जांच करायें | बुखार को सामान्य न समझें मेडिकल स्टोर से लक्षण बताकर दवा न लें |

(समस्त सभासद)

(प्रदीप मिश्रा)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह
प्रतापगढ़

श्रीमती सुनीता देवी, श्री मोती लाल चौधरी, श्रीमती केतकी सिंह, श्री जगत बहादुर, श्रीमती कुसुम देवी, श्री अशोक कुमार, श्री विनय सिंह यादव, श्रीमती निकहत जहां, श्रीमती गीता, श्री संजय कुमार, श्रीमती फूल कुमारी, श्री विनोद सिंह, श्री दशाराम, श्री शमशाद अहमद, श्री राम आसरे

(अशोक कुमार "मुन्ना यादव")
अध्यक्ष
नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह
प्रतापगढ़

## एक नजर

### बीफार्मा छात्रा को झांसा देकर किया दुराचार

**नैनी, प्रयागराज :** नैनी पुलिस ने बीफार्मा छात्रा को शादी का झांसा देकर दुराचार करने और फोटो, वीडियो को वायरल करने की धमकी देने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बताया जाता है कि छात्रा प्रयागराज की रहने वाली है जबकि युवक जौनपुर का रहने वाला है। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद उसका अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने के नाम पर ब्लैकमेल करने लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### ज्वाला माई स्थान पर श्रीदेवी भागवत कथा शुरू

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** ब्लाक की ग्राम पंचायत बनगाई में ज्वाला माता थान पर नौ दिवसीय देवी भागवत का कार्यक्रम महिलाओं की कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। ग्राम पंचायत की महिलाओं ने जिले के सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित दुर्गा प्रसाद पांडेय की अगुवाई में बड़ी संख्या में एकत्र होकर शिर पर कलश रखकर लाइन लगाकर गाजे बाजे के साथ ब्लॉक रुपईडीह मुख्यालय पहुंची और वहां पोखर से कलश में जल भरकर पुन: ज्वाला माता स्थान पर वापस आयी। यात्रा में कृष्ण कुमार चतुर्वेदी, विकास तिवारी, आदि शामिल रहे।

### कोटार शिव धाम में भक्तों ने किया जलाभिषेक

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के अदवा नदी के मध्य टीले पर स्थित कोटार शिव मंदिर में बैशाख पूर्णिमा तिथि पर गुरुवार को बीस हजार भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया है। भक्त अदवा नदी में स्नान कर हाथ में फूल माला, नारियल चुनरी, गंगा जल, दूध, भांग, धतूरा लिये हर हर महादेव का जयघोष करते हुए भोले नाथ का जलाभिषेक किया।

# मुठभेड़ में दो लुटेरों के पैरों में लगी गोली, तीन गिरफ्तार

## अमेठी व अलीगढ़ के रहने वाले हैं बदमाश, जिला अस्पताल में भर्ती

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार:** करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के सूबेदार पुरवा में असलहे के बल पर लूटपाट करने वाले बदमाशों की बुधवार की रात पुलिस से मुठभेड़ हो गयी। इस मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है। उन्हें इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने घायल समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मौके से एक बाइक व तीन तमंचा भी बरामद किया गया है। मुठभेड़ बुधवार की देर रात करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के हरसहाय पुरवा के पास हुई।

करनैलगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि बुधवार की रात पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के चचेरे मोड़ के समीप कुछ संदिग्ध लोग मौजूद हैं। इस सूचना पर कोतवाली पुलिस समेत एसोजी व सर्विलांस की टीमों ने उन्हें घेर लिया। पुलिस को देखकर बाइक सवार तीन युवकों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायर किया। इस मुठभेड़ में दो युवक लगने से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ की खबर मिलने पर एसपी विनीत जायसवाल ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली।



लुटेरों को अस्पताल में भर्ती कराती पुलिस। अमृत विचार

### मोटरसाइकिल और तमंचा बरामद

पुलिस के मुताबिक पकड़े गए युवक अमेठी और अलीगढ़ जिले के शातिर बदमाश हैं। घायल सलमान (28) पुत्र गिल्लू व लक्ष्मण (30) पुत्र जिला अमेठी जिले के गांधीनगर के रहने वाले हैं जबकि अरुण अलीगढ़ जिले का रहने वाला है। तीनों के पास से पुलिस ने बाइक व तमंचा बरामद किया है।

### सूबेदार पुरवा में असलहे के बल पर की थी लूटपाट

पकड़े गए बदमाशों ने एक सप्ताह पहले सूबेदारपुर गांव के रहने वाले मोहम्मद नसीम के घर में घुसकर लूटपाट की थी। विरोध करने पर महिलाओं को मारपीट कर घायल कर दिया था। मोहम्मद नसीम ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। एसपी विनीत जायसवाल ने घटना के खुलासे के लिए करनैलगंज पुलिस के साथ एसओजी व सर्विलांस टीम को लगाया था। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी को साथ ही लूट का सामान भी बरामद कर लिया है।

### टीम की सफलता पर एसपी ने दी बधाई

घटना के सफल अनावरण में प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह, प्रभारी एसओजी उपनिरीक्षक सर्वजीत गुप्ता, प्रभारी सर्विलांस उपनिरीक्षक सुनील सिंह, उपनिरीक्षक शादाब आलम, कस्बा चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक आशीष वर्मा, बालपुर चौकी इंचार्ज आलोक राव, भंभुआ चौकी इंचार्ज भानु प्रताप सिंह, एसएसआई राम प्रकाश चंद्र, उपनिरीक्षक सरफराज खान समेत पुलिस टीम शामिल रही। एसपी विनीत जायसवाल ने बदमाशों को पकड़ने वाली पूरी टीम को शाबाशी दी।

एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के नाम सलमान, जिल्ला व अरुण कुमार है। तीनों लूट के मामले में वांछित थे। पुलिस की टीमें उनकी तलाश कर रही थीं।

# इंडी गठबंधन की बनेगी सरकार : श्यामलाल

संवाददाता, प्रयागराज

**सपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया दावा**

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के नवागत प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल गुरुवार को प्रयागराज पहुंचे। जहां समाजवादी प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन प्रदेश में सबसे ज्यादा सीट जीत रहा है। मतदान के छठवें और सातवें चरण में बीजेपी का कोई खता नहीं खुलेगा। भाजपा पूरी तरह से साफ हो जाएगी।

सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन को भारत रत्न देना सही था लेकिन उनकी रिपोर्ट को नजरअंदाज करना सही नही था। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने तीन काले कानून का विरोध करने वाले किसानों पर लाठियां बरसाई हैं। आंदोलन करने वाले किसानों की मौत हो गई। एमएसपी के लिए किसान परेशान है। रोजगार के लिए नौजवान परेशान है। पुरानी पेंशन चाहने वाला कर्मचारी और उसका परिवार नोटबंदी से परेशान है। इस सरकार में कोई भी खुश नही है। इंडी गठबंधन देश और संविधान की रक्षा करने वालों के साथ मजबूती के साथ खड़ा रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा एनडीए सरकार पर आरक्षण खत्म करने की साजिश की गयी। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं को अग्निवीर बाद में शिक्षावीर, चिकित्सा वीर आदि बनाकर स्थाई नौकरियों को खत्म करने की साजिश की गयी। गठबंधन की सरकार बनने पर तत्काल 30 लाख युवाओं को नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना कराकर डॉक्टर लोहिया एवं बाबा साहब अंबेडकर के सपने को पूरा किया जाएगा। कहा कि प्रदेश की 79 सीटों पर इंडी गठबंधन की प्रत्याशियों की जीत होगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तखार हुसैन, एमएलसी डॉक्टर मान सिंह, महानगर महासचिव रवींद्र यादव, मीडिया प्रभारी दान बहादुर मौजूद रहे।

### कार्यकर्ता अपना-अपना बूथ करें मतबूत: रमेश

**मिर्जापुर, अमृत विचार।** 79-मिर्जापुर लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी रमेश चन्द बिन्द का गुरुवार को नगर विधानसभा के कोन ब्लाक व मझवां विधानसभा के मझवां ब्लाक का क्षेत्रीय भ्रमण जनसंवाद कार्यक्रम अन्तर्गत दर्जनो गांवों में भ्रमण किया। इस दौरान कोन ब्लाक के दर्जनो गांवों का भ्रमण किया और जनसंवाद के माध्यम से आमजन मानस की समस्याओ को सुना। प्रत्याशी रमेश चन्द बिन्द ने समाजवादी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं सिद्धान्तों को लोगों को विस्तार से बताया। इस मौके पर प्रत्याशी रमेश चन्द बिन्द ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते है। आपकी मेहनत व लगन से ही चुनाव जीता जा सकता है। आप अपने बूथ पर लगकर मेहनत अपना बूथ जिताने का काम करें और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथों को मजबूत करें। कहा कि सपा सरकार में किये गये जनहित के कार्यों को जनता के बीच जाकर बताएं।

### पानी के लिए भटक रहा सियार कुआं में गिरा

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज वन रेंज के मटखना गांव में गुरुवार की सुबह जंगल से पानी की तलाश में भटक रहा जंगली सियार ग्राम प्रधान के सुखे कुंआ में करीब चालीस फीट नीचे गिर पड़ा मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना ग्राम प्रधान संजय सिंह को दिया जिस पर ग्राम प्रधान ने कुआं में गिरे जंगली सियार को बाहर निकालने के लिए वनक्षेत्राधिकारी ड्रमंडगंज वीरेंद्र कुमार तिवारी को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कुआं में गिरे सियार को बाहर निकालकर जंगल में छोड़ दिया है। बताते चलें कि जंगल में नाला तालाब आदि सूख जाने के कारण जंगली जानवरों को पानी पीने के लिए दिक्कत परेशानी हो रही है।

# सड़क निर्माण करा रही कंपनी ने पानी की पाइपलाइन की क्षतिग्रस्त, लोगों में रोष

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)

**अमृत विचार।** स्थानीय विकास खंड में हर घर नल जल योजना का कार्य करा रही कंस्ट्रक्शन कंपनी नमामि गंगे परियोजना एनसीसी के प्रोजेक्ट मैनेजर शफीक अहमद ने बुधवार की देर शाम ड्रमंडगंज थाना में तहरीर देकर हर घर नल जल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइप लाइन व दिए गए कनेक्शन को बिना सूचना दिए क्षतिग्रस्त करने वाले सड़क निर्माण कार्य करा रही कार्यदाई संस्था के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है।

दिए गए तहरीर में प्रोजेक्ट मैनेजर एनसीसी ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना के द्वारा हर घर नल से जल आपूर्ति के लिए ड्रमंडगंज बाजार देवहट से कोरांव संपर्क मार्ग के किनारे पेयजल आपूर्ति कराने के लिए दोनों तरफ लगभग 1028 मीटर व 160 एमएम व 63 एमएम एचडीपीआई पाइप लाइन बिछाई गई थी और 104 घरों में नल के माध्यम से पेयजल आपूर्ति शुरू कर दिया गया था लेकिन सड़क निर्माण कार्य करा रही कंस्ट्रक्शन कंपनी पीसीसी व आरजे कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा नमामि गंगे परियोजना के संस्था को बिना सूचना दिए ही पाइपलाइन व नल कनेक्शन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इसी प्रकार दुर्जनीपुर मोड़ कोरांव प्रयागराज मार्ग के दोनों तरफ करीब 875 मीटर बिछाई गई पाइप लाइन व घरों में आपूर्ति के लिए लगाए गए नल कनेक्शन को बिना सूचना दिए ही सड़क निर्माण कार्य करवा रही दोनों कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जिसके चलते कार्यदाई संस्था एनसीसी व जल निगम पाइपलाइन के माध्यम से घरों तक नल से पेयजल आपूर्ति देने में अस्मर्थ है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि तहरीर मिली है मामले कि जांच पड़ताल की जा रही है।

# बाहर से लिखी जांच व दवा, डॉक्टर को नोटिस

संवाददाता, परसपुर

**कार्रवाई**

- अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया था मरीज का मुद्दा
- सीएचसी अधीक्षक ने चिकित्सक से तीन दिन के अंदर मांगा स्पष्टीकरण

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर में एक टीबी मरीज को बिना दवा लिए वापस जाना तथा बाहर से दवा व जांच कराने के मामले में अधीक्षक ने संबंधित डॉक्टर को नोटिस भेजकर जवाब तलब किया है। मरीज की शिकायत को अमृत विचार ने प्रकाशित किया था।

जनपद मुख्यालय से लेकर ग्रामीण स्तर पर बने सीएससी व पीएचसी केन्द्रों पर अक्सर डॉक्टर के द्वारा बाहर से जांच के पर्चे व दवाओं के पर्चे लिखे जाने की बात आम सी हो गयी है। सीएससी अन्तर्गत गांव मरचौर निवासी ठाकुर प्रसाद यादव बीते मंगलवार को अपने साले सोनू को सीएचसी पर टीबी से सीने में दर्द होने के कारण इलाज कराने पहुंचे तो ओपीडी पर तैनात डॉक्टर आर के वर्मा ने पीड़ित को देखने के बाद एक पर्चा बनाकर बाहर जांच के लिए भेज दिया। पीड़ित डॉक्टर के बनाए हुए पर्चे पर जांच कराई तो जांच सेंटर ने जांच के 1400 रुपये वसूले। जांच कराने के उपरांत जब पीड़ित मरीज जांच रिपोर्ट लेकर सीएससी पर पहुंचे तो डॉक्टर द्वारा जांच रिपोर्ट की पड़ताल करने के बाद पीड़ित मरीज को टीबी जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित बताते हुए दवा बाहर से लेने के लिए अपने से सम्बन्धित मेडिकल स्टोर पर भेज दिया।

पीड़ित मरीज मेडिकल स्टोर पर पहुंचे तो मेडिकल स्टोर संचालक ने डॉक्टर द्वारा लिखी दवाओं की 1600 रुपए कीमत बताई। मरीज ने इतनी भारी रकम चुकाने में असमर्थता जाहिर कर दुकान से यह कहकर वापस चला आया कि अभी पैसा कम पड़ रहा है। लौटकर वापस सीएचसी पहुंच डॉक्टर से बताया कि दवा के सोलह सौ रुपए बन रहे हैं। इसके पहले चौदह सौ रुपए की जांच कराई है अब इतना पैसा नहीं बचा है कि सोलह सौ रुपए की दवा खरीद सके। इतने में डॉक्टर साहब आग बबूला हो गए। पीड़ित मरीज के साथ अभद्रता की। पीड़ित ने इसकी शिकायत अपर निदेशक स्वास्थ्य तथा सीएचसी अधीक्षक डॉ लवकेश शुक्ला से करते हुए ऑनलाइन मुख्यमंत्री पोर्टल पर जनसुनवाई के तहत अवगत कराया। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर लवकेश शुक्ला ने डॉक्टर को नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है।

सीएससी अधीक्षक ने बताया कि शिकायत मिली है जिसको लेकर संबंधित डाक्टर को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगते हुए जनपद के स्वास्थ्य विभाग उच्चस्थ अधिकारी को अवगत करा दिया गया है। स्पष्टीकरण मिलते ही कार्यवाही कर उच्चस्थ अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा।

### नाबालिग को मां व बेटी ने किया अगवा

**परसपुर, अमृत विचार:** मां बेटी ने मिलकर एक नाबालिग को अगवा कर लिया। इसकी शिकायत नाबालिग के पिता ने पुलिस से की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। नाबालिग के पिता ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी 16 वर्षीया लड़की को उसके गांव निवासी एक युवती ने अपनी मां के साथ मिलकर ही लेकर चली गई है। काफी खोजबीन की गयी लेकिन कहीं पता न चल सका। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि अगवा लड़की के पिता की तहरीर पर सोनम निषाद व उसकी मां पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

# रसूखदारों के इशारे पर हो रहा सफेद बालू का काला धंधा

## तरबगंज तहसील के माझा इलाके का हाल, जुर्माना और एफआईआर के बाद भी नहीं बंद हो रहा कारोबार

संवाददाता, उमरी बेगमगंज

**अमृत विचार:** बालू खनन का मामला हो या फिर मिट्टी खनन का। तरबगंज तहसील के माझा इलाके में इसका कारोबार काफी मुफीद माना जा रहा है।

जिले के साथ ही अन्य जिलों के माफिया यहां कारोबार करके करोड़ों रुपये सरकारी राजस्व की हानि पहुंचाते हैं। बीते सप्ताह मिट्टी खनन करने गए एक युवक की मौत के बाद एक बार फिर पुरानी यादें ताजा हो गई हैं और प्रशासनिक कार्यशैली पर सवालिया निशान भी लग रहे हैं। नवाबगंज के एक खनन माफिया पर एनजीटी द्वारा अरबों रुपये की वसूली नोटिस जारी करने और 2018 में ऐली परसौली के खनन के मामले में किसानों पर एक करोड़ से अधिक की वसूली नोटिस जारी की गई। माननीयों के इशारे पर मामले को रफा-दफा कर दिया गया। कर्नलगंज और तरबगंज तहसील क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक मामलों में खनन माफिया पर जुर्माना तो किया गया लेकिन वसूली नहीं हो सकी। प्रशासन कुछ मामलों में एफआईआर दर्ज करा कर अपना पल्ला झाड़ लेता है और फिर माननीय की परिक्रमा कर खनन माफिया मामले को रफा दफा करा लेते हैं। 2017 में सीएम योगी आदित्यनाथ ने करनैलगंज नवाबगंज उमरी बेगमगंज थानाध्यक्षों को निलंबित करने के साथ ही सीओ व एसडीएम के खिलाफ जांच के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री की कार्रवाई भी वक्त के साथ अतीत बनकर रह गई। अब सवाल यह है कि जब माननीय ही सुरक्षा कवच बन बैठे हैं तो कार्रवाई कैसे होगी जबकि अवैध खनन का कारोबार बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। तीन माह पहले तरबगंज तहसील क्षेत्र के ऐली परसौली गांव में गाटा संख्या 4469 में हुए अवैध खनन के मामले में खनन निरीक्षक विवेक कुमार की तहरीर पर उमरी बेगमगंज थाने में खनन माफिया अजय यादव निवासी बक्शी का तालाब जनपद लखनऊ, श्रीनाथ यादव, रामसुघर यादव, धर्मेंद्र यादव व राजकमल के खिलाफ धारा 379, 414, 411, 420, 120 बी, खनन अधिनियम 4 / 21 एमडीआरएमडी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और मौके पर मिली सात ट्रक दो पोकलैंड मशीन और एक ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर हिरासत में लिए गए। आरोपी अजय यादव को जेल भेज दिया गया लेकिन अन्य आरोपियों को बाराबंकी के एक रसूखदार के इशारे पर बचाने की कोशिश जारी है।



ऐली परसौली में बालू खनन का नजारा। (फाइल फोटो)

# ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार पिता-पुत्र की मौत, पुत्री घायल

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)

**अमृत विचार।** संतनगर थाना क्षेत्र के कोलकम गांव के पास गुरुवार की दोपहर ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार पिता पुत्र की मौत हो गई जबकि स्कूटी सवार पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई मौके पंहुची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया है। पिता पुत्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिता पुत्र की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया है पुलिस ने ट्रक व चालक को हिरासत में लेकर कार्रवाई करने में जुट गई है।

संतनगर थाना क्षेत्र के कंहईपुर गांव निवासी 50 वर्षीय शिवराम अपने 25 वर्षीय पुत्र मंजीत व 14 वर्षीय पुत्री अर्चना को स्कूटी से लेकर लालगंज थाना क्षेत्र के रजई गांव रिश्तेदारी में जा रहे थे कि जैसे ही स्कूटी कोलकम गांव में पंहुचे थे कि लालगंज से कलवारी जा रहे ट्रक चालक स्कूटी में टक्कर मार दिया जिससे स्कूटी सवार सड़क पर गिर गए और उसी ट्रक की चपेट में आने से पिता पुत्र की मौके पर मौत हो गई जबकि पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना मिलने पर मौके पर पंहुची पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया तथा गंभीर रूप से घायल पुत्री को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया है। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लेकर कार्रवाई करने में जुट गई है। घटना से लगभग आधा घंटा आवागमन बाधित रहा। इस संबंध में सीओ लालगंज शैलेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार पिता पुत्र की उसकी चपेट में आने से मौत हो गई है जबकि स्कूटी सवार पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई है मृत दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रक चालक को हिरासत में लेकर कार्रवाई किया जा रहा है।

# भाजपा का झंडा उतारने को लेकर विवाद, मुकदमा दर्ज

संवाददाता नैनी, प्रयागराज

**अमृत विचार:** यमुना नगर स्थित करछना थाना के रिपोर्टिंग चौकी भीरपुर में भाजपा का झंडा लगा होने को लेकर की कुछ लोगों ने विवाद कर लिया। मामले को लेकर करछना थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

करछना स्थित भीरपुर रेलवे स्टेशन के सामने रहने वाले विपिन तिवारी पुत्र कृपाशंकर ने घर पर भाजपा का झंडा लगाया हुआ था। बुधवार देर रात भीरपुर के ही सोनू कोलहा पुत्र गोविंद्र प्रसाद मिश्र ने कांग्रेस-सपा गठबंधन के जीतने की बात कहते हुए भाजपा का लगा झंडा निकलवा देने की बात कही नही तो कांग्रेस-सपा के जीतने के बाद लोग आप पर हंसेगे। इसको लेकर दोनो पक्षों में कहासुनी हो गई। आरोप हैं कि बतकही के बीच सोनू कोलहा, रवि कोलहा, मोनू कोलहा, गणेश कोलहा आदि ने गाली गलौज देते हुए घर मे घुसकर मारपीट करने लगे। आस पास के लोगो के बीच बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए वह चले गये। विपिन तिवारी की तहरीर पर करछना थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। सपा कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी के जीतने के पहले ही एक जाति विशेष के द्वारा आमजनमानस पर आतंक करना शुरू कर दिया गया है।

### दुर्घटना में घायल युवक की घर पर हुई मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सोडिया खुर्द गांव निवासी 18 वर्षीय प्रमोद की बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से चोट लगने से उपचार कराने के बाद गुरुवार को घर पर मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। मृत युवक दो भाईयों में छोटा था। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि प्रमोद अपने चचेरे भाई के साथ बीते 29 अप्रैल को बाइक से देवरी बाजार बरात में शामिल होने के लिए जा रहा था कि जैसे ही पिपरा बाजार में पंहुचा था कि सड़क पर मृत पड़े गोवंश से टकराकर बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

**अनदेखी** आवास समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं दर्जनों गरीब परिवार, योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

# ग्राम पंचायत महादेवा में नहीं घूम सका विकास का पहिया

मौजीराम यादव, नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** घर में ठंडे चूल्हे पर अगर खाली पतीली है, बताओ कैसे लिख दूं धूप फागुन की नशीली है। गोंडा के जन कवि रामनाथ सिंह अदम की ये रचनाएं आज भी गरीब गुरबों की आवाज को रह-रहकर उठाती प्रतीत होती हैं। बाढ़, गर्मी, और ठंड के दिनों में सरयू की कछार पर बसे गरीबों को एक छत भी मयस्सर नहीं है। आवास योजना का लाभ कमीशन पर आवंटित होता है लेकिन छप्पर में जीवन गुजार रहे गरीबों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। विखं नवाबगंज क्षेत्र के ग्रापं महादेवा के गरीबों को आजादी के 76 वर्ष बाद भी आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना बेमानी साबित हो रही है। आवास योजना की सूची में शामिल होने के बाद भी इसका लाभ न मिलना सांसद विधायक और सरकारी महकमों पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।

ग्राम पंचायत महादेवा में छोटका भरपुरवा, भदई पुरवा, बड़का भरपुरवा, शुकुल पुरवा, तिवारी पुरवा आदि कुल मिलाकर 11 पुरवे हैं। यहां की कुल आबादी करीब 2800 के आसपास है। 1400 मतदाता सूची में शामिल हैं। छोटका भरपुरवा की कुल आबादी करीब तीन सौ के आसपास है। ग्राम प्रधान ने बताया कि पहले यहां के 190 गरीब परिवारों को आवास योजना की सूची में शामिल किया गया था। जिनमें से आठ परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाया गया है। दो साल बाद भी दो गरीब पात्र परिवार अभी भी प्रतीक्षा सूची में चल रहे हैं। छोटका भरपुरवा की चंदा देवी ने बताया कि 2020 में आवास योजना सूची में शामिल किया गया था। शोभा ने बताया कि अब तक आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका है। उर्मिला देवी ने कहा कि चुनाव के समय सिर्फ वादे ही किए जाते हैं। गौरा देवी पत्नी गोरेलाल ने कहा पूरी जिंदगी छप्पर से टपकते पानी में गुजार दी। पक्के मकान में रहने की उम्मीद टूट चुकी है। मोदी सरकार के दिशा-निर्देश का सांसद विधायक और जिम्मेदार अधिकारी पालन नहीं कर रहे हैं। नहीं तो अब तक हम गरीब परिवारों को आवास योजना का लाभ मिल गया होता।



चंदा देवी।



शोभा देवी।



उर्मिला देवी।



गौरा देवी।

### सर्वे कार्य ठप होने से नहीं मिल रहा गरीबों को आवास

ग्राम प्रधान शोभाराम ने कहा कि सर्वे कार्य बंद होने से गरीबों को आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रधानी के तीन वर्ष पूरे होने वाले है। पुराने सर्वे पर केवल छः आवास दिया गया है। नये आवास सर्वे को लेकर कई बार अधिकारियों से कहा गया है। लेकिन सर्वे कार्य नहीं कराया जा रहा है। जिससे गरीबों को आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# खनन के खिलाफ डीएम सख्त

## टास्क फोर्स टीम गठित कर निरीक्षण करने के दिये निर्देश

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार :** डीएम नेहा शर्मा ने खनन रोकने के लिए टास्क फोर्स का गठन करने के साथ-साथ तहसील स्तर पर टास्क फोर्स टीम गठित कर लगातार निरीक्षण करने एवं खनन पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ने सभी एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को जिला स्तरीय टास्क फोर्स में शामिल किया है। वहीं यह निर्देश दिए गए हैं की तहसील स्तर पर टास्क फोर्स टीम का गठन किया जाए। डीएम ने निर्देश दिया है कि संबंधित थाना प्रभारी, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल प्रत्येक सप्ताह अपने संबंधित एसडीएम को यह प्रमाण पत्र देंगे कि उनके क्षेत्र में कहीं भी अवैध तरीके का खनन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी क्षेत्र में मिट्टी, बालू का खनन या परिवहन होता पाया गया तो संबंधित लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, थाना प्रभारी व बीट सिपाही की संलिप्तता मानते हुए कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि यदि शिकायत प्राप्त होती है तो उच्च स्तर पर जांच कराकर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उधर कटरा बाजार क्षेत्र के मनकापुर, सेमरा, मैजापुर, हलधरमऊ, बटोरा बख्तावर, भोंका तथा करनैलगंज के चतरूपुर, सकरौरा ग्रामीण, चकरौत, बाबागंज, बसैहिया, कौडिया थाना क्षेत्र में दुबहा बाजार रोड, बगहरिया, पसिया आदि स्थानों पर रातोंरात मिट्टी खनन तेजी से हो रहा है। अधिकांश ईंट भट्ठों पर बिना रॉयल्टी जमा किए ही अवैध रूप से मिट्टी खनन कराकर ईंट का निर्माण कराया जा रहा है। एक माह के भीतर खनन व पुलिस विभाग की तरफ से तीन अलग अलग स्थानों पर कार्रवाई करके डंपर व जेसीबी को पकड़ा गया। मगर खनन माफिया मानने को तैयार नहीं है। अब डीएम के आदेश पर कितना अमल होता है देखना बाकी है।

# भाजपा पर पिछली बार से आगे बढ़ने का दबाव



अमृत विचार। छठे चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 58 लोकसभा सीटों पर 25 मई को वोट पड़ेंगे। 2019 के चुनाव में इन 58 सीटों में भाजपा ने 40 सीटें जीत ली थीं। बसपा और बीजद ने चार-चार, टीएमसी और जद यू ने तीन-तीन, लोजपा, आजसू और नेशनल कॉफ्रेंस ने एक-एक सीट जीती थी। इनके अलावा सपा ने भी एक सीट आजमगढ़ की जीती थी, लेकिन बाद में हुए उपचुनाव में वह इस सीट पर हार गई थी। इस तरह सपा का स्कोर शून्य और भाजपा की जीती हुई सीटों की संख्या 41 हो गई थी। इस चरण के लोकसभा चुनाव में पिछली बार कांग्रेस के साथ ही राजद, आम आदमी पार्टी या वामपंथी दलों का खाता तक नहीं खुला था। भाजपा ने हरियाणा और दिल्ली में सभी लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर क्लीन स्वीप किया था। इस बार 400 पार का लक्ष्य लेकर चल रही पार्टी को हरियाणा और दिल्ली में अपना पिछला प्रदर्शन दोहराने तो उत्तर प्रदेश की 14 सीटों समेत पं. बंगाल और ओडिशा में 2019 की सफलता से आगे निकलने का भारी दबाव है।



| स्कोर कार्ड-2019 | |
|---|---|
| भाजपा | 41 |
| बसपा | 04 |
| बीजद | 04 |
| टीएमसी | 03 |
| जद (यू) | 03 |
| लोजपा | 01 |
| आजसू | 01 |
| नेशनल कॉन्फ्रेंस | 01 |

**06** चरण का मतदान शनिवार को होगा

**08** आठ राज्य और केंद्र शासित प्रदेश

**58** लोकसभा सीटों पर पड़ेंगे वोट

**14** सीटों पर यूपी में 162 उम्मीदवार

## झारखंड में एनडीए के सामने चारों सीटें बचाने की चुनौती

मनोज त्रिपाठी

- भाजपा तीन, आजसू एक लोकसभा सीट पर मैदान में तो कांग्रेस और झामुमो दो-दो सीटों पर लड़ रहे चुनाव





**अमृत विचार।** झारखंड की चार लोकसभा सीटों रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरीडीह में 25 मई को मतदान होगा। पिछली बार एनडीए की तरफ से गिरडीह आजसू जीतने में सफल रही थी, बाकी तीन सीटों पर भाजपा जीती थी। इस बार भी आजसू गिरडीह और बाकी तीन सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ रही है। इंडिया गठबंधन से कांग्रेस और झामुमो दो-दो सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। झामुमो अपने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के मुद्दे पर सहानुभूति लेने में जुटी है। ऐसे में भाजपा-आजसू के सामने अपनी सीटों को बचाए रखने की चुनौती है।

### जमशेदपुर में भाजपा के सामने हैट्रिक की चुनौती

- जमशेदपुर सीट पर भी एनडीए और इंडिया गठबंधन में सीधा मुकाबला है। भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो जीत की हैट्रिक लगाना चाह रहे हैं, तो झामुमो विधायक समीर मोहंती ने अपनी जीत के लिए कड़ी मेहनत की है। दोनों प्रत्याशी बहरागोड़ा से विधायक रह चुके हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में विद्युत वरण महतो और समीर मोहंती में मित्रवत संबंध थे, लेकिन 2019 का विधानसभा चुनाव जीतने के बाद समीर मोहंती इस बार लोकसभा चुनाव में विद्युत वरण महतो के सामने हैं। उधर, बहरागोड़ा से विधायक रहते विद्युत वरण महतो ने जमशेदपुर से 2014 का लोकसभा चुनाव जीता था। भाजपा प्रत्याशी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा कर गए हैं। समीर मोहंती के लिए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के अलावा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, कल्पना सोरेन रैली कर चुकी हैं।

### गिरीडीह के दो विधानसभा क्षेत्रों में पड़ेंगे वोट

- गिरीडीह सीट के चार विधानसभा क्षेत्रों बगोदर, राजधनवार, जमुआ और गांडेय में 20 मई को वोट पड़ चुके हैं। 25 मई को गिरीडीह और डुमरी विधानसभा क्षेत्र के करीब छह लाख मतदाता वोट डालेंगे। यहां एनडीए से आजसू के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का मुकाबला इंडिया गठबंधन से झामुमो प्रत्याशी और टुंडी के विधायक मथुरा महतो से है। निर्दलीय जयराम महतो संघर्ष त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं।

### रांची में कांग्रेस का आदिवासी-अल्पसंख्यक दांव

- झारखंड की राजधानी रांची सीट पर भाजपा सांसद संजय सेठ और कांग्रेस की यशस्विनी सहाय के बीच सीधा मुकाबला है। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के देवेंद्रनाथ महतो ग्रामीण इलाकों में दौड़-भाग कर रहे हैं। कांग्रेस आदिवासी-अल्पसंख्यक मतदाताओं को गोलबंद करने में लगी है। भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम और काम पर वोट मिलने का भरोसा है। मोदी और अमित शाह के रोड शो के बाद भाजपा उत्साह से लबरेज है, तो प्रियंका गांधी की सभा में जुटी भीड़ से कांग्रेस को जीत की उम्मीद है।

### धनबाद में भाजपा-कांग्रेस दोनों में भितरघात

- धनबाद में भाजपा-कांग्रेस में सीधी जंग है। यहां भाजपा उम्मीदवार बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो को मौजूदा सांसद पीएन सिंह का टिकट कटने से राजपूत समाज की नाराजगी का सामना करना पड़ा है। कुछ स्थानीय नेताओं से भितरघात का भी खतरा है। ऐसे में ढुल्लू महतो को मोदी की गारंटी और कमल निशान से ही जीत की आस है। उधर, कांग्रेस से चुनावी मैदान में उतरीं बेरमो के विधायक जयमंगल सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को भी भितरघात का डर सता रहा है। जो दिग्गज कांग्रेस नेता धनबाद से टिकट की आस में थे, वे या तो घर बैठ गए हैं या विरोध कर रहे हैं। धनबाद के पूर्व कांग्रेस सांसद और मजदूर नेता चंद्रशेखर दुबे की नाराजगी सार्वजनिक है। लेकिन झरिया की कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह और बाघमारा के पूर्व विधायक जलेश्वर महतो के अलावा कई नेता अनुपमा सिंह के साथ मजबूती से खड़े हैं। झामुमो और राजद का समर्थन है।

## बंगाल की आदिवासी बेल्ट में फिर लहराएगा भगवा !



रोचक हुआ संघर्ष

- पिछली बार छठे दौर की भाजपा ने पांच और टीएमसी ने तीन सीटें जीती थीं

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** 2019 के लोकसभा चुनाव नतीजों के अनुसार पश्चिम बंगाल में छठे दौर की आठ सीटों में भाजपा ने पांच सीटें और तीन सीटें टीएमसी ने जीती थीं, जाहिर है इस चरण में भाजपा के सामने अपनी पांचों सीटें बचाने के साथ टीएमसी से एक या दो सीटें छीनने का लक्ष्य है। इसके चलते हर सीट पर रोचक संघर्ष हो रही है।

शनिवार को मतदान वाली सीटें राज्य में आदिवासी बेल्ट का हिस्सा है यहां संथाल जो राज्य की सबसे अधिक आबादी वाली जनजाति है, बांकुरा, पुरुलिया और पश्चिम मेदिनीपुर जिलों में निवास करती है। मुंडा जनजाति पुरुलिया और पश्चिम मेदिनीपुर के पहाड़ी इलाकों में रहती है, जबकि ओरांव या कुरुख जनजाति पुरुलिया के मैदानी इलाके में रहती है।

### घाटल में दो अभिनेताओं के बीच छिड़ा रहा घमासान

- घाटल लोकसभा सीट से टीएमसी के सासंद बंगाली सिने स्टार दीपक अधिकारी (देव) हैं। 2019 में देव ने भाजपा से चुनाव लड़ीं पूर्व आईपीएस अधिकारी भारती घोष को एक लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। 2014 में उन्होंने सीपीआई के संतोष राणा को हराया था। अभिनेता दीपक अधिकारी देव इस बार चुनाव लड़ने के लिए अनिच्छुक थे, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें मना लिया। इस बार देव का मुकाबला एक अन्य फिल्म अभिनेता भाजपा के हिरन चटर्जी और सीपीआई के तपन गांगुली से है, जिन्हें कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है।

### झारग्राम जीतने के लिए टीएमसी ने भाजपा सांसद को तोड़ा

- झारग्राम लोकसभा सीट 2019 में भाजपा के कुंअर हेम्ब्रम ने टीएमसी के बीरबाहा सरीन को हराकर जीती थी। लेकिन उन्होंने बिना कोई कारण बताए मार्च की शुरुआत में इस्तीफा दे दिया था और अब टीएमसी का दामन थाम चुके हैं। टीएमसी ने 2014 में यह सीट माकपा से हासिल की थी लेकिन 2019 में हार गई थी। भाजपा ने इस बार झारग्राम से प्रणत टुडू को मैदान में उतारा है, जो टीएमसी के कालीपद सोरेन और माकपा के सोनामणि मुर्मू (टुडू) के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। 2021 के विधानसभा चुनाव में झारग्राम की सभी सात विधानसभाएं टीएमसी ने जीत ली थीं।

### तामलुक में 'खेला होबे' के रचयिता की पूर्व जज से हुई टक्कर

- तामलुक लोकसभा सीट पूर्व मेदिनीपुर जिले में है। यह सीट मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और विधानसबा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के बीच प्रतिष्ठा का सवाल बनी है। 2019 में यहां से टीएमसी के दिव्येंदु अधिकारी जीते थे। इस बार ममता बनर्जी ने टीएमसी युवा विंग के 'खेला होबे' गाने से प्रसिद्ध हुए देबांग्शु भट्टाचार्य को उतारा है। उनका मुकाबला भाजपा के अभिजीत गंगोपाध्याय से है जिन्होंने हाल ही में न्यायिक पद से इस्तीफा दिया था। वह टीएमसी के प्रखर आलोचक हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शिक्षक भर्ती घोटाले सहित महत्वपूर्ण मामलों में निर्णय दिए हैं। इस सीट पर कांग्रेस- वाम मोर्चा गठबंधन से माकपा के शायन बनर्जी प्रत्याशी हैं। 2019 में जीते टीएमसी के दिब्येंदु अधिकारी ने 2016 में हुए उपचुनाव में माकपा की मंदिरा पांडा को पांच लाख वोटों से हराया था। सासंद सुवेंदु अधिकारी के विधायक बनने और भाजपा के साथ जाने पर यहां उपचुनाव हुआ था। 2021 के विधानसभा चुनावों में इस लोकसभा क्षेत्र के सात विधानसभा क्षेत्रों में तीन पर भाजपा और चार में टीएमसी जीती थी।

### मेदिनीपुर में फैशन डिजाइनर और अभिनेता में छिड़ी रही वोटों की जंग

- मेदिनीपुर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व भाजपा नेता दिलीप घोष करते थे, जो अब बर्धमान-दुर्गापुर से चुनावी मैदान में उतरे हैं। 2019 में उन्होंने टीएमसी के मानस भुनिया को लगभग 89,000 वोटों से हराया। 2014 में एक्टर संध्या रॉय ने सीपीआई से टीएमसी के लिए यह सीट जीती थी। इस बार यहां फैशन डिजाइनर से नेता बनीं अग्नि मित्रा पॉल को भाजपा ने टीएमसी के अभिनेता जून मालिया और सीपीआई के बिप्लब भट्टा के खिलाफ मैदान में उतारा है। साल 1989 से 2001 के बीच सीपीआई के इंद्रजीत गुप्ता ने यहां का प्रतिनिधित्व किया था।



### कांथी में अधिकारी परिवार को बचाना है इस बार अपना गढ़

- कांथी लोकसभा सीट को अब अधिकारी परिवार का गढ़ माना जाता है। यहां 2009 से टीएमसी के शिशिर अधिकारी सांसद हैं। इस बार कांथी से तीन बार के टीएमसी सांसद सौमेंदु अधिकारी इस बार भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं। टीएमसी ने स्थानीय नेता उत्तम बारिक को उतारा है, जबकि कांग्रेस-वामपंथी गठबंधन से कांग्रेस नेता उर्वशी भट्टाचार्य चुनौती दे रही हैं। टीएमसी उम्मीदवार शिशिर अधिकारी ने 2019 में भाजपा के देबाशीष सामंत को 1.1 लाख वोटों से हराया था। 2014 में उन्होंने माकपा के तापस सिन्हा को लगभग 2.3 लाख वोटों से हराया था। 2021 के विधानसभा चुनाव में यहां के सात विधानसभा क्षेत्रों में से तीन पर टीएमसी ने जीत हासिल की थी, चार सीटें भाजपा को मिली थीं।

### पुरुलिया में फिर से कमल खिलाने का मौका

- पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र में 2019 में भाजपा के ज्योतिर्मय सिंह महतो ने टीएमसी के मृगांका महतो को दो लाख से अधिक वोटों से हराया था। भाजपा ने उन्हें फिर से मैदान में उतारा है जबकि टीएमसी से इस बार शांतिराम महतो उनका मुकाबला कर रहे हैं। वह ममता बनर्जी कैबिनेट में मंत्री हैं। इस सीट पर कांग्रेस के नेपालदेव महतो किस्मत आजमा रहे हैं। हालांकि यह उन सीटों में एक है जहां वाम मोर्चा के साथी फॉरवर्ड ब्लॉक ने अपना उम्मीदवार खड़ा किया है। 2021 के विधानसभा चुनाव में यहां की पांच विधानसभा सीटें भाजपा और दो टीएमसी ने जीती थीं।

### बांकुड़ा में मोदी सरकार के मंत्री दूसरी जीत को प्रयासरत

- बांकुड़ा लोकसभा सीट 2019 में भाजपा द्वारा जीती गई 18 सीटों में शामिल थी। यहां भाजपा के सुभाष सरकार ने टीएमसी के सुब्रत मुखर्जी को 1.7 लाख से अधिक वोटों से हराया था। पेशे से चिकित्सक सुभाष सरकार नरेंद्र मोदी की सरकार में राज्य मंत्री हैं। भाजपा ने उन्हें दोबारा मैदान में उतारा है। टीएमसी ने उनके सामने अरूप चक्रवर्ती को मैदान में उतारा है। माकपा से चुनाव लड़ रहे नीलांजन दासगुप्ता कांग्रेस के समर्थन से त्रिकोणीय संघर्ष बनाने के प्रयास में लगे हैं। इस लोकसभा सीट के सात विधानसभा क्षेत्रों में 2021 में चार भाजपा और तीन टीएमसी ने जीती थीं।

### बिष्णुपुर में तिकोने संघर्ष में फिर जीत पाएंगी भाजपा

- बिष्णुपुर लोकसभा क्षेत्र में 2019 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार सौमित्र खान ने टीएमसी के श्यामल संतरा को हराया था। 2014 में टीएमसी ने यह सीट माकपा से जीती थी। इस बार भाजपा ने सौमित्र खान पर फिर अपना भरोसा जताया है, जिनका मुकाबला टीएमसी की सुजाता मंडल और माकपा की शीतल कोइबोर्तो से हुआ है। यहां तिकोना मुकाबला नजर आ रहा है। इस सीट के विधानसभा क्षेत्रों में एक पूर्व बर्धमान में है, और अन्य छह बांकुरा जिले में हैं। 2021 में चार सीटें टीएमसी और तीन भाजपा ने जीती थीं।

## ओडिशा में छठे चरण के चुनाव पर संबित विवाद का साया

चुनाव डेस्क

- राज्य में छह लोकसभा सीटों के साथ शनिवार को 42 विधानसभा क्षेत्रों में भी वोट डाले जाएंगे

**अमृत विचार।** ओडिशा में छठे चरण में छह लोकसभा सीटों संबलपुर, कयोंझर, ढेंकनाल, कटक, पुरी और भुवनेश्वर पर मतदान होगा 2019 में भाजपा इन छह में दो सीटें जीतने में सफल रही थी। बीजद ने चार सीटें जीती थीं। राज्य में इसी के साथ इन लोकसभा सीटों के 42 विधानसभा क्षेत्रों में भी वोट डाले जाएंगे।

प्रचार खत्म होने तक यहां पुरी से भाजपा प्रत्याशी संबित पात्रा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रभु जगन्नाथ को लेकर जुबान फिसलने का मुद्दा छाया रहा। हालांकि विगत दिवस अखबारों में विज्ञापन देकर और सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए संबित की ओर से बिना शर्त माफी मांगते हुए अनजानी गलती के लिए गहरा खेद जताया जा चुका है। लेकिन विवाद अभी थमा नहीं था कि बात आगे बढ़ गई है। अब संबित के एक विज्ञापन पर बवाल छिड़ गया है। बीजद ने संबित द्वारा भाजपा के चुनाव चिह्न कमल के साथ प्रभु जगन्नाथ की तस्वीर का इस्तेमाल करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। 2019 के चुनाव में पुरी सीट पर बीजद की पिनाकी मिश्रा जीती थीं। उन्हें 5,38,321 वोट मिले थे, जबकि भाजपा से संबित पात्रा 5,26,607 वोट पाकर हार गए थे। हालांकि इस बार संबित को पुरी में भाजपा की पहली जीत का भरोसा है। यहां उनका मुकाबला मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त अरूप पटनायक से है जो बीजद के मजबूत कैडर के आधार पर अपनी जीत पक्की मान रहे हैं।



पुरी से भाजपा प्रत्याशी संबित पात्रा।

उधर, राजधानी भुवनेश्वर में 2019 के चुनाव में भाजपा की अपराजिता सारंगी की जीत राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव का प्रतीक मानी गयी थी। उन्होंने बीजद के अरूप मोहन पटनायक को 23,839 वोटों से हराया था। भाजपा ने अपराजिता को फिर से मौका दिया है। उनका मुकाबला कांग्रेस के यासिर नवाज और बीजद के मन्मथ राउतराय से हुआ है। एक और प्रमुख निर्वाचन क्षेत्र कटक बीजद का मजबूत किला है। यहां 1998 के लोकसभा चुनाव में बीजद के भर्तृहरि महताब ने जीत हासिल की थी। इसके बाद उन्होंने 1999, 2004, 2009, 2014 और 2019 में यह सीट जीती है। 2014 में भर्तृहरि महताब ने कांग्रेस द्वारा अभिनेत्री अपराजिता मोहंती को मैदान में उतारने के बावजूद जीत हासिल की थी। 2019 के चुनाव में भी उन्होंने सीट बरकरार रखी। इस बार भी बीजद से भर्तृहरि महताब चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा के सुरेश महापात्र, कांग्रेस से प्रमोद कुमार मल्लिक और बीजद के संतृप्त मिश्र से उनका मुकाबला हुआ है।

## महबूबा को मियां अल्ताफ और जफर मन्हास की कड़ी चुनौती

चुनाव डेस्क

- अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर भी जबर्दस्त प्रचार के चलते रिकार्ड तोड़ मतदान की उम्मीद

**अमृत विचार।** छठे चरण में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर भी श्रीनगर और बारामुला लोकसभा सीट की तरह रिकार्ड तोड़ मतदान की उम्मीद है। इसकी वजह यहां प्रचार के अंतिम दौर में लगी रही नेताओं की भीड़ है। फारूक अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, गुलाम नबी आजाद और अल्ताफ बुखारी जैसे बड़े नेताओं ने यहां रोज रोड शो और सभाएं की हैं। महबूबा बीते दो दिनों से राजौरी और पुंछ में डेरा जमाए रही हैं, तो उनकी बेटी इल्तिजा भी उनके लिए प्रचार में जुटी रही हैं। 2019 में यह सीट नेशनल कॉन्फ्रेंस जीतने में सफल रही थी। धारा 370 हटने और नए परिसीमन के बाद इस सीट पर यह पहला चुनाव है, ऐसे में पिछले नतीजे के आधार पर भी कोई भी कयास लगाना बेमानी है।



पीडीपी नेता पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती।

अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती चुनाव लड़ रही हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार और गुज्जर नेता मियां अल्ताफ और अपनी पार्टी के जफर इकबाल खान मन्हास से उन्हें कड़ी चुनौती मिली है। डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के नेता मोहम्मद सलीम पर्रा के अलावा 10 निर्दलीय भी यहां किस्मत आजमा रहे हैं। भाजपा घाटी में नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी जैसे क्षेत्रीय दलों के एकाधिकार समाप्त करने के लिए पहाड़ी जनजाति के मतदाताओं पर फोकस किए है, इस सीट अपनी पार्टी के जफर मन्हास का समर्थन कर रही है।

## पूर्वांचल में भाजपा ने चौहान मतदाता साधकर सात सीटों पर किया खेला

विनय जायसवाल, मऊ

- जनवादी पार्टी के साथ आने से भाजपा को कड़े मुकाबले वाली सीटों पर बढ़त के आसार
- सुभासपा और जनवादी पार्टी के साथ सपा के गठबंधन से पिछली बार बिगड़ गया था खेल

**अमृत विचार।** पूर्वांचल की राजनीति में चुनाव के समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। जनवादी पार्टी के भाजपा के साथ आने से घोसी, गाजीपुर और आसपास की सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को लाभ मिलने के आसार हैं। पिछले विधानसभा चुनाव सुभासपा और जनवादी पार्टी के समाजवादी पार्टी के साथ होने से भाजपा को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था। सुभासपा पहले से ही भाजपा के साथ है और अब जनवादी पार्टी प्रमुख संजय सिंह चौहान के जुड़ने से पिछड़ी जाति में आने वाले चौहान (नोनिया) जाति के मतदाताओं को साधने में भाजपा को आसानी हो सकती है।

संजय चौहान को इस जाति का बड़ा नेता माना जाता है। आजमगढ़, घोसी, गाजीपुर, भदोही, चंदौली, जौनपुर, मछलीशहर आदि सीटों पर इस जाति के मतदाताओं की अच्छी-खासी संख्या है। 2019 के चुनाव में जनवादी पार्टी का सपा से गठबंधन था। संजय सिंह चौहान सपा के चुनाव निशान पर चंदौली सीट से मैदान में उतरे थे। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार एवं केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय को कड़ी टक्कर दी थी। इस सीट पर उन्हें महेंद्र नाथ पांडेय से 13,959 वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। तब सुभासपा भी भाजपा के साथ नहीं थी। विधानसभा चुनाव में भी दोनों दल सपा के साथ थे। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर की राजभर मतदाताओं पर अच्छी खासी पैठ है तो संजय सिंह चौहान को नोनिया चौहान जाति का प्रभावशाली नेता माना जाता है।



जनवादी पार्टी नेता संजय सिंह चौहान।

हालांकि भाजपा पहले फागू चौहान के सहारे नोनिया जाति के मतदाताओं को साधती रही। बाद में दारा सिंह चौहान आए तो उनके भरोसे इस तबके को साधने का प्रयास किया गया लेकिन अच्छा परिणाम न आता देख पार्टी ने संजय सिंह चौहान को साथ ले लिया। संजय सिंह चौहान सपा के सिंबल पर घोसी सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन सपा ने यहां राजीव राय को मैदान में उतार दिया। इससे वे नाराज हो गए और अब भाजपा के साथ चले गए।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 75,418 .04 | 22,967 .65 |
| बढ़त | 1,196 .98 | 369 .85 |
| प्रतिशत में | 1.61 | 1.64 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 880।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-1300 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# आरबीआई लाभांश से घाटा कम होने पर भारत को मिलेगा रेटिंग समर्थन

## रिजर्व बैंक के फैसले को लेकर एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग के विश्लेषक ने कही बात

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत अगर राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के रिकॉर्ड लाभांश का उपयोग करता है, तो उसे आने वाले समय में 'रेटिंग समर्थन' मिल सकता है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग के एक विश्लेषक ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

आरबीआई के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार को 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश देने का फैसला किया है। यह अबतक का सर्वाधिक लाभांश है। यह बजट में जताए गए 1.02 लाख करोड़ रुपये के अनुमान से दोगुने से भी अधिक है। अंतरिम बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था। एसएंडपी ग्लोबल रेटंग्स के विश्लेषक यीफर्न फ़ुआ ने कहा- आरबीआई से अतिरिक्त लाभांश सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 0.35 प्रतिशत है। यह वित्त वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटे को कम करने में मदद करेगा या नहीं, यह वास्तव में अंतिम बजट पर निर्भर करेगा। यह जून के चुनाव परिणामों के बाद पारित किया जाएगा। इस साल फरवरी में संसद में पेश अंतरिम बजट में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा गया है। उन्होंने कहा कि आरबीआई के अधिक लाभांश से घाटे में कमी कुछ बातों पर निर्भर है। अंतिम बजट में विनिवेश जैसे क्षेत्रों से राजस्व प्राप्ति कम रहती या व्यय मद में अतिरिक्त आवंटन होता है तो आरबीआई के अतिरिक्त लाभांश से घाटे में बहुत ज्यादा कमी नहीं आएगी।

### पिछले साल एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने भारत की रेटिंग 'बीबीबी-' रखी थी



एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने पिछले साल मई में ने वृद्धि पर स्थिर परिदृश्य के साथ भारत की रेटिंग 'बीबीबी-' रखी थी। इसके साथ कमजोर वित्तीय प्रदर्शन और प्रति व्यक्ति कम जीडीपी को जोखिम के रूप में चिह्नित किया था। 'बीबीबी-' निवेश को लेकर सबसे निचले स्तर की रेटिंग है। तीनों वैश्विक रेटिंग एजेंसियों - फिच, एसएंडपी और मूडीज - ने स्थिर परिदृश्य के साथ भारत को सबसे कम निवेश स्तर की रेटिंग दी हुई है। निवेशक किसी देश में निवेश करते समय रेटिंग पर गौर करते हैं।

## रिलायंस कैपिटल ने समाधान योजना लागू करने के लिए और समय मांगा

**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल के प्रशासक ने कर्ज समाधान योजना लागू करने की समयसीमा 90 दिन आगे बढ़ाने की एनसीएलटी से मोहलत मांगी है। स्वीकृत समाधान योजना के कार्यान्वयन की समयसीमा 27 मई, 2024 तय की गई थी। रिलायंस कैपिटल के लिए हिंदुजा समूह की कंपनी आईआईएचएल ने सफल बोली लगाई थी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता, 2018 की धारा 60(5) के तहत राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से समयसीमा को 90 दिन के लिए बढ़ाने की अपील करने वाली एक अर्जी दाखिल की गई है। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने 27 फरवरी को कर्ज समाधान योजना को मंजूरी दी थी।

## सोने में 1,050 और चांदी की कीमत में 2,500 रुपये की गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी



सोने में लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही। वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, फेडरल रिजर्व की बैठक के ब्योरे में आक्रामक रुख दिखने के बाद सोने में तेज गिरावट आई। ब्योरे से संकेत मिलता है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारी ब्याज दरों में कटौती करने की जल्दी में नहीं हैं। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 74,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके साथ, चांदी की कीमत भी 2,500 रुपये औंधे मुंह लुढ़कते हुए 92,600 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 95,100 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से मंदी के संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 73,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,375 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 42 डॉलर कम है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,500-55,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 74,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 74,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 73,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72,900 |
| चांदी पक्की | 894 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,150 |
| चांदी आभूषण | 89,000। |

## प्याज की कमी को रोकने के लिए विकिरण प्रसंस्करण की योजना

**नई दिल्ली।** सरकार इस साल 1,00,000 टन का बफर स्टॉक बनाने के लिए प्याज के विकिरण प्रसंस्करण को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने की योजना बना रही है। इस कदम का मकसद राजनीतिक रूप से संवेदनशील माने जाने वाले प्याज की कमी और मूल्यवृद्धि को रोकना है। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी है। सरकार के अनुमानों के अनुसार, महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में कम पैदावार के कारण दुनिया के सबसे बड़े प्याज निर्यातक के उत्पादन में 2023-24 में 16 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है।

# भंडारण मुश्किल, सरकारी खरीद को भाव नहीं दे रहा गेहूं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **प्रदेश में 6,441 केंद्रों पर महज 9,07,477 मीट्रिक टन हुई गेहूं खरीद**

**अमृत विचार :** बढ़े बाजार भाव के कारण इस बार भी सरकारी गेहूं खरीद कार्य समय से पहले बंद होने वाला है। आवक न होने से सरकार के लिए किसानों से लक्ष्य के मुताबिक गेहूं खरीदना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए भंडारण करना मुश्किल है।

प्रदेश में 1 मार्च से 22 मई तक 6,441 केंद्रों पर महज 9,07,477 मीट्रिक टन (15.12 प्रतिशत) गेहूं खरीद हुई है। जबकि लक्ष्य 60 लाख मीट्रिक टन है। 43 केंद्रों पर बोहनी तक नहीं हुई है। कारण केंद्रों पर समर्थन मूल्य 2,275 रुपये प्रति क्विंटल है और बाजार में व्यापारी 2300-2400 रुपये में सीधे गांव-गांव गेहूं खरीद रहे हैं। खरीद जून तक होगी लेकिन, आवक न होने के कारण समय से पहले केंद्र दम तोड़ गए हैं। वर्ष 2023-24 में हालात इससे भी खराब थे। 22 मई तक 60 लाख मीट्रिक टन में 2,09,706 मीट्रिक टन गेहूं ही खरीदा गया था। उस समय 2,800 रुपये प्रति क्विंटल तक बाजार भाव था। इसी उम्मीद में किसान अधिक मुनाफे के चक्कर में गेहूं घरों पर रोक रखे हैं तो व्यापारी भी डंप करने में पीछे नहीं हैं।

**यूक्रेन-रूस युद्ध के कारण बिगड़े हालात:** गेहूं का बाजार भाव बढ़ना यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध वजह बताई जा रही है। यूक्रेन गेहूं का अधिक उत्पादन कर अन्य देशों में निर्यात करता है। जो युद्ध के कारण 2022 से नहीं कर सका। उस समय पूर्ति भारत से की गई थी। इस वजह से वर्ष 2022-23 में बाजार भाव 3 हजार से 3200 रुपये प्रति क्विंटल तक रहा और खरीद 60 लाख मीट्रिक टन में महज 3.35 लाख मीट्रिक टन हो पाई। यही हालात वर्ष 2023-24 में होने के कारण 2.19 लाख मीट्रिक टन खरीद हुई। जबकि युद्ध से पहले 2021-22 में 56.41 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया था। जानकारों की मानें तो पिछले वर्ष हालातों को देखते हुए गेहूं के निर्यात पर रोक लगाई गई थी।

**राशन वितरण में घटता गया गेहूं:** गेहूं खरीद का असर राशन वितरण प्रणाली पर पड़ना बताया जा रहा है। इस वजह से कार्डों पर गेहूं की मात्रा घटती जा रही है। पहले पात्र गृहस्थी पर प्रति यूनिट 3 किलो गेहूं व 2 किलो चावल मिलता था, जो संशोधन कर 2 किलो गेहूं व 3 किलो चावल किया गया। इसके बाद गेहूं 1 किलो गेहूं, 2 किलो चावल व 2 किलो बाजरा किया गया। इसी तरह अंत्योदय कार्ड पर पहले 20 किलो गेहूं व 15 किलो चावल मिलता था। जो 21 किलो चावल व 14 किलो गेहूं किया गया। इसके बाद 14 किलो गेहूं व 14 किलो चावल व 7 किलो बाजरा (मोटा अनाज) मिलने लगा। हालांकि इसे मोटे अजान को बढ़ावा देना बताया जा रहा है।

वहीं राजीव मिश्रा, अपर आयुक्त (विपणन) खाद्य एवं रसद विभाग ने बताया कि किसानों को बाजार में अच्छे भाव मिल रहे हैं। इस वजह से खरीद कम हो रही है। लक्ष्य पूर्ति के प्रयास जारी हैं। खाद्यान वितरण के भंडारण के लिए एफसीआई इंतजाम करती है।

## राष्ट्रीय

# स्वाति मालीवाल बोलीं-मैं पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए तैयार

## राज्यसभा सांसद ने साक्षात्कार में आपबीती सुनाई, बिभव ने पता नहीं किसके इशारे पर मुझे 7-8 थप्पड़ मारे

नई दिल्ली, एजेंसी



आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने एक साक्षात्कार में 13 मई को अपने साथ हुई आपबीती सुनाई। साक्षात्कार के दौरान उन्होंने कहा कि मैंने किसी को क्लीन चिट नहीं दी है। घटना के दिन अरविंद केजरीवाल घर पर मौजूद थे। साथ ही उन्होंने राज्ससभा सीट छोड़ने पर भी दो टूक जवाब दिया। इसी बीच उनके पीए बिभव कुमार वहां आए और मुझे गालियां देने लगे थे। बिभव ने कहा तेरी औकात क्या है। उन्होंने पता नहीं किसके इशारे पर मुझे 7-8 थप्पड़ मारे थे। मैंने पुलिस को फोन किया। उन्होंने 50 सेकंड का एक छेड़छाड़ किया हुआ वीडियो वायरल कर दिया, उन्होंने सबूतों के साथ छेड़छाड़ की। मुझे पता है कि उन्होंने दो वीडियो वायरल किए हैं। सांसद ने कहा कि मैं पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए तैयार हूं।

स्वाति मालीवाल ने कहा कि जब केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने उन पर हमला किया तो उस वक्त मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल घर में मौजूद थे। इससे पहले केजरीवाल ने कहा था कि घटना वाले दिन वह घर पर नहीं थे। मुझे बताया गया था कि सीएम केजरीवाल घर पर हैं। वह मुझसे मिलने आ रहे हैं। मैं मदद के लिए चिल्ला रही थी। लेकिन कोई मेरी मदद के लिए नहीं आया था।

वहीं स्वाति मालीवाल ने कहा कि निर्भया से पूछा गया था कि उसने ऑटो से यात्रा क्यों नहीं की, वह रात में बाहर क्यों गई और दिन में क्यों नहीं? विक्टिम शेमिंग हर महिला के साथ होती है।

### आप मेरे बुजुर्ग माता-पिता को क्यों निशाना बना रहे हैं: केजरीवाल



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनके बुजुर्ग एवं बीमार माता-पिता को उन्हें तोड़ने के लिए निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐसा करके सारी हदें पार कर दी हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके पास प्रधानमंत्री मोदी के लिए एक संदेश है। उन्होंने कहा कि मेरे पास प्रधानमंत्री मोदी के लिए एक संदेश और अपील है। आपने मेरे विधायकों को गिरफ्तार किया लेकिन मैं नहीं टूटा। आपने मेरे मंत्री को गिरफ्तार कर लिया लेकिन आप मुझे झुका नहीं सके।

### पुलिस ने मारपीट मामले में केजरीवाल के माता-पिता से पूछताछ टाली

दिल्ली पुलिस आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के माता-पिता से पूछताछ करने बृहस्पतिवार को केजरीवाल के आवास पर नहीं जाएगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केजरीवाल ने बुधवार को कहा था कि पुलिस बृहस्पतिवार को उनके बूढ़े और बीमार माता-पिता से पूछताछ करने आएगी। पुलिस इस मामले में केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार को गिरफ्तार कर चुकी है। सूत्रों ने कहा कि पुलिस आने वाले दिनों में पूछताछ के लिए केजरीवाल के आवास जा सकती है लेकिन वह बृहस्पतिवार को वहां नहीं जा रही। सूत्रों ने बताया कि पुलिस आने वाले दिनों में केजरीवाल से भी पूछताछ कर सकती है। वहीं केजरीवाल ने कहा था कल पुलिस ने फोन करके मेरे माता-पिता से पूछताछ के लिए वक्त मांगा था।

## दवाओं की अनुपलब्धता से संबंधित जनहित याचिका पर कार्यवाही बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राजन बाबू फेफड़े एवं क्षय रोग संस्थान में दवाओं की कथित अनुपलब्धता से संबंधित एक जनहित याचिका पर कार्यवाही बंद कर दी है। अदालत को सूचित किया गया है कि शहर में मौजूदा भंडार कुछ सप्ताह तक चलेगा और शेष आपूर्ति की प्रक्रिया जारी है। इसके बाद अदालत ने याचिका पर कार्यवाही बंद कर दी। केंद्र सरकार और दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक ने अदालत में हलफनामा दायर किया जिसमें दिल्ली के भंडारण गृहों में दवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ उनकी आपूर्ति का विवरण दिया गया है। इस साल की शुरुआत में दायर अपनी जनहित याचिका में एनजीओ 'सोशल ज्यूरिस्ट' ने आरोप लगाया था कि अस्पताल में एकमात्र अल्ट्रासाउंड मशीन काम नहीं कर रही है।

## ठाणे में रसायन कारखाने में विस्फोट, 7 लोगों की मौत



ठाणे जिले के डोंबिवली में एक रसायन फैक्ट्री में बॉयलर विस्फोट के कारण लगी आग को बुझाने की कोशिश करते अग्निशमन कर्मी। ● एजेंसी

मुंबई, एजेंसी

- **विस्फोट के बाद लगी भीषण आग, 48 अन्य घायल**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रसायन बनाने वाले एक कारखाने में बृहस्पतिवार अपराह्न विस्फोट होने के बाद आग लग गई, जिसके कारण कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 48 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक डोंबिवली में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) क्षेत्र के फेज-दो में स्थित अमुदान केमिकल कंपनी के एक बॉयलर में अपराह्न करीब 1.40 बजे विस्फोट होने से भीषण आग लग गई और आस-पास के कारखानों में भी फैल गई। कल्याण के तहसीलदार सचिन शेजल ने कहा कि घटनास्थल से अब तक बरामद किए गए चार शव इतने जले हुए हैं कि उनकी पहचान करना मुश्किल है।

महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस हादसे में जान गंवाने वाले लोग आस-पास के संयंत्रों में काम कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा-दुर्भाग्य से, डोंबिवली घटना में 7 लोगों की जान चली गई, और 48 घायल हो गए। उन परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। उन्होंने कहा-घायलों का इलाज एम्स, नेप्च्यून और ग्लोबल अस्पतालों में किया जा रहा है और हर तरह की सहायता प्रदान की जा रही है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। बचाव कार्य के लिए विभिन्न टीम और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर हैं।

## एक नजर

### हरियाणा में पकड़ी गई 75 करोड़ की अवैध शराब, मादक पदार्थ

**चंडीगढ़।** हरियाणा में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रवर्तन एजंसियों ने अब तक कुल 18 .56 करोड़ रुपये की नकद राशि के अलावा 56 .88 करोड़ रुपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ और अन्य कीमती वस्तुयें जब्त की हैं। इस प्रकार कुल आंकड़ा 75 .44 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, जबकि लोकसभा चुनाव 2019 की चुनाव अवधि के दौरान कुल 18 .36 करोड़ रुपये की नकदी, अवैध शराब, मादक पदार्थ और कीमती वस्तुयें जब्त की गई थीं।

### सारण में 25 मई तक इंटरनेट पर रोक

**छपरा।** बिहार में सारण संसदीय क्षेत्र में पांचवें चरण के मतदान के अगले दिन मंगलवार को हुई हिंसक झड़प के मद्देनजर जिला प्रशासन ने इंटरनेट सेवा पर 25 मई की सुबह पांच बजे तक रोक लगा दी है। सारण के निर्वाची पदाधिकारी सह-जिलाधिकारी अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला ने ने गुरुवार को संयुक्त रुप से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने पत्रकारों की विशेष मांग पर कि उन्हें इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई है।

## नवोदय अन्य जिले के होने के कारण छात्र को प्रवेश देने से नहीं रोक सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

- **दिल्ली उच्च न्यायालय ने निर्देश देते हुए की टिप्पणी**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने जवाहर नवोदय विद्यालय को निर्देश दिया कि वह सुनिश्चित करे कि किसी छात्र को मात्र इस आधार पर प्रवेश से वंचित नहीं किया जाए कि वह उस जिले का नहीं है जहां पर स्कूल स्थित है। न्यायमूर्ति सी.हरि शंकर ने जवाहर नवोदय विद्यालय, मुंगेशपुर के उस आदेश को रद कर दिया जिसमें एक छात्रा को प्रवेश देने से मना किया गया था।



अदालत ने कहा कि छात्रा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दौरान छठी कक्षा में प्रवेश की अर्हता रखती है और वहां पर अपनी पढ़ाई जारी रखेगी। अदालत ने यह आदेश एक छात्रा की याचिका पर सुनाया जिसने पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई राष्ट्रीय राजधानी के पेशवा रोड स्थित नवयुग स्कूल में की थी और मुंगेशपुर स्थित जवाहर नवोदय स्कूल में छठी कक्षा में प्रवेश चाहती थी। स्कूल ने छात्रा को इस आधार पर प्रवेश देने से मना कर दिया था कि उसकी पिछली पढ़ाई नयी दिल्ली जिले में हुई थी जबकि मुंगेशपुर इलाका उत्तर पश्चिम दिल्ली के अंतर्गत आता है।

उच्च न्यायालय ने ध्यान दिलाया कि उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ ने इसी प्रकार के मामले पर गौर किया था। एक खण्डपीठ में यह मामला लंबित होने के दौरान एक अंतरिम उपाय के तौर पर पूर्व याचिका वाले छात्रा को जवाहर नवोदय विद्यालय, में पढ़ाई जारी रखने की अनुमति दी जाती है।

न्यायमूर्ति शंकर ने कहा कि जेएनवी (जवाहर नवोदय विद्यालय) को इसलिए यह सुनिश्चित करने निर्देश दिया जाता है अब से (पूर्व) निर्णय का अनुपाल किया जाए तथा छात्रों को इस आधार पर जेएनवी में प्रवेश से वंचित नहीं रखा जाए कि वे उस जिले के नहीं हैं जहां जेएनवी स्थित है जिससे प्रत्येक छात्र को मुकदमेबाजी के लिए मजबूर न होना पड़े।

## केंद्र रेवन्ना को वापस लाने में सहयोग के लिए तैयार

कलबुर्गी (कर्नाटक), एजेंसी

- **यौन उत्पीड़न मामले में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी बोले**

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि जनता दल (एस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने की एक प्रक्रिया है और केंद्र उसे देश वापस लाने में सहयोग करने के लिए तैयार है। प्रज्वल कई महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी हैं।

राज्य सरकार पर प्रहार करते हुए जोशी ने सवाल किया कि प्रज्वल के विदेश भागने से पहले उनके खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में क्यों नहीं लिया गया? केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस सरकार पर केंद्र पर दोष मढ़ने और इस मुद्दे पर राजनीति करने का भी आरोप लगाया। जोशी मुख्यमंत्री सिद्धरमैया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दूसरा पत्र लिखकर प्रज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने के लिए त्वरित और आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह करने के सवाल पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। जोशी ने कहा-राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने की एक प्रक्रिया है...अभी तक सिद्धरमैया, (उपमुख्यमंत्री) डीके शिवकुमार और (गृह मंत्री) परमेश्वर ने मेरे सवाल का जवाब नहीं दिया है।

## अभियुक्तों को छुड़ाने के मामले में थानाध्यक्ष निलंबित, दो गिरफ्तार

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले में पुलिस अभिरक्षा से असामाजिक तत्वों द्वारा जबरन चार अभियुक्तों को छुड़ा कर ले जाने के मामले में जहां जाले थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया गया है वहीं, पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि 20 मई 2024 की रात्रि में जाले थाना पर कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा नाजायाज मजमा लगा कर जाले थाना कांड संख्या-103/24 के चार नामजद अभियुक्तों को पुलिस अभिरक्षा से जबरदस्ती छुड़ा लिया गया। मामले के संबंध में 24 नामजद एवं 130-140 अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई।

# भाजपा संविधान बदलने का सपना न देखे : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले पार्टी और देश की जनता ऐसा होने नहीं देगी**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा को देश के संविधान एवं आरक्षण को खत्म करने का सपना देखना छोड़ देना चाहिए क्योंकि उनकी पार्टी और देश के करोड़ों लोग ऐसा नहीं होने देंगे। उन्होंने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के दिलशाद गार्डन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोगों का आह्वान किया कि यह चुनावी संविधान बचाने का चुनाव है।

राहुल गांधी ने यह भी कहा कि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना को खत्म कर दिया जाएगा क्योंकि यह सेना के खिलाफ है। उनका कहना था, अग्निपथ योजना को हम कूड़ेदान में फेंकने वाले हैं क्योंकि यह सेना के खिलाफ है, देशभक्ति के खिलाफ है। एक सैनिक को शहीद का दर्जा मिलेगा, पेंशन मिलेगी, लेकिन अग्निवीर को न शहीद का दर्जा मिलेगा, न ही पेंशन मिलेगी और न ही सामाजिक सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का इंजन बंद कर दिया, लेकिन जब इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी तो गरीबों एवं युवाओं को आर्थिक मदद देकर इस इंजन को फिर से चालू किया जाएगा।

### हरियाणा में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के लिए भाजपा जिम्मेदार : प्रियंका गांधी



**सिरसा (हरियाणा)।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने हरियाणा में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महंगाई के लिए भारतीय जनता पार्टी सरकार की बृहस्पतिवार को आलोचना की। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-पूरे देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी हरियाणा में है जिसकी कीमत यहां के युवाओं को चुकानी पड़ रही है। उन्होंने कहा-जनता बेतहाशा महंगाई, भ्रष्टाचार और भाजपा की अस्थिरता से तंग आ चुकी है और एक बड़ा बदलाव लाने जा रही है। प्रियंका ने कहा-प्रदेश में पार्टी की जबरदस्त लहर है। कांग्रेस राज्य की सभी सीटें भारी अंतर से जीतेगी। प्रियंका ने इससे पहले हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार कुमारी सैलजा के पक्ष में रोड शो का नेतृत्व किया।

**आज का मुकाबला**

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

राजस्थान रॉयल्स

शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण (कोलकाता) | 14 | 20 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 741 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

## सनराइजर्स या रॉयल्स किसे मिलेगा फाइनल का टिकट

चेन्नई, एजेंसी



- हैदराबाद के बल्लेबाजों और राजस्थान के स्पिनरों के बीच होगी कड़ी टक्कर
- फाइनल मुकाबले विजेता टीम को कोलकाता नाइट राइडर्स का करना होगा सामना

सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की टीमें फाइनल में जगह बनाने के लिए शुक्रवार को जब दूसरे क्वालीफायर में आमने-सामने होंगी तो यह आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ पावर हिटर ट्रेविड हेड और अभिषेक शर्मा तथा युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन की चतुर स्पिन जोड़ी के बीच मुकाबला भी होगा।

हेड और अभिषेक की जोड़ी आक्रामक बल्लेबाजी को नए स्तर तक ले गई है और इस जोड़ी को प्रशंसकों से 'ट्रेविषेक' नाम मिला है। हेड ने मौजूदा सत्र में 199.62 के स्ट्राइक रेट से 533 रन बनाए हैं जबकि अभिषेक के नाम पर 207.04 के स्ट्राइक रेट से 470 रन दर्ज हैं। दोनों ने मिलकर अब तक 72 छक्के और 96 चौके मारे हैं। उप्पल या कोटला या वानखेड़े की तुलना में चेपक में खेलना हालांकि बिलकुल अलग होगा क्योंकि यहां गेंद रुककर आती है और आते ही बड़े शॉट खेलना आसान नहीं होता। अपना अधिकतर क्रिकेट इसी मैदान पर खेलने वाले रॉयल्स के ऑफ स्पिनर अश्विन यहां की पिच से अच्छी तरह वाकिफ हैं और टूर्नामेंट के आखिरी चरण में उनकी फॉर्म में सुधार हुआ है। रॉयल्स को उम्मीद होगी कि देश के सर्वश्रेष्ठ लेग स्पिनर चहल के साथ वह हेड, अभिषेक और क्लासेन को जल्दी से जल्दी पवेलियन भेज देंगे जिससे कि वे मैच पर नियंत्रण बना सकें। जहां तक सनराइजर्स की गेंदबाजी की बात है तो एक बार फिर जिम्मेदारी टी नटराजन पर होगी जो इस सत्र में टीम के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं और यहां अपने घरेलू मैदान पर खेलते हुए परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेंगे।

भुवनेश्वर कुमार और पैट कमिंस की अनुभवी जोड़ी को भी कुछ करना होगा क्योंकि पिछले दो मैचों में भुवनेश्वर ने कोई विकेट नहीं लिया। सनराइजर्स की समस्या टीम में दो अच्छे स्पिनरों का नहीं होना भी है। रॉयल्स की बात करें तो आरसीबी खिलाफ ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत टीम ने आखिरकार पांच मैचों से जीत के इंतजार को खत्म कर दिया। बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम ने कुछ सकारात्मक संकेत दिखाए, खासकर यशस्वी ने और वह अगले महीने अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले इस फॉर्म को जारी रखना चाहेंगे।

# टी-20 विश्व कप खिताब की चाह में भारत

## खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी दिग्गजों की नजर, एक दशक पहले फाइनल में पहुंची थी भारतीय टीम

नई दिल्ली, एजेंसी



टी-20 क्रिकेट की लगातार बढ़ती लोकप्रियता के बीच भारत के पास दुनिया की सबसे लुभावनी और सबसे अधिक देखी जाने वाली लीग है। इसके बावजूद भारत की राष्ट्रीय टीम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उस तरह की सफलता हासिल नहीं कर पाई है। रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम जब आगामी टी20 विश्व कप के लिए अमेरिका और कैरेबिया जाएगी तो उसकी नजरें दूसरे खिताब के लंबे इंतजार को खत्म करने पर टिकी होंगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि इंडियन प्रीमियर लीग में पैसे और प्रतिभा की कोई कमी नहीं हैं और यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेरों को आकर्षित करती है।

भारत हालांकि आईपीएल की शुरुआत के बाद से टी20 विश्व कप जीतने में नाकाम रहा है। वर्ष 2007 में दक्षिण अफ्रीका में पहले टी20 विश्व कप का खिताब जीतने के बाद भारत सिर्फ एक बार 2014 में फाइनल में पहुंच पाया और तब उसे श्रीलंका के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा था। खिताब का यह सूखा अन्य प्रारूपों में भी दिखा। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का पिछला खिताब 2013 में इंग्लैंड में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता। इसके अलावा टीम ने 50 ओवर के विश्व कप में पिछला खिताब 2011 में जीता। पिछले साल भारत को इंग्लैंड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा और इसके कुछ महीने बाद घरेलू सरजमीं पर 50 ओवर के विश्व कप के फाइनल में भी टीम ऑस्ट्रेलिया से हार गई। एक अरब 40 करोड़ की जनसंख्या वाले क्रिकेट के दीवाने देश के प्रशंसकों के लिए 50 ओवर में विश्व कप की हार को पचाना आसान नहीं था क्योंकि टीम अपने सभी 10 मैच जीतकर फाइनल में पहुंची थी और जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी। भारत विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ करेगा और नौ जून को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। टीम 12 जून को अमेरिका जबकि 15 जून को कनाडा के खिलाफ खेलेगी।

### भारतीय एकादश में ऋषभ पंत का दावा मजबूत: पार्थिव पटेल

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत के शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की कमी का जिक्र करते हुए विकेटकीपर के लिए ऋषभ पंत का दावा ज्यादा मजबूत बताया। लीजेंड्स इंटरकॉन्टिनेंटल टी20 लीग की घोषणा के लिए यहां पहुंचे पार्थिव ने कहा टीम में विकल्प की कोई कमी नहीं है और ऐसे में टीम में कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल एक साथ खेल सकते हैं। टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के विकेटकीपर की पहली पसंद के बारे में काफी चर्चा हो रही है क्योंकि आईपीएल के मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने शानदार प्रदर्शन किया है। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने इस दौरान 13 मैचों में 446 रन बनाए। उनकी टीम हालांकि प्लेऑफ में पहुंचने में नाकाम रही। पार्थिव ने विकेटकीपर के बारे में पूछे जाने पर कहा भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम देखे तो इसमें कोई शक नहीं कि विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए पंत पहली पसंद होंगे।

**टी-20 विश्व कप 2024 के लिए चुने गए मैदान**

| मैदान | शहर |
|---|---|
| सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम | नॉर्थ साउंड, एंटीगा और बारबुडा |
| केंसिंग्टन ओवल | ब्रिजटाउन, बारबाडोस |
| प्रोविडेंस स्टेडियम | प्रोविडेंस, गयाना |
| डैरेन सैमी स्टेडियम | ग्रोस आइलेट, सेंट लूसिया |
| अर्नोस व्हेल स्टेडियम | किंग्सटाउन, सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइंस |
| ब्रायन लारा क्रिकेट स्टेडियम | सैन फर्नांडो, त्रिनिदाद एंड टोबैगो |
| सेंट्रल ब्रोवर्ड पार्क लॉडरहिल | फ्लोरिडा, अमेरिका |
| ग्रैंड प्रीरी स्टेडियम | डलास (टेक्सास), अमेरिका |
| नासाउ काउंटी इंटरनेशनल | लॉन्ग आइलैंड (न्यूयॉर्क), अमेरिका |

**विश्व विजेता**

| | |
|---|---|
| 2007 | भारत |
| 2009 | पाकिस्तान |
| 2010 | इंग्लैंड |
| 2012 | वेस्ट इंडीज |
| 2014 | श्रीलंका |
| 2016 | वेस्टइंडीज |
| 2021 | ऑस्ट्रेलिया |
| 2022 | इंग्लैंड |

**टी-20 विश्व कप में अब तक के सबसे बड़े रिकॉर्ड**

| | |
|---|---|
| सर्वाधिक रन | विराट कोहली (भारत) 27 मैचों में 1,141 रन। |
| टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन | विराट कोहली (भारत) ने 2014 विश्व कप में 319 रन बनाए थे। |
| सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर | ब्रेंडन मैकुलम (न्यूजीलैंड) 2012 में बांग्लादेश के खिलाफ 123 रन। |
| सर्वाधिक शतक | क्रिस गेल (वेस्टइंडीज) ने 2007 और 2016 में 2-2 शतक बनाए। |
| सर्वाधिक विकेट | शाकिब अल हसन (बांग्लादेश) 36 मैचों में 47 विकेट। |
| टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट | वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका) 2021 विश्व कप में 16 विकेट। |
| सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े | अजंता मेंडिस (श्रीलंका) 2012 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 8 रन देकर 6 विकेट। |
| सर्वाधिक शिकार | महेंद्र सिंह धोनी (भारत) 33 मैचों में 32 शिकार। |
| सर्वाधिक कैच (फील्डर) | एबी डिविलियर्स (दक्षिण अफ्रीका) 30 मैचों में 23 कैच। |
| उच्चतम स्कोर | श्रीलंका ने 2007 में केन्या के खिलाफ 6 विकेट पर 260 रन बनाए। |
| न्यूनतम स्कोर | नीदरलैंड्स की टीम 2014 में श्रीलंका के खिलाफ 39 रन पर ऑलआउट। |

## खेल डायरी

### क्वालीफायर में भारत को मिल सकता है कोटा: कुट्टप्पा

**नई दिल्ली।** मुक्केबाजी कोच सीए कुट्टप्पा का मानना है कि 25 मई से बैंकॉक में शुरू होने वाले अंतिम पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर टूर्नामेंट में भारत कम से कम चार से पांच और कोटा स्थान हासिल कर सकता है। कुट्टप्पा ने बताया थाईलैंड क्वालीफायर से, हमें निश्चित रूप से 4-5 कोटा स्थान हासिल करने की उम्मीद है और हम सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद कर रहे हैं। इस बार हमारे पास निश्चित मौका है। उन्होंने कहा प्रत्येक मुक्केबाज को 2-3 स्पैरिंग सत्र मिले और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। हम बहुत सकारात्मक हैं। प्रशिक्षण शिविर में कुल 13 देशों ने भाग लिया। अमेरिका, ब्रिटेन, रूस आदि के मुक्केबाजों के साथ स्पैरिंग सत्र ने हमारे मुक्केबाजों को बहुत कुछ दिया इस विश्वास के साथ कि उन्हें पेरिस में बड़े मंच पर चुनौती दी जा सकती है।

### प्रीतिस्मिता ने रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण पदक

**लीमा (पेरू)।** भारतीय भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता भोई ने यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैंपियनशिप में महिला 40 किग्रा वर्ग में युवा क्लीन एवं जर्क विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। पंद्रह साल की प्रीतिस्मिता ने 75 किग्रा के पिछले रिकॉर्ड में बुधवार को यहां एक किग्रा का सुधार किया। उन्होंने प्रतियोगिता के पहले दिन स्नैच में भी 57 किग्रा के वजन से कुल 133 किग्रा वजन उठाया और कुल भार के विश्व रिकॉर्ड की दो किग्रा से बराबरी करने से चूक गईं। ज्योशना साबर ने कुल 125 किग्रा वजन उठाकर रजत जीता। तुर्की की फातमा कोलकैक कुल 120 किग्रा उठाकर कांस्य जीतने में सफल रहीं। भारत के दो अन्य भारोत्तोलकों ने भी पहले दिन पदक मंच पर जगह बनाई।

### फ्रेंच ओपन से हटीं टेनिस की दिग्गज जेसिका पेगुला

**पेरिस।** दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी जेसिका पेगुला फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गई हैं क्योंकि वह इस क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह फिट नहीं हैं। अमेरिका की जेसिका दो साल पहले रोलां गैरो पर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। फ्रेंच ओपन रविवार को शुरू होगा। जेसिका को इसी सत्र में गर्दन में चोट लगी थी। जेसिका ने इंस्टाग्राम पर लिखा मैंने सामान्य अभ्यास शुरू किया है लेकिन उबरने और खेल में वापसी को लेकर बेहद सुरक्षित रुख अपना रही हूं। अगर मुझे पांच से सात दिन और मिलते तो मैं शत प्रतिशत खेलती। निश्चित तौर पर मैं ग्रास कोर्ट पर पूर्ण सत्र और गर्मियों के बाकी सत्र के लिए वापसी करूंगी।

### फ्रेंच ओपन: पहले दौर में नडाल का मुकाबला ज्वेरेव से

**पेरिस।** राफेल नडाल ने फ्रेंच ओपन में खेलने का फैसला कर लिया है और गुरुवार को जारी ड्रॉ के मुताबिक 14 बार के चैंपियन खिलाड़ी के सामने पहले दौर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव की मुश्किल चुनौती होगी। टूर्नामेंट की निदेशक एमेली मौरेस्मो ने कहा नडाल के साथ कुछ भी संभव है। वह इस बात को लेकर असमंजस में थे कि दो सत्रों से चोट के कारण प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव के बाद रोलां गैरों में प्रतिस्पर्धा करेंगे या नहीं। कूल्हे की सर्जरी के कारण वह पिछले साल फ्रेंच ओपन में नहीं खेल पाए थे। इस महीने इटैलियन ओपन में हार के बाद नडाल ने कहा कि उन्हें इस बारे में सोचने की जरूरत है कि पेरिस में खेलना है या नहीं। उन्होंने हालांकि लाल बजरी पर अभ्यास जारी रखा था और उनका नाम आधिकारिक तौर पर ब्रैकेट में था। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज ज्वेरेव के खिलाफ उन्होंने 2022 में फ्रेंच ओपन का सेमीफाइनल खेला था। ज्वेरेव उस मैच में टखने में चोट के कारण बीच में हट गए थे।

### भारत की महिला-पुरुष जूनियर हॉकी टीमें हारीं

**ब्रेडा (नीदरलैंड)।** भारत की पुरुष और महिला जूनियर हॉकी टीमों को बुधवार को यूरोप के मौजूदा दौरे पर बेल्जियम की टीमों के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। भारत की दोनों जूनियर टीमों को बेल्जियम की टीमों के खिलाफ 2-3 के समान अंतर से हार मिली। महिला टीम के लिए दोनों गोल बिनिमा धान (49वें और 58वें मिनट) ने किए जबकि पुरुष टीम के लिए दोनों गोल कप्तान रोहित (44वें और 57वें मिनट) ने दागे। महिला टीम अगला मैच 24 मई को एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी जबकि पुरुष टीम को गुरुवार को ही ब्रेडा में ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश से भिड़ना है।

### भारत के अभय और सेंथिलकुमार जीते

**दोहा।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार और एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने बुधवार को यहां 53500 डॉलर इनामी प्रतिष्ठित क्यूएसएफ 3 स्क्वाश प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। यह टूर्नामेंट पीएसए विश्व टूर की ब्रॉन्ज स्तर की प्रतियोगिता है। सेंथिलकुमार ने पहले दौर में स्थानीय दावेदार यूसेफ एसाम फराग को हराया जबकि अभय ने पाकिस्तान के मोहम्मद आसिम खान को शिकस्त दी। सेंथिलकुमार अगले दौर में मिस्र के सातवें वरीय ओमान मोसाद से भिड़ेंगे जबकि अभय फ्रांस के छठे वरीय अगस्ते डुसोर्ड के खिलाफ खेलेंगे।

## क्वार्टर फाइनल में पहुंचे नोवाक



**जिनेवा।** नोवाक जोकोविच ने अपने 37वें जन्मदिन का जश्न गैर वरीय यानिक हैंफमैन को सीधे सेटों में हराकर जिनेवा ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर मनाया। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के जोकोविच ने हैंफमैन को 6-3, 6-3 से हराया जो एटीपी टूर्नामेंटों में उनकी 1100 वीं जीत है। जोकोविच दूसरे सेट में एक समय 0-3 से पिछड़ रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह गेम जीतकर सेट और मैच अपने नाम किया। हैंफमैन ने पहले दौर में एंडी मरे को 7-5, 6-2 से हराया था। सत्र के पहले खिताब की तलाश में जुटे जोकोविच अगले दौर में डेनिस शापोवालोव और टैलोन ग्रीक्सपूअर के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। जिनेवा ओपन का फाइनल शनिवार को होगा जबकि इसके एक दिन बाद रोलां गैरो पर मुख्य ड्रॉ के मुकाबले शुरू होंगे जहां जोकोविच गत चैंपियन हैं।

## मैच फिक्सिंग मामले में एलपीएल फ्रेंचाइजी को रद करने का फैसला बदला

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट ने दांबुला थंडर्स फ्रेंचाइजी के मालिक तमीम रहमान की मैच फिक्सिंग के संदेह में गिरफ्तारी के कारण फ्रेंचाइजी को समाप्त करने की घोषणा के एक दिन बाद अपने फैसले से पलटते हुए कहा कि उसकी टी20 लीग मैचों की तय कार्यक्रम के मुताबिक आगे बढ़ेगी और इसमें सभी पांच टीमें शामिल होंगी। एसएलसी ने घोषणा की कि फ्रेंचाइजी का एक नया मालिक होगा और टूर्नामेंट एक से 21 जुलाई तक योजना के अनुसार आयोजित किया जाएगा। लंका प्रीमियर लीग का पांचवां सत्र अपनी तय योजना और पांच टीमों के मैचों के तय कार्यक्रम के मुताबिक जारी रहेगा। सभी खिलाड़ियों, प्रशंसकों और हितधारकों को आश्वस्त करते हैं कि लीग की अखंडता और क्रिकेट की भावना पूरे टूर्नामेंट के दौरान संरक्षित रहेगी। बांग्लादेशी मूल के ब्रिटिश नागरिक रहमान को अदालत के आदेश के बाद शहर के भंडारनायके अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था।

## पाकिस्तान में प्रतिभा दिखाएगी चित्रकूट की उन्नति

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट



- हन्ना बिनैका गांव की बेटी है होनहार स्क्वैश खिलाड़ी

**अमृत विचार।** चित्रकूट जिले के गांव हन्ना बिनैका की उन्नति त्रिपाठी 25 जून से पाकिस्तान में होने वाली 31 वीं एशियाई इंडिविजुअल स्क्वैश चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्नति की इस उपलब्धि से उसके गांव ही नहीं बल्कि जिले में खुशी का माहौल है। इसके अलावा उसे यूएसए के ह्यूस्टन में होने वाली विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में भी खेलने का मौका मिलेगा। यह प्रतियोगिता 12 जुलाई से होगी।

इस्लामाबाद में 25 जून से एशियाई खिलाड़ियों की स्क्वैश प्रतियोगिता होगी। इसमें भाग लेने के लिए देश भर से जिन प्रतिभाओं का चयन किया गया है, उसमें उन्नति भी हैं। उन्नति ने दो से छह मई तक के ट्रायल में हिस्सा लिया था और उसमें अव्वल रहने के बाद उनको पाकिस्तान जाने का अवसर मिला। उन्नति की देश में स्क्वैश की अंडर 17 कैटेगरी में छठवीं रैंक है। उन्नति के पिता हरिओम त्रिपाठी भारतीय स्क्वैश टीम के वर्ष 2000 से 2015 तक कोच रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि उन्नति पाकिस्तान में अंडर 17 कैटेगरी में चौथे रैंक पर खेलेंगी। उन्नति के भाई अंश भी स्क्वैश के माहिर खिलाड़ी हैं। भाई-बहन छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। 16 वर्षीया उन्नति मुंबई में इंडियन जूनियर ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप में अंडर-17 वर्ग में बालिकाओं का खिताब जीत चुकी हैं।

### 6 साल की उम्र से शुरू किया स्क्वैश खेलना

पिता हरिओम खुद भी राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे हैं। वह चेन्नई की एकेडमी में प्रशिक्षण दिया करते थे। वह बताते हैं कि उन्नति ने महज छह साल की उम्र में स्क्वैश खेलना शुरू कर दिया था। जब वह देहरादून की एक खेल संबंधी कोचिंग से संबद्ध हुए तो उन्नति भी वहीं पढ़ने और उनसे खेल का गुर सीखने लगी।

**मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चालिहा ने किया उलटफेर**

## सिंधू ने यू जिन को हराया, अशिमता जीतीं

कुआलालंपुर, एजेंसी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने गुरुवार को यहां कड़े मुकाबले में कोरिया की सिम यू जिन को हराया लेकिन दिन का आकर्षण अश्मिता चालिहा रहीं जिन्होंने दूसरे दौर में तीसरी वरीय बेइवेन झंग को हराकर उलटफेर करते हुए मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने कोरिया की दुनिया की 34वें नंबर की खिलाड़ी यू जिन को महिला एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में 59 मिनट में 21-13 12-21 21-14 से हराया। यू जिन के खिलाफ सिंधू की यह तीसरी जीत है। पांचवीं वरीय सिंधू अगले दौर में शीर्ष वरीय हेन युई से भिड़ेंगी। चीन की इस खिलाड़ी ने पिछले महीने निंग्बो में एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिंधू को हराया था। भारतीय खिलाड़ी ने हेन युई के खिलाफ छह में से पांच मुकाबले जीते हैं। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी अश्मिता ने इसके बाद दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी झंग को तीन गेम में 21-19 16-21 21-12 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अश्मिता ने दूसरी बार किसी सुपर 500 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। अश्मिता पिछले कुछ समय से अच्छी लय में हैं। उन्होंने उबेर कप में कनाडा की मिशेल ली को हराया जबकि जापान की अया ओहोरी और पिछले हफ्ते चीन की हेन युई को हराने के करीब पहुंची। भारतीय खिलाड़ी हालांकि वापसी करते हुए ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाने में सफल रही और फिर लगातार सात अंक के साथ पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में कड़ी टक्कर मिली।

### ओलंपिक से पहले लक्ष्य सेन फ्रांस में और पीवी सिंधु जर्मनी में लेंगी प्रशिक्षण



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए दिग्गज भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन फ्रांस में और पीवी सिंधु जर्मनी में प्रशिक्षण लेगी। आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार युवा मामले और खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) के तहत पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों की तैयारी के लिए फ्रांस के मार्सिले में 12 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के लिए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को वित्तीय सहायता के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। लक्ष्य सेन आठ से 21 जुलाई तक अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ द हाले डेस स्पोर्ट्स पार्सेमेन में प्रशिक्षण लेंगे। इसके साथ ही ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु के हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्ट्सचूले में प्रशिक्षण के लिए सारब्रुकन, जर्मनी जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

## अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल को कार्तिक ने कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** महेंद्र सिंह धोनी के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का अंतर्राष्ट्रीय करियर भले ही परवान नहीं चढ़ा हो लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से इस खेल के प्रशंसकों के दिलों पर राज किया।

आईपीएल में आरसीबी का प्रतिनिधित्व करने वाले कार्तिक ने बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलिमिनेटर मैच में हार के बाद अंतर्राष्ट्रीय और आईपीएल करियर को अलविदा कह दिया। 20 साल के अंतर्राष्ट्रीय करियर में कई बार टीम से अंदर-बाहर होने वाले कार्तिक ने भारत के लिए 26 टेस्ट, 94 एकदिवसीय और 60 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। पिछले कुछ समय से कमेंटेटर की भूमिका निभाने वाले कार्तिक ने 38 साल की उम्र में भी विकेट के पीछे अपनी फिटनेस और बल्ले से चतुराई भरे शॉट खेल कर खुद को आज के दौर में भी प्रासंगिक बनाए रखा।

## बॉलीवुड हलचल

### वेलकम टू द जंगल के मुंबई शेडयूल की शूटिंग पूरी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म वेलकम टू द जंगल के मुंबई शेडयूल की शूटिंग पूरी हो गयी है। अक्षय कुमार स्टार वेलकम टू द जंगल इन दिनों काफी सुर्खियों में है। इसके लिए मेकर्स ने लगभग दस एकड़ की जगह पर सेट लगाया गया। उसके लिए फिल्म के निर्माताओं ने लगभग 200 घोड़े, घुड़सवारों के साथ मंगवाए थे। इसके अलावा एक डांस सीक्वेंस भी शूट हुआ है, जिसमें कलाकारों के साथ ही 500 बैकग्राउंड डांसर्स भी शामिल थे। पूरा मुंबई शेड्यूल लगभग 40 दिनों का रहा। फिल्म वेलकम टू द जंगल में 20 सेलेब्स एक साथ नजर आएंगे। अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, रवीना टंडन, आफताब शिवदसानी, अरशद वारसी, लारा दत्ता, दिशा, परेश रावल, जॉनी लीवर, राजपाल, तुषार कपूर, कृष्णा सहित करीब 20 कलाकार हैं। फिरोज नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं और निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं।



### भूल भुलैया 3 में काम करेंगे विजय राज



**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता विजय राज, फिल्म भूल भुलैया 3 में काम करते नजर आ सकते हैं। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। कुछ दिनों पहले माधुरी दीक्षित के फिल्म की स्टार कास्ट को ज्वाइन करने की खबर आई थी। इसी कड़ी में विजय राज का नाम भी सामने आया है। कहा जा रहा है कि विजय राज भूल भुलैया 3 का हिस्सा होंगे। वह अहम और मजेदार रोल में सिल्वर स्क्रीन पर नजर आएंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 (**नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा**)।

# भारत में जन्मी जया बडिगा अमेरिकी कोर्ट में बनी जज

- कैलिफोर्निया में सैक्रामेंटो काउंटी की उच्च अदालत में देंगी सेवाएं
- 2022 से उच्च अदालत में आयुक्त के रूप में कार्य कर चुकी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

भारतीय-अमेरिकी वकील जया बडिगा को कैलिफोर्निया में सैक्रामेंटो काउंटी की उच्च अदालत में न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसोम ने बडिगा की नियुक्ति की। इससे पहले वह 2022 से सैक्रामेंटो काउंटी की उच्च अदालत में आयुक्त के रूप में कार्य कर चुकी हैं। आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में जन्मी बडिगा न्यायाधीश रॉबर्ट एस. लाफम की जगह लेंगी।

डेमोक्रेटिक पार्टी की सदस्य बडिगा ने 2020 में कैलिफोर्निया स्वास्थ्य देखभाल सेवा विभाग में और 2018 में कैलिफोर्निया गवर्नर के आपातकालीन सेवा कार्यालय में एक वकील के रूप में भी काम किया। सैक्रामेंटो कंट्री पब्लिक लॉ लाइब्रेरी के अनुसार, बडिगा एक प्रमाणित पारिवारिक कानून विशेषज्ञ हैं और उन्होंने दस वर्ष से अधिक



समय तक पारिवारिक कानून से संबंधित काम किया है।

**राज सिंह बधेशा फ्रेस्नो काउंटी में नियुक्त :** इस बीच, गवर्नर ने फ्रेस्नो काउंटी के राज सिंह बधेशा को फ्रेस्नो काउंटी की उच्च अदालत में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया। बधेशा न्यायाधीश जॉन एन. कपेटन का स्थान लेंगे जो सेवानिवृत्त हो गए हैं।

# दिल्ली के लेडी श्री राम हंसराज व अन्य कॉलेजों को उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित लेडी श्रीराम कॉलेज, हंसराज कॉलेज और रामजस कॉलेज सहित एक दर्जन से अधिक कॉलेजों को बृहस्पतिवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, लेकिन गहन तलाशी के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

एक दिन पहले, इसी तरह का एक ई-मेल नॉर्थ ब्लॉक को भेजा गया था, जिसमें उसे बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि शाम चार बजकर 38 मिनट पर लेडी श्रीराम कॉलेज में बम होने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियों को सेवा में लगाया गया। इसके कुछ देर बाद अन्य कॉलेजों को भी ऐसे ही धमकी भरे ई-मेल मिले। स्थानीय पुलिस, एक बम निरोधक दस्ता, श्वान दस्ते से लैस बम का पता लगाने वाली एक टीम लेडी श्रीराम कॉलेज पहुंची और तलाशी ली, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

# प्ले स्टोर की फर्जी ऐप से सावधान बैंक अकाउंट हो सकता है खाली

आज के मॉडर्न समय में स्मार्ट फोन और उस फोन में मौजूद ढेरों ऐप्स हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन गए हैं। ये ऐप्स हमारा मनोरंजन तो करते हैं, साथ ही हमें जरूरी सेवाएं भी देते हैं। अब तक हमें लगता था कि प्ले स्टोर में मौजूद ऐप्स तो सुरक्षित हैं। हम किसी भी ऐप को आंख मूंदकर डाउनलोड कर लेते थे। लेकिन सावधान, ठगों और क्रिमिनलों की नजर से अब प्ले स्टोर भी अछूता नहीं है। साइबर क्रिमिनल कुछ ऐसे नकली ऐप बना रहे हैं, जिन्हें इंस्टॉल करने के बाद आपकी पर्सनल जानकारी लीक हो सकती है या फिर आपका बैंक अकाउंट खाली हो सकता है। इसी को लेकर भारत सरकार के सिक्योरिटी पोर्टल 'साइबर दोस्त' ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने एक इमेज शेयर करते हुए बताया है कि गूगल प्ले स्टोर पर यूनियन-रिवार्ड.एपीके नाम से एक ऐप मौजूद है। ये ऐप देखने में यूनियन बैंक के असली ऐप जैसा लगता है, लेकिन यह एक फेक एंड्रॉयड ऐप है। इससे पहले भी साइबर दोस्त फेक लोन ऐप्स और फेक स्टॉक ट्रेडिंग ऐप से अलर्ट रहने की चेतावनी दे चुका है। इसलिए आज जरूरत की खबर में बात फेक ऐप्स की।




### असली व नकली ऐप्स को इस तरह पहचाने

आमतौर पर जब हमें कोई भी ऐप डाउनलोड करना होता है तो हम गूगल के प्ले स्टोर या एपल के एप स्टोर पर जाकर उसे डाउनलोड करते हैं। इन ऐप स्टोर्स पर कई ऐसे फर्जी ऐप भी मौजूद हैं, जो यूजर्स की निजी जानकारी चोरी करने से लेकर बैंक अकाउंट को खाली कर सकते हैं। साइबर क्रिमिनल नकली ऐप्स की डिजाइनिंग बेहद सफाई से करते हैं, जिससे आम लोगों के लिए अंतर कर पाना मुश्किल होता है।

### नकली ऐप्स के इंटरफेस असली जैसे होते हैं

नकली मोबाइल ऐप्स ऐसे एप्लिकेशन होते हैं, जो वैलिड ऐप्स के लुक और अंदर के इंटरफेस से काफी मिलते-जुलते होते हैं। जिससे आसानी से यूजर्स को इंस्टॉल करने के लिए धोखा दिया जा सके। इन्हें इतने सलीके से बनाया जाता है कि ज्यादातर यूजर्स के लिए असली और नकली ऐप्स के बीच अंतर कर पाना मुश्किल होता है। ये वैलिड ऐप स्टोर जैसे ऐपल के ऐप स्टोर या गूगल के प्ले स्टोर पर भी हो सकते हैं। कुछ नकली ऐप्स आपके कैमरे को कंट्रोल करने की परमिशन मांगते हैं।

### मोबाइल बैंकिंग सुरक्षित पर सावधानी जरूरी

साइबर एक्सपर्ट ईशान सिन्हा बताते हैं कि मोबाइल बैंकिंग पूरी तरह सुरक्षित है, क्योंकि बैंक बेहद सेफ और हाई इन्क्रिप्शन टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हैं। बस कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है। जैसे- मोबाइल बैंकिंग ऐप डाउनलोड करने की सबसे सुरक्षित जगह आपके बैंक की वेबसाइट है। आपके मोबाइल बैंकिंग ऐप को सुरक्षित रखने के लिए पासवर्ड नींव की तरह होता है। इसलिए स्ट्रॉन्ग पासवर्ड जरूर बनाएं। बैंकिंग ऐप्स के इन-ऐप फिंगरप्रिंट डिवाइस का प्रयोग करें।

### फर्जी ऐप्स से फोन को बचाएं

अगर आपने पहले ही कोई संदिग्ध ऐप इंस्टॉल कर लिया है, जिसकी वजह से आपकी डिवाइस स्लो हो गई है या अनचाहे विज्ञापन आ रहे हैं तो ऐसे ऐप्स को तुरंत अनइंस्टॉल कर दें। इसके अलावा अगर आपको स्मार्टफोन के किसी ऐप के संदिग्ध होने की आशंका है तो इन स्टेप्स को फॉलो करें। जैसेकि- अपने फोन या टेबलेट को रीस्टार्ट करें। एक अच्छा एंटीवायरस इंस्टॉल करें।

## एक नजर

### रामास्वामी ने जॉर्जिया में डेमोक्रेटिक प्राइमरी जीती

**वाशिंगटन।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य सीनेट के चुनाव में उम्मीदवारी हासिल करने की कोशिश कर रहे भारतीय-अमेरिकी अश्विन रामास्वामी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की राज्य प्राइमरी जीत ली है। हालांकि, भारतीय-अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल की बहन सुशीला जयपाल को ओरेगन राज्य से कांग्रेस चुनाव लड़ने के लिए आवश्यक प्राइमरी चुनाव हार गई हैं। रामास्वामी (23) ने कहा नवंबर में मैं रिपब्लिकन सीनेटर शॉन स्टिल का सामना करूंगा-जिन पर डोनाल्ड ट्रम्प के साथ 2020 में फर्जी मतदाता होने का आरोप लगाया गया था।

### ब्रुनेई की जेलों में बंद पांच लोगों में एक भारतीय

**बंदर सेरी बेगवान।** ब्रुनेई की जेल में बंद पांच विदेशियों में एक भारतीय वरिष्ठ नागरिक शामिल है जिन्हें आव्रजन उल्लंघन के लिए कैद और जुर्माना लगाया गया है। यह जानकारी ब्रुनेई के आव्रजन एवं राष्ट्रीय पंजीकरण विभाग (आईएनआरडी) ने दी। आईएनआरडी के अनुसार 60 वर्षीय भारतीय नागरिक को देश में समय से ज्यादा रुकने के लिए छह महीने जेल की सजा सुनाई गई थी। इसके अलावा एक 64 वर्षीय फिलिपिनो को ज्यादा समय तक रुकने पर नौ महीने की जेल की सजा सुनाई गई और कोड़े मारने के बदले में 800 ब्रुनेई डॉलर (590 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया गया।

### ऋषि सुनक व विपक्षी दल चुनाव प्रचार में जुटे

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक तथा विपक्षी नेता बृहस्पतिवार से चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। सुनक ने देश में महज छह सप्ताह बाद चार जुलाई को आम चुनाव कराने की घोषणा एक दिन पहले ही की थी। भारतीय मूल के नेता सुनक (44) ने बुधवार शाम बारिश के बीच 10 डाउनिंग स्ट्रीट की सीढ़ियों से अपने भाषण से देश के राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी। प्रधानमंत्री ने चुनाव के लिए स्पष्ट योजना, साहसिक कदम, सुरक्षित भविष्य का नारा दिया है। उन्होंने पूर्वी लंदन में एक प्रचार कार्यक्रम की शुरुआत की।

### गुप्त सूचनाएं लीक करने वाला पाकिस्तानी एजेंट गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात एटीएस ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी गुप्त सूचनाएं पाकिस्तानी एजेंट को देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एटीएस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि खुफिया सूचना मिली थी कि पोरबंदर तट पर मछली पकड़ने का व्यवसाय करने वाले पोरबंदर, सुभाष नागर निवासी जतीन जीतेन्द्र चारणिया (21) पिछले चार महीनों से अद्विका प्रिंस नामके पाकिस्तानी एजेंट के संपर्क में है, जो भारतीय तटरक्षक की जेटी और उसके जहाजों के बारे में जानकारी फेसबुक मेसेंजर, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे चैट एप्लिकेशन के माध्यम से पाकिस्तान के एजेंट को भेजता है और बदले में पैसे प्राप्त करता है।

### महाराष्ट्र में एसडीआरएफ के तीन जवान डूबे

**पुणे।** महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में बृहस्पतिवार सुबह एक नाव के नदी में पलट जाने के बाद राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के एक सब-इंस्पेक्टर और दो कांस्टेबल डूब गये। यह घटना अकोले तहसील के सुगाव गांव के पास सुबह करीब 7 बजकर 45 मिनट पर एक युवक की तलाश के दौरान हुई, जो बुधवार को एक अन्य व्यक्ति के साथ प्रवरा नदी में डूब गया था। तलाशी दल में एसडीआरएफ के चार कर्मी और एक नागरिक शामिल था। अहमदनगर के पुलिस अधीक्षक राकेश ओला ने कहा कल दो युवक नदी में डूब गए।

# पश्चिम बंगाल व बांग्लादेश के तटों से टकराएगा भीषण चक्रवात रेमल


## रविवार को 102 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है हवा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बंगाल की खाड़ी में उठने वाला भीषण चक्रवाती तूफान रेमल पश्चिम बंगाल और उससे सटे बांग्लादेश के तट से टकराएगा। बंगाल की खाड़ी के ऊपर दबाव तेज होता जा रहा है, जिस कारण रविवार को 102 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस मॉनसून पूर्व मौसम में बंगाल की खाड़ी में यह पहला चक्रवात है।

हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवात के नामकरण प्रणाली के अनुसार इस तूफान का नाम रेमल रखा गया है। भारत मौसम विभाग की वैज्ञानिक मोनिका शर्मा ने बताया यह प्रणाली शुक्रवार की सुबह तक मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक दबाव क्षेत्र में केंद्रित हो जाएगा। यह शनिवार की सुबह एक चक्रवाती तूफान में बदल जाएगा और इसमें तेजी आयेगी। इसके बाद रविवार शाम तक यह एक गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में बांग्लादेश और निकटवर्ती पश्चिम बंगाल तट पर पहुंचेगा। आईएमडी के मुताबिक, रविवार को चक्रवात के कारण 102 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

मौसम कार्यालय ने 26-27 मई को पश्चिम बंगाल, उत्तरी ओडिशा, मिजोरम, त्रिपुरा और दक्षिण मणिपुर के तटीय जिलों में बहुत भारी वर्षा की चेतावनी दी है। समुद्र में मछली पकड़ने गए मछुआरों को तट पर लौटने तथा 27 मई तक बंगाल की खाड़ी में न जाने की सलाह दी गई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि समुद्र की सतह के गर्म तापमान के कारण चक्रवाती तूफान तेजी से अपनी गति बढ़ा रहे हैं और लंबे समय तक अपनी शक्ति बरकरार रख रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप महासागर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से अधिकांश अतिरिक्त गर्मी को अवशोषित कर रहे हैं।



चक्रवात की प्रतीकात्मक फोटो।

### बंगाल और अरब सागर बहुत गर्म

वैज्ञानिक राजीवन ने कहा बंगाल की खाड़ी और अरब सागर इस समय बहुत गर्म हैं, इसलिए उष्णकटिबंधीय चक्रवात आसानी से बन सकता है। उन्होंने कहा कि यह चक्रवात न केवल समुद्र द्वारा नियंत्रित होते हैं, बल्कि इसमें वायुमंडल भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### पिछले 30 वर्षों में समुद्र की सतह का तापमान सबसे अधिक दर्ज

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 30 वर्षों में समुद्र की सतह का तापमान सबसे अधिक दर्ज किया गया है। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डीएस पई के अनुसार, समुद्र की सतह के गर्म तापमान का मतलब अधिक नमी है, जो चक्रवातों की तीव्रता के लिए अनुकूल है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव माधवन राजीवन ने कहा कि कम दबाव प्रणाली को चक्रवात में बदलने के लिए समुद्र की सतह का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और उससे अधिक होना आवश्यक है। बंगाल की खाड़ी में सतह का तापमान फिलहाल 30 डिग्री सेल्सियस है।

# पन्नू मामले में प्रत्यर्पण के खिलाफ निखिल गुप्ता की याचिका खारिज

**लंदन।** चेक की संवैधानिक अदालत ने अमेरिकी सरजमीं पर एक खालिस्तानी चरमपंथी की हत्या की साजिश रचने के मामले में अपने प्रत्यर्पण के खिलाफ भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता की याचिका खारिज कर दी। गुप्ता चेक की राजधानी प्राग की एक जेल में कैद है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने गुप्ता (52) के खिलाफ पिछले वर्ष नवंबर में मुकदमा दाखिल किया था।

गुप्ता पर भारत सरकार के एक कर्मचारी के साथ मिलकर खालिस्तानी अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश रचने का आरोप है। पन्नू अमेरिका में रहता है और उसके पास अमेरिकी और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। गुप्ता को 30 जून 2023 को चेक गणराज्य के प्राग से गिरफ्तार किया गया था और फिलहाल वह जेल में है। अमेरिकी सरकार उसे अमेरिका प्रत्यर्पित कराने की कोशिश कर रही है।



- चेक संवैधानिक अदालत ने की याचिका खारिज

चेक संवैधानिक अदालत ने प्रत्यर्पण के खिलाफ गुप्ता की याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने बुधवार को एक बयान में कहा कि संवैधानिक अदालत को ऐसी किसी परिस्थिति का भान नहीं हुआ, जिसमें प्रत्यर्पण को मंजूर करने से संवैधानिक मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता का किसी भी प्रकार का उल्लंघन होता हो। संवैधानिक अदालत ने कहा कि इसने व्यवस्था दी है कि अधीनस्थ अदालत ने प्रत्यर्पण को रोक सकने वाले सभी पहलुओं पर पूर्ण रूप से विचार किया। इतना ही नहीं इसने इन दलीलों को भी खारिज कर दिया कि यह मामला राजनीतिक था। संवैधानिक अदालत ने कहा चेक अदालत के समक्ष शिकायतकर्ता की याचिका पर सुनवाई यहां समाप्त होती है।

# ताइवान को चारों तरफ से घेरकर चीन का युद्धाभ्यास

- नए राष्ट्रपति की जीत से नाराज ड्रैगन, कहा- इसकी सजा मिलेगी

**बीजिंग/ताइपे, एजेंसी**

ताइवान में तीन दिन पहले चीन विरोधी नेता विलियम लाई चिंग-ते के राष्ट्रपति की शपथ के बाद चीन ने गुरुवार को ताइवान को चारों तरफ से घेरकर दो दिन का युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। ऐसा पहली बार है जब चीन ताइवान के खिलाफ इतने बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास कर रहा है। इससे पहले तक वह सिर्फ ताइवान पर आर्थिक प्रतिबंध लगाता आया है। दरअसल, ताइवान में इस साल जनवरी में हुए राष्ट्रपति चुनाव से पहले चीन ने उम्मीदवार लाई चिंग ते को अलगाववादी कहा था। साथ ही ताइवानियों को चेतावनी दी थी कि अगर वे सैन्य संघर्ष से बचना चाहते हैं, तो सही विकल्प चुनें।

हालांकि, चीन की धमकी के बावजूद ताइवान में चीनी विरोधी नेता लाई चिंग-ते को जीत हासिल हुई। उनकी शपथ के बाद चीनी सेना के प्रवक्ता कर्नल ली शी ने कहा था कि ताइवानियों को इसकी सजा मिलेगी।

शी ने कहा था कि चीन की थल सेना, नौसेना और वायु सेना इस संयुक्त अभ्यास से ताइवान की आजादी को बढ़ावा देने वाले अलगाववादियों को जवाब देंगे। इस अभ्यास में लड़ाकू विमान और नौसेना के कई युद्धपोत शामिल हैं। चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, चीनी सेना के ईस्टर्न थिएटर कमांड ने यह युद्धाभ्यास स्थानीय समयानुसार सुबह 7:45 बजे (भारतीय समय के मुताबिक सुबह 5:15 बजे) शुरू किया। चीन ने इस अभ्यास को जॉइंट स्वॉर्ड-2024ए नाम दिया है।



### ताइवानी राष्ट्रपति बोले-चीन सैन्य अभ्यास रोके

ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने चीन से सैन्य अभ्यास रोकने को कहा है। लाई ने चीन से अपील की है कि वह अपने आक्रोश को रोककर पूरे इलाके में शांति बनाए रखने की कोशिश करे। लाई के मुताबिक जिन द्वीपों के पास अभ्यास चल रहा है वे ताइवान के हैं। वहीं, ताइवानी सेना को भी अलर्ट पर रखा गया है, जिससे पूरे इलाके में शांति बनी रहे। राष्ट्रपति बनने के बाद लाई चिंग-ते ने भी अपने पहले संबोधन में कहा था कि ताइवान स्वतंत्र देश है, जो देश की संप्रभुता बनाए रखने के लिए कुछ भी कर सकता है।

# पुणे कार हादसा : नाबालिग के दादा से पूछताछ

**पुणे, एजेंसी**

पुणे पुलिस पोर्शे कार दुर्घटना मामले में संलिप्त 17 वर्षीय लड़के के दादा से बृहस्पतिवार को पूछताछ कर रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुणे पुलिस की अपराध शाखा के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने किशोर के पिता, स्टाफ सदस्यों और मुंडवा क्षेत्र में शराब परोसने वाले दो बार के मालिक के खिलाफ दर्ज मामले के सिलसिले में लड़के के दादा को पूछताछ के लिए तलब किया था। पुलिस अधिकारी ने कहा नाबालिग के दादा से फिलहाल पुणे पुलिस आयुक्तालय में अपराध शाखा के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। पुणे के कल्याणी नगर में रविवार तड़के पोर्शे कार के नाबालिग चालक ने मोटरसाइकिल से जा रहे दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को कुचल दिया था, जिससे दोनों की मौत हो गयी थी।



### पोर्श कार का अस्थायी पंजीकरण होगा रद

**पुणे।** जिस पोर्श कार की चपेट में आकर दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की मौत हुई थी, उसके अस्थायी पंजीकरण को रद करने की प्रक्रिया आरटीओ ने शुरू कर दी है। पोर्श टायकन कार को अस्थायी पंजीकरण के आधार पर महाराष्ट्र भेजे जाने से पहले मार्च में बेंगलुरु के एक डीलर ने इसका आयात किया था।

### नाबालिग का दादा डॉन का करीबी, मरवाने को दी थी सुपारी

**पुणे।** पुणे में शिवसेना के पूर्व पार्षद अजय भोसले ने कार हादसे के आरोपी नाबालिग के दादा पर अंडरवर्ल्ड के साथ संबंध होने का आरोप लगाया है। अजय ने दावा किया है कि 15 साल पहले छाटा राजन गैंग को उसकी हत्या करने की सुपारी दी थी। वह 2009 में वडगांव शेरी विधानसभा क्षेत्र से शिवसेना के उम्मीदवार थे, उस समय कोरेगांव पार्क क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान उन पर कथित तौर पर गोली चलाई गई थी।

# सिंगापुर में मुस्तफा समूह का बड़े पैमाने पर डेटा लीक

**सिंगापुर।** सिंगापुर के लिटिल इंडिया में शॉपिंग मॉल का संचालन करने सहित कई क्षेत्रों में कारोबार कर रहे मुस्तफा ग्रुप का डेटा बड़े पैमाने पर लीक हो गया है और इस द्विपीय देश की डेटा सुरक्षा एजेंसी पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। चर्चित हैकर मंच ब्रीचफोरम के साइबर हमलावरों ने दावा किया है कि उन्होंने मुस्तफा समूह के ग्राहकों और कर्मचारियों की निजी जानकारी चोरी कर ली है।

हाल के सप्ताह में मंच को बंद कर दिया है। हैकर ने पूर्व में दावा किया था कि उसने कंपनियों द्वारा संभावित अपराधियों की पहचान के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले वैश्विक डेटाबेस से डेटा चोरी की है।

## उत्सव



कोलकाता में बौद्ध भिक्षुओं ने गुरुवार को महाबोधि सोसाइटी में बुद्ध पूर्णिमा (वैशाख पूर्णिमा) के अवसर पर भगवान बुद्ध की पूजा की।


**खगोल विज्ञान** | क्षुद्रग्रहों की विविधता उजागर करती है यह खोज

# वैज्ञानिकों ने खोज निकाले जुड़वां क्षुद्रग्रह

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** खगोल वैज्ञानिकों ने एक जुड़वां क्षुद्रग्रह खोज निकाला है। यह दोनों एक दूसरे से कुछ ही दूरी पर मौजूद रहकर अपने पथ पर सफर करते हैं। इनसे पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। यह खोज क्षुद्रग्रहों की विविधता बताती है।

क्षुद्र ग्रह पृथ्वी के सबसे बड़े दुश्मन माने जाते हैं। इनमें से न जाने कौन कब पृथ्वी से टकरा जाय, इस कारण वैज्ञानिकों की नजर इन पर बनी रहती है। मगर अब जिस क्षुद्रग्रह की खोज हुई है, वह विचित्र है। पहली बार इस तरह की खोज हुई है। यह ट्रोजन क्षुद्रग्रहों के लिए नासा के मिशन लुसी द्वारा खोजा गया हैं। लूसी मिशन अंतरिक्ष में जब डिंकिनेश नामक क्षुद्रग्रह से गुजर रहा था, तो उसे नजर आ गई। पहली नजर में देखने पर यह चंद्रमा प्रतीत हो रहा था। मगर से देखने पर इसकी वास्तविकता आश्चर्यजनक लगी। इसकी जांच पड़ताल करने पर पता चला कि यह दो वस्तुओं से बना है जो गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से भौतिक रूप से एक दूसरे को छूते हैं , लेकिन पूरी तरह से एक दूसरे में विलय नहीं होते हैं। यह खोज अप्रत्याशित थी। कॉर्नेल कोल्बी मेरिल, कोलोराडो विश्वविद्यालय और बर्न विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को इस खोज का श्रेय जाता है। इस क्षुद्रग्रह की प्रकृति को बाइनरी यार्कोव्स्की-ओ''कीफ-रेडज़िएव्स्की-पैडैक प्रभाव कहा जाता है। यह क्षुद्रग्रह लगभग 790 मीटर व्यास का है।



जुड़वां क्षुद्र ग्रह की तस्वीर। ● अमृत विचार

### अभी और भी प्रकृति के हो सकते हैं क्षुद्रग्रह

इस क्षुद्रग्रह के मिलने के बाद वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि विविध प्रकृति के कई अन्य क्षुद्र ग्रह हमारे अपने सौर मंडल में मौजूद हो सकते हैं। आने वाले समय में क्षुद्रग्रहों के अनेक रहस्य खुलेंगे। इसके लिए नई तकनीक इजाद की जा रही हैं।

# ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति रईसी को सुपुर्द-ए-खाक किया

**दुबई।** ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को देश की सबसे पवित्र शिया दरगाह में बृहस्पतिवार को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनकी कुछ दिन पहले हेलीकॉप्टर दुर्घटना में विदेश मंत्री तथा छह अन्य लोगों के साथ मृत्यु हो गई थी। रईसी को मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह के अंदर एक कब्र में दफनाया गया है।

इस दरगाह में शिया समुदाय के आठवें इमाम दफन हैं। साल 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद रईसी पहले शीर्ष सरकारी अधिकारी हैं जिन्हें इस दरगाह में दफनाया गया है। वह पहले दरगाह और उससे जुड़े एक परोपकारी फाउंडेशन का जिम्मा संभाल चुके थे। हेलीकॉप्टर हादसे में 63 वर्षीय रईसी, विदेश मंत्री हुसैन आमिर और छह अन्य की मौत हो गई थी।


# विकासशील देशों पर भारी कर्ज कम करने में मदद करने का आग्रह

- अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने की बैठक

**वाशिंगटन, एजेंसी।**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं से केन्या और अन्य विकासशील देशों को नुकसान पहुंचा रहे भारी कर्ज के बोझ को कम करने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया है।

इस अफ्रीकी देश के किसी नेता द्वारा 15 वर्ष में की गयी यह अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा है। इस कार्रवाई का आह्वान ऐसे समय में किया गया जबकि राष्ट्रपति बाइडन अफ्रीकी देशों से अपनी इस अपील पर जोर दे रहे हैं कि अमेरिका आर्थिक प्रतिद्वंद्वी चीन की तुलना में बेहतर भागीदार हो सकता है। बीजिंग अफ्रीका महाद्वीप में अपना निवेश बढ़ा रहा है। यह काम अक्सर उच्च-ब्याज दर पर ऋण देकर और अन्य कठिन वित्तीय शर्तों के साथ किया जा रहा है। बाइडन और रूटो चाहते हैं कि ऋणदाता देश उन विकासशील देशों के लिए वित्तपोषण बाधाओं को कम करें जो उच्च ऋण बोझ की वजह से लाचार हैं।



केन्या के राष्ट्रपति के साथ जो बाइडन।